रांची
रविवार
16.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जिस तरह से माचिस किसी दूसरी चीज को जलाने से पहले खुद जलती है, उसी प्रकार गुस्सा भी पहले दूसरे को नुकसान पहुंचाने से पहले खुद को हानि पहुंचाता है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-251 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## पंचायतें मजबूत होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आयेगी गति : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचायतों के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा है कि अगर पंचायतें मजबूत होंगी तो गांव, प्रखंड, जिला और राज्य मजबूत होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी गति आयेगी। गांव, पंचायतों को सशक्त करना होगा। उन्होंने रांची में एक प्रेसवार्ता में कहा कि अब जल्दी ही हम



▸▸ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया बल

### भत्ता दिये जाने के बजाय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की हो पहल

**झामुमो** के घोषणा पत्र में शामिल युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने के सवाल पर श्री सोरेन ने कहा कि वे इससे आगे की सोच रहे हैं और वह चाहते हैं कि भत्ता दिये जाने के बजाय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल हो। वे स्वरोजगार या रोजगार में लगें। स्वरोजगार के लिए पांच लाख तक लोन दिये जा रहे हैं। पंचायतों, गांवों में शिविर लगा कर युवाओं को इसके लिये जागरूक किया जा रहा। सरकारी योजनाओं से लाभ उठाने को जागरूक किया जा रहा। बूढ़ा पहाड़ तक के इलाके में अधिकारी इसके लिये जा रहे हैं। झामुमो प्रमुख और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन सहित उनके परिजनों के खिलाफ लोकपाल के यहां चल रहे मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कानूनी मसलों पर कानूनी तरीकों से जवाब दिया जा रहा। केंद्र सरकार असीम ताकत से केंद्रीय एजेंसियों का असीम दुरुपयोग कर रही है। भला कोई मुख्यमंत्री 88 डिसमिल जमीन को लेकर घोटाला करेगा, ऐसा आरोप लगानेवाले को चुल्लू भर पानी में डूब जाना चाहिए। कोई आदिवासी, वंचित समाज से आगे आकर व्यवस्था संभाले, यह विपक्ष के कई नेताओं को नहीं पच रहा। केंद्र के पास रॉयल्टी का तीन हजार करोड़ सहित अन्य मद का बकाया है। इसे राज्य लेकर रहेगा।

पंचायत के जनप्रतिनिधियों संग बैठक कर पंचायतों को सबल किया जायेगा। मानकी, मुंडा, परगनैत की भूमिका सुनिश्चित होने के अलावे पंचायती व्यवस्था दुरुस्त होगी। श्री सोरेन ने राज्य में कुड़मी समुदाय द्वारा एसटी में शामिल किये जाने के मसले पर कहा कि इस पर राजनीतिक लोग राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं। इसमें कोई खास बात नहीं है। राज्य में 1932 के खतियान को लेकर जो चिंतायें हैं, उससे किसी को निराश नहीं होना है और जो भी इस राज्य में रह रहे हैं, यहां के आदिवासी-मूलवासी हैं, उन्हें ध्यान में रखकर ही सरकार आगे बढ़ेगी। 1932 संवेदनशील मुद्दा रहा है और विपक्ष इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास करते रहे हैं। पूर्व की सरकार में तो इसे लेकर लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गये, लेकिन अब जो पहल हुई है उससे लोग होली की तरह खुशियों के रंग में सरोबार हो रहे हैं। सबों ने इसका स्वागत किया है। पिछले दिनों लातेहार में टाना भगत और जिला प्रशासन की टकराहट के मुद्दे पर सीएम ने कहा कि टाना भगतों से उनका बेहद नजदीकी संबंध रहा है और वे ऐसा करनेवाले समूह के नहीं हैं। जो घटना हुई है, उस पर जांच जारी है। इसे गंभीरता से देखा जा रहा है। कुछ लोग ऐसे हैं जो इनके बीच घुस कर पूरे समुदाय को बदनाम करने में लगे हैं।

## मोदी कल पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली में लगभग 11:30 बजे दो दिवसीय कार्यक्रम पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन देशभर के 13,500 से अधिक किसानों और लगभग 1500 कृषि स्टार्ट अप्स को एक मंच पर लायेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से एक करोड़ से अधिक किसानों के वर्चुअली रूप से शामिल होने की उम्मीद है। इस सम्मेलन में शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों की भागीदारी भी होगी। प्रधानमंत्री रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का उद्घाटन करेंगे। इस योजना के तहत देश में उर्वरक की खुदरा दुकानों को चरणबद्ध तरीके से पीएमकेएसके में परिवर्तित किया जायेगा। पीएमकेएसके किसानों की विभिन्न अनेक प्रकार की जरूरतों



▸▸ प्रधानमंत्री 16 हजार करोड़ रुपये की पीएम-किसान निधि जारी करेंगे

को पूरा करेंगे और कृषि-सामग्रियों (उर्वरक, बीज, उपकरणों) मिट्टी, बीज व उर्वरकों के लिए परीक्षण सुविधाएं, किसानों में जागरूकता पैदा करना, विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना और ब्लॉक/जिला स्तर के केंद्रों पर खुदरा विक्रेताओं के लिए नियमित क्षमता निर्माण सुनिश्चित करना जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे। 3.3 लाख से अधिक खुदरा उर्वरक दुकानों को पीएमकेएसके में परिवर्तित करने का प्रस्ताव है। इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना- एक राष्ट्र एक उर्वरक का भी शुभारंभ करेंगे।

इस योजना के तहत, प्रधानमंत्री भारत यूरिया बैग्स लॉन्च करेंगे जो कंपनियों को एकल ब्रांड नाम भारत के तहत उर्वरकों के विपणन में मदद करेगी। किसानों के कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए प्रधानमंत्री इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 16 हजार करोड़ रुपये की 12वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को दो-दो हजार रुपये की तीन समान किस्तों में छह हजार रुपये प्रतिवर्ष का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। अभी तक पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान के योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ प्राप्त हो चुका है।

### सड़क दुर्घटना में जैप के जवान की मौत

**रांची।** झारखंड पुलिस में तैनात आरक्षी राजेश कुमार सिंह की खेलगांव पुल के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। आरक्षी न्यू नगर बांधगाड़ी के रहनेवाले थे। झारखंड सशस्त्र पुलिस-2 टाटीसिलवे (जैप-2) में वह पदस्थापित थे। जानकारी के अनुसार आरक्षी बीते शुक्रवार को शाम चार बजे टाटीसिलवे स्थित मुख्यालय गये थे। रात्री में वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान खेलगांव पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना में गंभीर रूप से वह घायल हो गये। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने उन्हें रिम्स में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गयी। शनिवार को रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने आरक्षी का शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में भाई सुभाषचंद्र सिंह के बयान पर अज्ञात वाहन के खिलाफ खेलगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना की पुलिस ने आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे चार अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को चैनपुर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव के बाजार में चार अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हथियार के साथ घूम रहे हैं। जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस जयनगरा गांव पहुंचकर घटना को अंजाम देने से पहले ही चारों अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल और कुछ जिंदा गोली बरामद की है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किया आदेश

## दीपावली और छठ पर केवल दो घंटे ही फूटेंगे पटाखे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद दीपावली और छठ में होनेवाले वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर है। इसे लेकर उसकी ओर से वायु प्रदूषण (ध्वनि समेत अन्य) को

▸▸ दीपावली, छठ और गुरुपर्व को देखते हुए लिया गया निर्णय

नियंत्रित रखने के संबंध में जरूरी आदेश जारी किये गये हैं। पर्षद के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास ने जारी आदेश में कहा है कि दीपावली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे ही चलाये जा सकेंगे। इसके लिये रात आठ बजे से 10 बजे का समय तय किया गया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर इस वर्ष अच्छा या संतोषजनक श्रेणी में आते हैं। ऐसे में वहां पटाखों की बिक्री की जा सकेगी जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी से कम हो। पटाखे भी मात्र दो ही घंटे जलाये जायेंगे। छठ, क्रिसमस, गुरुपर्व और नववर्ष के मौकों पर भी दो घंटे पटाखे चलाने की अनुमति होगी। पार्षद के मुताबिक पटाखे बेचने और जलाये जाने के मामले



में जारी आदेश का पालन जरूरी है। नहीं मानने पर आईपीसी की धारा 188 एवं वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई संबंधित जिलों के डीसी के स्तर से की जायेगी। पर्षद ने दीपावली की रात 8 से 10 तक पटाखे चलाने को कहा है। साथ ही गुरुपर्व पर भी यही समय सीमा रहेगी। छठ में प्रातः छह से आठ बजे तक तथा क्रिसमस और नववर्ष के दिन मध्य रात्रि 11.55 से मध्य रात्रि 12.30 तक ही इसकी इजाजत रहेगी। इस आदेश का पालन हर हाल में करना होगा।

## मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को जान से मारने की धमकी

### जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू ने दी धमकी, एसपी से शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जेल में बंद अपराधी अमन साहू एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंदी रहते हुए उसने यहां के सुपरिटेंडेंट जितेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दे दी है। धमकी मिलने के बाद सुपरिटेंडेंट द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा से की है। एसपी श्री सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इंक्वायरी शुरू कर दी गयी है। कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि पिछले महीने 17 सितम्बर को कोयलांचल सहित पलामू, लातेहार, चतरा में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर चर्चा में आये अमन साहू को मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। जेल में रहते हुए




अमन साहू ने अपने काले सम्राज्य को बनाये रखने के लिए सुपरिटेंडेंट पर दबाव डाला और सेंट्रल जेल में मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कहा। इस पर मना करने पर अमन साहू ने मोबाइल के अलावा अन्य माध्यमों से सुपरिटेंडेंट को धमकी दिलायी। सुपरिटेंडेंट जितेंद्र कुमार ने बातचीत के दौरान कहा कि मोबाइल के अलावा अन्य डिजिटल माध्यम से धमकी दी गयी है। इस संबंध में लिखित जानकारी जिले के एसपी को दे दी है। कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पर 50 से ज्यादा आपराधिक मामले पलामू के अलावा राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज है। हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के थाना में कोयला व्यवसायी से रंगदारी मांगने का मामला दर्ज ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### गिरिडीह के जेलर पर करवाया था हमला

**अपराधी** अमन साहू ने गिरिडीह जेल में बंदी के दौरान वहां के जेलर और मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में रहे तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार पर हमला करवाया था। जेल से कोर्ट जाने के दौरान उन पर तीन गोली चलायी गयी थी। हालांकि, इस घटना में जेलर प्रमोद कुमार बाल-बाल बचे थे। इस घटना के बाद अमन साहू को गिरिडीह जेल से सिमडेगा जेल भेजने का निर्णय लिया गया था।

## राजा-महाराजा का टाइम गया अब लोकतंत्र का समय : शाह

**शिमला (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में रैली की। हाटी आभार रैली के दौरान अमित शाह ने कहा कि अब राजा-महाराजा का टाइम चला गया है। अब लोकतंत्र का समय है। हिमाचल में जनता की चलेगी। ये डबल इंजन सरकार जो है, इसे हमने देखा है और समझा है और इसके फायदे देखे हैं। शाह बोले- दिन लद गये हरी टोपी और लाल टोपी, ऊपर का हिमाचल और नीचे का हिमाचल, कुछ नहीं है भाई। हरी टोपी भी भाजपा की है और लाल टोपी भी भाजपा की है। ऊपर भी भाजपा है और नीचे भी भाजपा है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातियां का दर्जा देकर मोदी ने लोगों के 55 साल के संघर्ष को एक झटके में समाप्त किया है। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस का काम आग लगाने का है जबकि पीएम नरेंद्र मोदी का काम विकास करने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### शाह ने राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा



**अमित** शाह ने अयोध्या राम मंदिर और जम्मू कश्मीर में धारा 370 का जिक्र करते हुए कहा कि इतने साल बीत गये, लेकिन यह काम कोई नहीं कर पाया। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी तंज कसा। शाह ने कहा कि वे चुपचाप देखते रहते थे लेकिन करते कुछ नहीं थे। अब कोई देश की तरफ देखता है तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है।

## शोपियां में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर की हत्या

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से कश्मीरी पंडित को निशाना बनाया गया। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरन कृष्ण पर दक्षिण कश्मीर जिले के चौधरी गुंड इलाके में उनके आवास के निकट हमला किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जख्मी कृष्ण को शोपियां अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि भट को उस समय गोली मार दी गयी जब वह बाग में थे जो उनके घर से आधे किमी से अधिक दूर है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी करके हमलावरों का पता लगाने के लिए छापेमारी शुरू कर दी। आतंकवादियों ने इस साल 12 से अधिक नागरिकों की लक्षित हत्याएं की हैं जिनमें ज्यादातर गैर स्थानीय, कश्मीरी पंडित और पंचायत सदस्य हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक

## भारतीय सेना पर कोई आंख उठाकर देखेगा तो उसे करारा जवाब मिलेगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के आठों राज्यों को 'अष्टलक्ष्मी' का स्वरूप मानती है, लेकिन आजादी के बाद से लंबे समय तक ये उपेक्षा और विकास के अभाव को झेलते रहे। सिंह ने शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अपने आठ वर्षों के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में शांति स्थापित कर विकास को गति दी है। सरकार की नीतियों के चलते क्षेत्र में हिंसा की घटनाओं में लगभग 80-90 फीसदी की कमी आयी है।



उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति की स्थापना के कारण ही यह संभव हो सका कि आज लगभग 80 फीसदी इलाकों में अफस्पा हटाया जा चुका है। यह तभी संभव हो सका क्योंकि पूर्वोत्तर राज्यों में न केवल शांति आयी बल्कि स्थिरता भी नजर आयी है। हर राज्य को सीधे हवाई संपर्क से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में असम का विकास और भी तेजी से होना सभी के हित में है, क्योंकि असम न केवल नार्थ-ईस्ट इंडिया का गेटवे है, बल्कि भारत के पूर्वी एशियाई देशों के साथ बढ़ रही राजनीतिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि आपमें से कई लोगों को संभवतः इस बात की भी जानकारी होगी कि भारत को थाईलैंड से हाइवे के रास्ते जोड़ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कानून की भाषा सरल हो, ताकि आम आदमी को इससे डर न लगे : पीएम

### बोले मोदी- गुलामी के समय से चले आ रहे डेढ़ हजार से ज्यादा कानूनों को रद्द किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे समाज को अप्रचलित सामाजिक कानूनों से मुक्ति मिल गयी क्योंकि हम जानते हैं कि अगर वे रूढ़िवादी बन जाते तो उन्नति में बाधक साबित होते। उन्होंने कहा कि आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब लोकहित को लेकर सरदार पटेल की प्रेरणा हमें सही दिशा में भी ले जायेगी और हमें लक्ष्य तक भी पहुंचायेगी। भारत के समाज की विकास यात्रा हजारों वर्षों की है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय समाज ने निरंतर प्रगति की है। देश के लोगों को सरकार का अभाव भी नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें भी देश में त्वरित न्याय का एक और माध्यम बनी हैं और कई राज्यों में इसे लेकर बहुत अच्छा काम भी हुआ है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों मामलों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी बहुत कम हुआ है और खासतौर पर गांव में रहने वाले लोगों को, गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है।

### कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के सम्मेलन का पीएम ने किया उद्घाटन



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि कानून बनाने का मकसद कितना ही अच्छा हो, लेकिन अगर उसमें ही भ्रम और स्पष्टता का अभाव होगा तो इसका बहुत बड़ा खामियाजा भविष्य में आम नागरिकों को उठाना पड़ता है और इस चक्कर में आम नागरिकों को बहुत सारा धन खर्च करके न्याय प्राप्त करने के लिए इधर-उधर दौड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कानून जब सामान्य जन की समझ में आता है तो उसका प्रभाव ही कुछ और होता है। इसलिए कानून बनाते समय हमारा ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि गरीब से गरीब भी नये बननेवाले कानून को अच्छी तरह समझ पायें।

### किसी भी नागरिक के लिए कानून की भाषा बाधा न बने

**पीएम** ने कहा कि किसी भी नागरिक के लिए कानून की भाषा बाधा न बने, हर राज्य इसके लिए भी काम करे। युवाओं के लिए मातृभाषा में अकादमिक प्रणाली (एकेडमिक सिस्टम) भी बनानी होगी, कानून से जुड़े पाठ्यक्रम मातृभाषा में हो, हमारे कानून सरल एवं सहज भाषा में लिखे जायें, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण मामलों की डिजिटल लाइब्रेरी स्थानीय भाषा में हो, इसके लिये हमें काम करना होगा।

## उड़ान योजना की गजब उड़ान, महंगा हुआ टिकट



○ दिल्ली से दुबई का किराया 11,690 रुपये, जबकि दिल्ली से दरभंगा का किराया है 21,420 रुपये

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** त्योहार में घर से बाहर रहनेवाले लोग त्योहार में वापस घर जाते हैं। वह चाहे नौकरी वाले हों या विद्यार्थी हों या मिल या निर्माण कार्य में या कहीं और मजदूरी करनेवाले। ऐसे समय में ट्रेन में आरक्षण नहीं मिलता, हवाई जहाज में टिकट इतना महंगा हो जाता है कि भारत में कहीं जाने का किराया दिल्ली से दुबई या ऐसे ही अन्य जगह जाने के किराये के कई गुना हो जाता है। एयरलाइंस कंपनियों के अच्छे दिन आ जाते हैं। खूब किराया बढ़ाती हैं और मालामाल होती हैं। उनको बोलने वाला, उन पर अंकुश लगानेवाला कोई नहीं होता है। इस समय दिवाली व उसके बाद छठ के पर्व आनेवाले हैं। बिहार जानेवालों को रेलवे से लेकर हवाई जहाज तक में टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। लोग महंगे दर पर बस और कार बुक कराकर जाने का जोखिम उठा रहे हैं। हवाई जहाज कंपनियों किराया ढाई से तीन गुना बढ़ा दिया है। इसको लेकर बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा ने 15 अक्टूबर, 2022 को केंद्र की उड़ान योजना पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से दुबई 11,690 रुपये में जबकि दिल्ली से दरभंगा 21,420 रुपये में। स्थिति ऐसी है कि विदेश जाने का किराया सस्ता है, लेकिन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### अनिल सिंह बने बीजेएमएस के राष्ट्रीय मंत्री



नामकुम। कुसई निवासी अनिल सिंह को भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया गया है। अनिल सिंह को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत प्रकाश जाटव द्वारा मनोनित किया गया। राष्ट्रीय मंत्री बनने पर अनिल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता मजदूर संघ (बीजेएमएस) को पूरे राज्यों में विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही मजदूरों के हितों के लिए हरसंभव सहायता व मदद के लिए प्रयास करेंगे। प्रत्येक राज्यों कमिटी गठन कर मजदूरों समस्याओं को दूर करेंगे। झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पांडे ने बताया कि संघ में अनिल सिंह के राष्ट्रीय मंत्री बनने से काफी उत्साह है, साथ ही उनके नेतृत्व में मजदूर के हितों के लिए जोर शोर से आवाज उठाने के साथ ही सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वहीं राष्ट्रीय मंत्री मनोनित होने पर झारखण्ड प्रदेश की ओर से अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी,अरविन्द कुमार शर्मा सिंह, दिलीप शिग्रिवाल, बंसत हितेषी, देवाशीष ठाकुर सहित अन्य सदस्यों व पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### 16 को हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस देर से खुलेगी

रांची। आद्रा मंडल के पुरुलिया झ कोटशिला रेलखंड पर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 18036 हटिया झ खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 16/10/2022 के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया हैं। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 09:20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 35 मिनट विलम्ब से अर्थात 11:55 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी।

### बुढ़मू प्रखंड के छापर पंचायत में भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित



बुढ़मू। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार बुढ़मू प्रखंड के छापर पंचायत में भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदयात्रा के दौरान छापर में एक सभा आयोजित की गयी। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा शामिल हुए। कार्यक्रम में कोंग्रेस के कांके विधानसभा प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा गैस पेट्रोल ,डीजल की महंगाई की गयी है, जिससे कि आम जनता त्रस्त है, और काफी परेशान हैं , और उन्होंने सभी मुद्दों को कहते हुए केंद्र सरकार को घेरा। साथ ही कांग्रेस नेता सुरेश बैठा ने गांव में जल्द पथ बनवाने की बात कही। वही कांग्रेस पार्टी के बुढ़मू प्रखंड प्रभारी इंदरा तुरी देवी उपस्थित लोगों को कई बातें कही,और केंद्र सरकार के कई कमियों को लोगों को बताया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेता महावीर लोहरा, प्रखंड कांग्रेस प्रभारी इंदिरा देवी तुरी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बालेश्वर यादव, कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन, सदन साहू, तस्लीम अंसारी, रंथेश्वर गिरी, रफीक अंसारी, सरवर आलम, साहाबिर लोहरा, सुलेखा देवी, अनु देवी, अनीता देवी, सुशीला देवी, गुड़िया देवी, लीला देवी, सुनैना देवी, सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कांग्रेस पार्टी के नेता महावीर लोहरा सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### लुपुंग पंचायत में आपकी योजना - आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

सिल्ली। प्रखंड के लुपुंग सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, बीडीओ पावन अशीष लकड़ा, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, पंसस ज्योति कुमारी, मोती मुंडा एवं पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे । शिविर में प्रखंड के सभी विभाग एवं अंचल का स्टॉल लगाया गया। जिसमें लोगों ने जाति, विकलांगता, आय, निवास, मनरेगा जॉब कार्ड,राशन कार्ड सुधार, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा दिन

# कुल 2959 आवेदनों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे दिन शनिवार को रांची जिले के विभिन्न 12 प्रखंडों के अलग-अलग पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जनप्रतिनिधियों, जिला/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अंतर्गत बेड़ो प्रखंड के टेरो पंचायत में उप विकास आयुक्त रांची विशाल सागर भी शामिल हुए। उप विकास आयुक्त रांची विशाल सागर द्वारा कार्यक्रम में कंबल, पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, जॉब



कार्ड , राशन कार्ड , केसीसी, श्रम कार्ड , मनरेगा योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौथे दिन निम्न प्रखंड के पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गयाः 1. चिलदाग पंचायत, अनगड़ा, 2. टेरो पंचायत, बेड़ो, 3. ऐदलहातु पंचायत, बुण्डू, 4. मुरतो पंचायत, चान्हो, 5. महुआजाड़ी पंचायत, माण्डर, 6. कुदलौंग पंचायत, नगड़ी, 7. बड़ाम पंचायत, नामकुम, 8. जायडीहा पंचायत,ओरमांझी, 9. होटलो पंचायत, राहे, 10. पाली पंचायत, रातु, 11. लुपुंग पंचायत, सिल्ली, 12. तमाड़ पूर्वी, तमाड़ साथ ही रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 07 एवं 08 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**9199 प्राप्त हुए, 2147 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन :** शनिवार को विभिन्न 12 प्रखंडों के पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज कुल 9598 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2959 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदन के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

### सड़क हादसा में घायल दवा कारोबारी की इलाज के दौरान रिम्स में मौत

रांची। सदर थाना क्षेत्र के कोकर में सड़क हादसा में घायल दवा कारोबारी की इलाज के दौरान शनिवार को रिम्स में मौत हो गयी। मृतक सत्यार्थ प्रकाश पटना के मसौढ़ी के रहने वाले थे। वह दवा का होलसेल का काम किया करते थे। शनिवार को रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनो को शव सौंप दिया। मामले में सत्य प्रकाश के बयान पर अज्ञात वाहन के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सत्य प्रकाश की ओर से थाने में दिए गए बयान में कहा गया है कि 29 वर्षीय सत्यार्थ दवा का काम करते थे। वह बीते 14 अक्तूबर की रात पौने ग्यारह बजे बाइक से कोकर इलाके से गुजर रहे थे। कमला नगर के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बुढ़मू प्रखंड के चकमे पंचायत के पुराना कब्रिस्तान के चहारदीवारी का हुआ शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के चकमे पंचायत के पुराना कब्रिस्तान के चारदीवारी, बाउंड्री का शिलान्यास किया गया। इस दौरान शिलान्यास झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के रांची जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला संगठन सचिव अख्तर अंसारी एवं चकमे पंचायत के मुखिया रामवृत्त मुंडा, उप मुखिया ननकु महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नींव में कड़ाही से मेट्रियल मसाला को रखकर शिलान्यास किया। इस अवसर पर जेएमएम पार्टी के नेता अख्तर अंसारी ने कहा की हेमंत सरकार के द्वारा यह योजना दिया गया है। वहीं काबिस्तान की चारदीवारी मिलने पर मतवे गांव के लोगों ने खुशी जाहिर किया है। मौके पर मतिउल अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी अजीज अंसारी, अली हसन अंसारी नेसार अंसारी, इरफान, एकराम अंसारी, ह्यूल अंसारी सहित जेएमएम पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया

रांची। पुलिस ने दशमफॉल थाना क्षेत्र के रिमिक्स फॉल के समीप बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुखराम स्वांसी, गुलाब मुंडा और लीलमोहन मुंडा शामिल है। तीन अपराधी अड़की इलाके के रहने वाले हैं। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा व तीन गोली बरामद की है।

## देवल सहाय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मेकान और सीसीएल हुआ विजयी

### आज फाइनल, मेकान और रॉकमेन के बीच होगा मुकाबला




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मेकान स्टेडियम में जारी देवल सहाय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को मेकान और सीसीएल ने जीत दर्ज की। इस प्रकार मेकान की टीम लीग चरण में अविजित रही। उन्होंने अपने तीनों मैच जीते। रॉकमेन की टीम दो मैच जीती जबकि आज उसे मेकान से हार मिली। सीसीएल की टीम को दो मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा जबकि साई की टीम को लीग चरण के तीनों मैच में पराजय का सामना करना पड़ा। रात में बारिश होने से मैदान गीला होने के कारण आज मैच विलंब से प्रारंभ हुआ। दिन का पहला मैच मेकान और रॉकमेन के बीच खेला गया। यह मैच 8-8 ओवर का कर दिया गया था। राकमेन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाये। राकमेन के दीपू ने 37 रन की पारी खेली। मेकान की ओर से शिट और राजू ने दो-दो तथा शुभ ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी में मेकान की टीम सत्यम नाबाद 17, शुभ 15 और आशुतोष के 14 रन की मदद से 7.3 ओवर में मैच जीत लिया। राकमेन की ओर से दीवान, अनमोल और अमित ने 1-1 विकेट लिए। मैन आफ द मैच राकमेन की दीपू पांडेय को घोषित किया गया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार स्व देवल सहाय के बड़े भाई दिलीप सहाय(टेलीकाम इंटरनेशनल विभाग के पूर्व डायरेक्टर) और मेकान के पूर्व सीएमडी डी रथ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। आज का दूसरा मैच सीसीएल और साई के बीच खेला गया। यह मैच 15-15 ओवर का था। साई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 102 रन बनाया। लावण्या सिंह ने 33, दिव्यम राज 29 और अंजनी ने 14 रन की पारी खेली। सीसीएल की ओर से सुशांत, शाहनवाज,अमोष और प्रकाश ने 1-1 विकेट लिये।

## पर्यावरण बिना मनुष्य का कुशल जीवन असंभव : तुषार कांति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण की महत्ता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दिशा में सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर निरंतर प्रयास जारी है। पर्यावरण मनुष्य के जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है। इसके बिना कुशल जीवन बनाना असंभव है। कई पर्यावरणविदों की ओर से भी व्यक्तिगत तौर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के उपायों पर बल दिया जा रहा है। ऐसे ही एक पर्यावरणविद और राजधानी रांची के जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण की महत्ता को सर्वोपरि मानते हुए एक अभियान के तहत मुहिम चला रखी है। उनके इस मुहिम में कई सामाजिक कार्यकर्ता भी सहभागिता निभा रहे हैं। सामाजिक संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी सजग हैं। उन्होंने शहर के विभिन्न स्थलों पर अब तक तकरीबन पांच हजार पौधे लगाए हैं। इनमें फलदार, छायादार व औषधीय पौधे शामिल हैं। श्री शीट सिर्फ पौधारोपण ही नहीं करते, बल्कि अपने द्वारा लगाए गए पौधों का बच्चों की तरह परवरिश भी करते हैं। पौधों की समुचित देखभाल उनकी दिनचर्या में शुमार है। विगत वर्ष एक संस्था द्वारा शहर के डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा मजार परिसर, निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर, पुन्दाग स्थित साईं मंदिर परिसर में किए गए पौधरोपण में श्री शीट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने अपने स्तर से कई फलदार व छायादार पौधे भी उपलब्ध कराए थे। यहां यह उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा कि उक्त स्थलों पर लगाए गए पौधों को नियमित रूप से देखभाल करने के प्रति भी श्री शीट गंभीर रहते हैं। विगत वर्ष भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से निवारणपुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल परिसर और बीएसवी विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया था। उसमें कई फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए थे। उन पौधों की नियमित रूप से देखभाल व उनका परवरिश करना उन्होंने अपनी दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण अंग बना लिया है। पौधे बखूबी पुष्पित-पल्लवित होते रहें, इस दिशा में वे सतत प्रयासरत रहते हैं। उनका मानना है कि पौधों की समुचित देखभाल नहीं करने से पौधे असमय दम तोड़ देते हैं।

## सड़क से बाइक हटाने को लेकर अपराधी ने दांत से अंगुली को काटकर अलग कर दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के वर्दवान कंपाउंड काली मंदिर के समीप सड़क से बाइक हटाने की बात सुनकर अपराधी ने दांत से एक व्यक्ति के हाथ की अंगुली को काटकर अलग कर दिया। यह वारदात शुक्रवार देर शाम की है। स्थानीय लोगों ने घायल निकितेश बनर्जी उर्फ बापी को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम सचिन कुमार है और वह वर्दवान कंपाउंड का ही रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया। बाइक हटाने की बात सुनकर आरोपी ने युवक पर चाकू से किया हमला : लोहराकोचा निवासी बाबी बीते शुक्रवार की शाम अपनी गाड़ी से वर्दवान कंपाउंड काली मंदिर की ओर से गुजर रहे थे। मुहाने पर चार युवक और दो युवतियां सड़क पर बाइक लगाकर खड़े थे। इसमें आरोपी सचिन भी शामिल था। बाबी और उनके एक साथी ने सचिन को सड़क से बाइक हटाकर किनारे खड़े होने की बात कही। आरोपी भड़क गया और बाबी और उनके एक साथ से उलझ गया। दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गयी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। इसी क्रम में पहले सचिन ने चाकू निकाला और बापी व उनके साथी पर हमला कर दिया। इसी क्रम में बापी ने जब सचिन का हाथ पकड़ लिया तो आरोपी ने दांत से उनके हाथ की कानी अंगुली को काट दिया और उसे सड़क पर फेंक दिया। हो-हल्ला सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए और आरोपी सचिन को दबोच लिया। उसकी जमकर धुनाई की। इसके बाद लालपुर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कमर से चाकू भी निकाला।

**अंगुली को लेकर पहुंचे लोगः** बापी के अंगुली को आरोपी ने सड़क पर फेंक दिया था। हो हंगामे के बीच आसपास में मौजूद लोगों ने पहले अंगुली खोजी और उसे सड़क से उठाकर सीधे थाना पहुंचे। थाना प्रभारी समेत अन्य लोग अंगुली दिखायी। इसके बाद घायल बापी को इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

# महिलाओं की सुरक्षा गठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता : गुंजन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गुंजन सिंह ने राज्य में महिलाओं पर बढ़ती अत्याचार के मामले को लेकर शनिवार को पुलिस महानिदेशक को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सुन्दरी तिर्की, पिंकी सिंह, पूजा कुमार उपस्थित थीं। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गुंजन सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि झारखंड राज्य में महिलाओं पर आये दिन हर रोज अत्याचार बढ़ती जा रही है। दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम मालूम होता है कि महिलायें इस राज्य में असहज महसूस कर रही है। हाल ही के दिनों में दुमका में दो बहनों पर पेट्रोल से छिड़कर मार डाला गया। चतरा में एसिड से एक महिला के उपर अटैक किया गया। बोकारो में छह साल की बच्ची के साथ मेला दिखाने के बहाने उनपर अत्याचार दुष्कर्म किया गया। इस तरह की कई घटनाएं घट रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस, जेएमएम और राजद की गठबंधन की सरकार चल रही है। ऐसे में महिलाएं



गठबंधन की सरकार से काफी कुछ उम्मीदें की है। महिलाओं की सुरक्षा गठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध है कि राज्य में पुलिसीय भय कायम करते हुए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को कम किया जाए साथ ही महिलाओं के उपर जुल्म करने वाले दोषियों पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि राज्य में महिलाएं निर्भय पूर्वक अपनी दैनिक कार्य के लिए बाहर आ-जा सके।

### पोल्ट्री विज्ञान में ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक लेखन के लिए डॉ. सुशील प्रसाद को नेशनल अवार्ड मिला

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित पशु चिकित्सा संकाय के डीन एवं आईसीएआर-एआईसीआरपी पोल्ट्री प्रजनन परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ सुशील प्रसाद को विश्व अंडा दिवस (14 अक्टूबर 2022) के मौके पर ऑनलाइन माध्यम से नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ। प्रसाद को यह अवार्ड पोल्ट्री विज्ञान विषय पर ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक उत्कृष्ट लेखन के लिए दिया गया है। इस अखिल भारतीय लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय संस्था पशुधन प्रहरी द्वारा 15 सितंबर से 12 अक्टूबर, 2022 के बीच किया गया था। बीएयू स्थित वेटनरी कॉलेज में डॉ. सुशील प्रसाद दशकों से पोल्ट्री प्रजनन के शोध कार्य से जुड़े हुए है। पोल्ट्री क्षेत्र में इनके द्वारा विकसित संकर नस्ल झारसीम, जो बेक यार्ड पोल्ट्री फार्मिंग में काफी प्रचलित है।


**OFFICE OF THE PRINCIPAL, SHEIKH BHIKHARI MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, HAZARIBAG**
(Formerly called as - HAZARIBAG MEDICAL COLLEGE, HAZARIBAG.)

Ph. No. 06546-296629/
website : www.hazaribagmedicalcollege.org/
E-mail Id : hazaribagmedicalcollege@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सं0 05/2022-23

| Sl no | Details | Timelines/Other Particulars |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के लिये तीनों वक्त का भोजन, नाश्ता, चाय उपलब्ध कराने के लिये मेस के संचालन हेतु। |
| 2 | निविदा जारी करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | प्राचार्य, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग। |
| 3 | बेवसाईट पर एन0 आई0 टी0 (online) प्रकाशन की तिथि | दिनांक 18/10/22 पूर्वाहन 11:00 बजे से |
| 4 | बेवसाई पर निविदा Online Submission प्रारंभ की तिथि | दिनांक 25/10/22 पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| 5 | www.jharkhandtenders.gov.in पर निविदा upload किये जाने की अंतिम तिथि तथा समय | दिनांक 03/11/22 अपराहन् 02:00 बजे तक |
| 6 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, एवं तकनीकि निविदा की वास्तविक कॉपी (IInd Copy) जमा करने की अन्तिम तिथि (By Registered or Speed Post or by hand) | दिनांक 04/11/22 के 05:00 बजे अपराहन् तक प्राचार्य, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के कार्यालय में। |
| 7 | तकनीकि निविदा खोलने की तिथि तथा समय | दिनांक 05/11/22 को अपराहन् 03:00 बजे |
| 8 | Tender Fee | रूपया 1500/- (एक हजार पाँच सौ रूपये) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो "Principal, Hazaribag Medical College" के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राशि Non- Refundable होगा। |
| 9 | Earnest Money (EMD) | रूपया 50,000/- (पचास हजार रूपये) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो "Principal, Hazaribag Medical College" के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राशि Refundable होगा। |

पत्रांक 955 दिनांक 15/10/2022

नोट : निविदा केवल ई-टेन्डर के माध्यम से ही स्वीकार किया जायगा।

संबंधित अतिरिक्त जानकारी बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य,
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज
हजारीबाग

PR 280079 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D



**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

**आम सूचना स्वच्छ सर्वेक्षण 2023**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे सभी संस्थान/होटल/लॉज/हॉस्टल/रेस्टोरेन्ट/क्लब/बैंक्वेट हॉल इत्यादि जिसकी धारण क्षमता 200 लोगों से अधिक है तथा प्रतिमाह 15 दिनों से अधिक प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट का उत्पादन होता है, वैसे प्रतिष्ठानों को उन्हें अपने गीले/बाये-डी ग्रैडेबल (जैव निम्नीकरणीय) कचड़े का निष्पादन स्वंय करना है।

उक्त के आलोक में ऐसे सभी संस्थान/होटल/लॉज/हॉस्टल/रेस्टोरेन्ट/ क्लब/बैंक्वेट हॉल इत्यादि जहाँ प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट का उत्पादन होता है, उन्हें दिनांक- 31.12.2022 तक अपने गीले/बायो-डी गीले/बाये-डी ग्रैडेबल (जैव निम्नीकरणीय) कचड़े का स्वंय प्रसंस्करण (कंपोस्टींग/बायोगैस इत्यादि के द्वारा) प्रारंभ करते हुए निष्पादन करना सुनिश्चित करना है अन्यथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, 2016 एवं झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2016 एवं झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के प्रावधानों के अनुसार दण्ड अधिरोपित किया जाएगा। दिनांक 01.01.2023 से रामगढ़ नगर परिषद के द्वारा आपके प्रतिष्ठान से केवल सूखे (अजैव निम्नीकरणीय) कचड़े यथा बोतल, कार्डबोर्ड, कागज, प्लास्टिक, मेटल इत्यादि का ही उठाव किया जाएगा। इस संदर्भ में आवश्यकता हेतु इस नम्बर से संम्पर्क कर 8863886681 जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह०/-
अनुमण्डल पदाधिकारी
-सह-कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 280059 (District) 22-23 (D)



**JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.**
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)
E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
Gst: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

**Bid Ref. No.JMC/NIT/SAHIYA TAB/56 Date:14-10-2022**

**REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF SYSTEM INTEGRATOR FOR SUPPLY AND MAINTENANCE OF TABLET DEVICE AND MDM SOFTWARE ON RENTAL BASIS [BUY-OWN-OPERATATE-TRANSFER (BOOT) MODEL]**

**Short Tender**

The Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Limited (JMHIDPCL), Ranchi hereby invites separate Technical Bid and Financial Bid (two envelope system) through e-procurement from eligible bidders for Selection of System Integrator for Supply and Maintenance of Tablet Device and MDM Software on Rental Basis [Buy-Own-Operate-Transfer (BOOT) Model] in Jharkhand state.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Name of Work | Request for proposal for Selection of System Integrator for Supply and Maintenance of Tablet Device and MDM Software on Rental Basis [Buy-Own-Operate- Transfer (BOOT) Model] in Jharkhand state |
| Duration of the work | 05years |
| Date of Publication of Bid | 17-10-2022 |
| Pre-bid Meeting | 20-10-2022 00:00PM 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 31-10-2022 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 05-11-2022 00:00PM 03:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 07-11-202203:00PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified later |
| Bid Document Fee (Non-Refundable) | 5000/- (Rupees Five Thousand Only) |
| Earnest Money Deposit | 8000000/- (Rupees Eighty Lakhs only) |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893,9955792367 |

*Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.*

JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and the Bid should be submitted through e-procurement system only. Hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

The Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal. The Bidders are advised to study the RFP document carefully. Submission of bids shall be deemed to have been done after careful study and examination of the tender document with the full understanding of its implications.

Sd/-
G.M (Procurement)
JMHIDPCL

PR 280026 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### प्रभाकर तिर्की झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित होंगे

रांची। झारखंड आंदोलनकारी व आजसू के प्रथम अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने झारखंड आंदोलनकारी के रूप में झारखंड आंदोलनकारी चिन्हि तीकरण आयोग में पहली बार आवेदन किया. प्रभाकर तिर्की के पहचान कर्ता के रुप में झारखंड सरकार से चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो बने. श्री तिर्की वर्ष 1987 में निर्मल महतो के हत्या के बाद झारखंड बंद के आंदोलन में गिरफ्तार हुए व उन्हें जेल भेजा गया था. कांड संख्या 260/ 87, चुटिया थाना से जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग भेजे गए थे. जेल में 1 महीना 3 दिनों तक रहे. श्री तिर्की के साथ कुल 56 लोग यहां बंद थे. आयोग द्वारा श्री तिर्की के चिन्हित होने के बाद 3500 प्रति माह 2015 से पेंशन, सम्मान राशि के रूप में मिलेगा।

### विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांके का किया दौरा



रांची / कांके। विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांके में स्कूल प्रबंधक के साथ बैठक कर विद्यालय में पढ़ाई कर रहे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चियों का शैक्षणिक विधि-व्यवस्था एवं सरकार की ओर से मिल रहे सुविधाओं की जानकारी ली। प्रबंधन के संयोजिका रश्मि देवी एवं शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय को सुदृढ़ एवं सुविधाजनक बनाने के लिए कई उपयोगी सुझाव के साथ लगातार बढ़ रहे बच्चियों की संख्या को देखते हुए पीने की पानी के किल्लत को दूर करने के लिए एक डीप बोरिंग एवं जल मीनार निर्माण कराने का आग्रह किये। भेंटवार्ता में विधायक प्रतिनिधि के साथ मुख्य रूप से कांके पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी एवं भाजपा नेता प्रशांत बैठा उपस्थित थे।

### रांची डिस्ट्रिक्ट रायफल एसोसिएशन ने विभूति प्रसाद सिंह के परिजनों को इलाज के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि दी

रांची। रांची डिस्ट्रिक्ट रायफल एसोसिएशन ने मेडिका में इलाज करा रहे राष्ट्रीय स्तर के लिए निशानेबाज विभूति प्रसाद सिंह के परिजनों को इलाज के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार महासचिव वेद रत्न मोहन, उपाध्यक्ष आनंद, प्रभात शंकर, अजय कुमार और विपिन कुमार सिंह ने विभूति प्रसाद सिंह की पत्नी मुन्नी देवी को 100000 की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज विभूति प्रसाद सिंह 11 अक्टूबर को रांची खेलगांव के निकट भीषण सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे और उनका इलाज मेडिका में चल रहा है जहां वह जीवन और मौत से जूझ रहे हैं।

### हाथियों का आतंक जारी, फसल को पहुंचाया नुकसान

रांची। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। खलारी के सीमावर्ती इलाकों से सहेदा होते हुए क्षेत्र में पहुंचा 24 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। शनिवार की सुबह तीन बजे 14 हाथी आगे निकल गए, लेकिन 10 हाथियों ने दुल्ली स्थित मैगजीन के समीप जंगलों में ही डेरा डाल दिया। इससे क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। केदल में किसानों ने धान की फसल लगाई है। इसे जंगली हाथियों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाथियों के उत्पात से मुकेश यादव, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, जगरनाथ यादव की फसल खराब हो गई है। इधर, सूचना पर दुल्ली केदल सहित कई इलाके में क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं।

### डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी कल से सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

रांची। राज्य भर के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 17 अक्टूबर सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। झारखंड राज्य जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ के महासचिव मानिक चंद्र प्रजापति ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों की कई लंबित मांगे हैं जो अब तक सरकार ने पूरी नहीं की है। ऐसे में सर्वसम्मति से 17 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया है और उस दिन किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं किया जायेगा।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को कोई लाभ नहीं, पैसे की हो रही बर्बादी : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला। श्री प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी कमियां छुपाने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बर्बाद कर रहे। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों का पुलिंदा इतना मोटा हो गया है कि वे बताते बताते थक जायेंगे। कहा कि जनता को पता है कि वे केवल अपनी पीठ थपथपाने के लिए घूम रहे लेकिन सरकार के कारनामे से जनता पूरी तरह परिचित हो चुकी है। श्री प्रकाश ने कहा कि लगभग तीन साल के भ्रष्ट शासन में इन्होंने झारखंड को बीस साल पीछे कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री में



को बताना चाहिए कि कैसे उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने और अपने परिजनों के नाम पर खान खनिज का लीज आवंटित कराया। कैसे आदिवासी उद्यमियों के लिए आरक्षित आद्योगिक भूमि को अपनी पत्नी और साली के नाम आवंटित कर दिया। मुख्यमंत्री बताएं कि

> उन्हें बताना चाहिए बहन बेटियां क्यों आज अपने घर में भी अपराधियों द्वारा जलाकर मार देने को विवश हैं। क्योंकि अपराधियों का मन काफी बढ़ रहा है।

सरकार के 1000 दिन पूरे होने तक एक जिला में 1000 करोड़ का घोटाला हुआ। हिम्मत है तो बताएं क्यों उनके विधायक प्रतिनिधि और उनके अगल बगल वाले जेल के भीतर है। कहा कि बताएं कैसे सीएम आवास में प्रतिनियुक्ति आरक्षी का एक 47 राइफल दलालों, बिचालियों के घर से बरामद हुए। श्री प्रकाश ने कहा कि उन्हें बताना चाहिए एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवम उनसे संबंधित लोगों के ठिकानों पर करोड़ों रुपए कैसे बरामद हुए। उन्हें बताना चाहिए बहन बेटियां क्यों आज अपने घर में भी अपराधियों द्वारा जलाकर मार देने को विवश हैं। क्यों राज्य बलात्कार के मामलों में रिकॉर्ड बना रहा। बताएं क्यों गरीबों के अनाज की कालाबाजारी हो रही। क्यों सड़कें जर्जर हैं। क्यों बेरोजगार युवक हताश निराश हैं, क्यों किसानों के धान के पैसे बकाया है,स्कूलों में किताब नहीं,बेटियों को साइकिल नहीं,मरीजों को दवाई नही मिल रही। श्री प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री जी यदि पर्यटन का ही शौक है तो उन दलितों के घर क्यों नहीं जाते जिनको अवैध तरीके से पुश्तैनी घर से बेदखल कर दिया गया। पेट्रोल जलाकर मार दी गई बेटियों के परिजनों से क्यों नहीं मिलते।

## यवुक ने डैम में डूब कर दे दी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके डैम से एक 20 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है, मृतक की पहचान रामगढ़ के रहने वाले राज नायक के रूप में हुई है। राज नायक रांची में अपने बुआ के घर पर रहा करता था। जानकारी के अनुसार राज नायक रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र का रहने वाला था। उसका रामगढ़ की रहने वाली अपने ही एक रिश्तेदार की लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसका उसके परिवार वाले विरोध कर रहे थे। परिवार वाले को यह मंजूर नहीं था कि राज की शादी किसी रिश्तेदार की बेटी से ही हो। इस मामले को लेकर अक्सर राज के परिवार में विवाद होता था। 11 अक्टूबर को भी इसी मामले को लेकर राज नायक के रामगढ़ स्थित घर में जमकर विवाद हुआ जिसके बाद उसी दिन राज रामगढ़ से अपनी बुआ के घर रांची आ गया। राज नायक अपने बुआ के घर अक्सर आ कर रहा करता था, 11 अक्टूबर को भी वह अपने बुआ के घर पहुंचा, घर पहुंचने के बाद उसने अपने बाइक और मोबाइल को टेबल पर रखा और आनन-फानन में वहां से चला गया। घरवालों को लगा वह कहीं आस-पास गया होगा और लौट आएगा लेकिन राज नहीं लौटा और आज कांके डैम से उसका शव बरामद किया गया है। पंडरा ओपी प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है परिजनों ने राज की गुमशुदगी को लेकर कोई जानकारी भी पुलिस को नहीं दी थी। शनिवार की सुबह यह जानकारी मिली की कांके डैम के किनारे एक शव पड़ा हुआ है जिसकी पहचान राज के रूप में हुई , फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ,मामला आत्महत्या का लग रहा है हालांकि जांच जारी है।

## स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित






**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम एवं रांची कैंसर केयर फाऊंडेशन टाटा ट्रस्ट, रांची, झारखण्ड के द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम (रेडियो इंटरव्यू) का आयोजन किया गया, जिसमें एक्सपर्ट् के तौर पर डॉ। आशा, डेंटिस्ट, टाटा ट्रस्ट और डॉ विक्रम सेन प्रोग्राम हेड, टाटा ट्रस्ट का साक्षात्कार लिया गया। डॉ आशा ने बताया कि महिलाओं में कैंसर किस उम्र में होती है और इसके वजह क्या है साथ ही ब्रेस्ट कैंसर को पहचानने की और सेल्फ एग्जामीन के तरीके भी बताए और डॉ विक्रम ने बताया की अक्टूबर महीने को ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के तौर पर क्यों मनाया जाता है, साथ ही लोगों को यह भी बताया की ब्रेस्ट कैंसर केवल महिलाओं में नहीं बल्कि पुरुषों में भी हो सकता है रेडियो खाँची की ओर से साक्षात्कार को आरजे वैभवी ने लिया इस दौरान स्टूडियो में रेडियो खाँची के डायरेक्टर डॉ बी पी सिन्हा मौजूद रहें, जिन्होंने एक्सपर्ट्स का स्टूडियो में स्वागत किया साथ ही टाटा ट्रस्ट की ओर से मौजूद नीरज कौशिक से भविष्य में इस तरीके के और भी कार्यक्रम आयोजित करने के विषय में चर्चा की।

## बीआईटी मेसराः कोडिंग और रोबोटिक्स में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**रांची।** बीआईटी मेसरा के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) की ओर से आयोजित वार्षिक तकनीकी उत्सव पैंथियॉन के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुरूआत गूगल-इट-आउट से हुई। इसमें छात्रों के दो के समूहों ने भाग लिया। प्रारंभिक दौर में, टीमों को 25 छवियों को खोजने के लिए और 30-120 सेकंड का समय दिया गया था। फ्लैश कोड में विभिन्न भाषाओं में विभिन्न प्रश्नों को हल करके अपने प्रोग्रामिंग कौशल का प्रदर्शन करना था। इसमें 45 प्रतिस्पर्धी टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 12 टीम फाइनल में पहुंचीं। टीम नॉटसोस्लिमशैडीज-विजेता रही। कोडजिला एक कोडिंग प्रतियोगिता थी, जिसमें प्रतिभागियों को एक निश्चित समय सीमा में अधिकतम समस्याओं को हल करना था।

### अहोई अष्टमी व्रत 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा

## महिलाएं निर्जल व्रत रहकर संतान- बच्चों की दीघार्यु के लिए शिव-पार्वती की पूजा करती हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच व पवित्रम गो सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि अहोई अष्टमी व्रत 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को अहोई अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, संतान प्राप्ति और उत्तम स्वस्थ के लिए उपवास रह कर अहोई माता की पूजा करती है। महिलाएं इस दिन निर्जल व्रत रखती है। तथा संतान सुख, बच्चों की दीघार्यु और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती है। इस रात अहोई




अष्टमी का व्रत तारा देखकर व्रत का पारण करती है। जिस प्रकार करवा चौथ में चांद देखकर व्रत का पारण करती है उसी तरह इस व्रत में तारों को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है। कई महिलाएं चांद देखकर भी पारण करती है। अहोई अष्टमी व्रत के दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती को दूध भात का भोग लगाती है तथा इस दिन शाम को पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाई जाती है। तथा माता की पूजा में सफेद फूल अर्पित की जाती है। अष्टमी के दिन शिवलिंग का दूध से अभिषेक करने और शिव पार्वती की पूजा करने तथा अहोई माता को सिंदूर अर्पित कर एवं श्रृंगार करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। अहोई अष्टमी 17 अक्टूबर की सुबह 9:29 बजे से शुरू हो रहा है। तथा 18 अक्टूबर की सुबह 11: 57 बजे तक रहेगी। पूजा का शुभ मुहूर्त 17 अक्टूबर को शाम 5:57 बजे से रात 7:12 बजे तक है। तारा देखने का समय शाम 6:20 बजे तक है। जबकि चंद्रोदय रात 11:35 बजे होगा।

### गुजरात में छूट गया था प्रधानमंत्री ने सुधार किया

## पूरे देश के तेली ओबीसी में हैं शामिल : राजेन्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेली समाज से आते हैं और तेली समाज पूरे देश की सभी राज्यों में ओबीसी में सूचीबद्ध है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललन सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डुप्लीकेट ओबीसी कहे जाने पर कड़ी आपत्ति की है। श्री प्रसाद ने कहा कि श्री लल्लन सिंह को यह मालूम होना चाहिए कि पूरे देश में तेली समाज ओबीसी में शामिल है। उन्होंने कहा किसी कारण वश गुजरात में तेली समाज को ओबीसी में शामिल नहीं किया गया था। इसको प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री रहते हुए सुधार करते हुए तेली समाज को ओबीसी में शामिल कर सही कार्य किया है। श्री प्रसाद ने कहा तेली समाज को गुजरात में लंबे समय से ओबीसी में शामिल नहीं करके तेली समाज के साथ अन्याय किया गया था। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ इसमें सुधार कर तेली समाज को गुजरात में भी ओबीसी की सूची में शामिल किया है। श्री प्रसाद ने कहा ललन सिंह को अपने बयान पर माफी मांगना चाहिए।

## रंगदारी देने से इंकार करने पर अपराधी ने एक युवक को चाकू मारकर किया गंभीर

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के गुरुनानक स्कूल मार्ग में रंगदारी देने से इंकार करने पर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना शनिवार शाम की है। घायल युवक मो सैफ को आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हिंदपीढ़ी सेकेंड स्ट्रीट के रहने वाले मो सैफ शनिवार शाम चार बजे अपने ऑटो से ग्वाला टोली की ओर आ रहे थे। ग्वालाटोली निवासी आरोपी नायक ने उसे गुरुनानक स्कूल के समीप आरसी मिशन के पास उसे रोका और पैसे की डिमांड की। यह भी कहा कि आगे तक छोड़ दो। पैसा देने से इंकार करने पर आरोपी नायक ने चाकू से सैफ पर हमला कर दिया। इस घटना में सैफ को जांघ में चाकू लगी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। आसपास में मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल सैफ को रिम्स ले गए, जहां उसे भर्ती कर लिया गया है।

### श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती पर श्री श्याम मंदिर में 32 वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन

## 3100 श्रद्धालुओं ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 22-23 के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 32 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में उमेश कारीगर की टीम ने मंदिर परिसर में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद श्रद्धा भाव से निर्मित किया। श्री श्याम भंडारे में केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव, बनारसी कचोरी, आलू सब्जी का महाप्रसाद निर्मित किया गया । श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, लड्डू गोपाल, श्री शालिग्राम जी, श्री हनुमान जी, श्री श्यामेश्वर महादेव परिवार व गुरुजनों को प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। स्वर्गीय देवी प्रसाद स्वर्गीय गायत्री देवी चौधरी के पुत्र और पुत्रवधू राजेश, बबीता अजय रचना रुपेश अनिता चौधरी




ने परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। चौधरी परिवार ने मंदिर के आचार्य गणों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद खिला कर श्री श्याम भंडारे का वितरण विधिवत प्रारंभ किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी व यजमान राजेश चौधरी के नेतृत्व में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद लगभग 3100 श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। संपूर्ण श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भरा हुआ था। शनिवार के अवसर पर प्रभु दयाल, आशा नर्सरिया की सुपौत्री व अधिवक्ता श्री श्याम जिज्ञासा नर्सरिया की पुत्री माधवी के जन्मोत्सव पर खाटू नरेश का दिव्य मनोहारी श्रृंगार की सेवा निवेदित की। खाटू नरेश का श्रृंगार दर्शन करने बाबा के दरबार में मत्था टेकने बड़ी संख्या में भक्तजन श्री श्याम मंदिर पहुंचे।भक्तजन कतार में खड़े होकर प्रसाद प्राप्त कर रहे थे। श्री श्याम भंडारे के वितरण में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया यजमान चौधरी परिवार श्रवण जी, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, आशीष डालमिया, राजेश कटारुका, उत्कर्ष लोहिया, अरुण बुधिया, राजकुमार केडिया, चंडी डालमिया सुभाष मंगल, रौनक पोद्दार, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, अरविंद सोमानी, कमलेश सावा, निखिल नारनौली, किशन शर्मा, कल्पना मारु सहित 100 से ज्यादा कार्यकर्ता स्वयंसेवक भंडारे की व्यवस्था में अपना सहयोग दिया।

### मगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि स्वर्ण जयंती पर 22वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ मंगलवार 18 अक्टूबर को संध्या 4:30 बजे से 6:30 बजे तक श्री श्याम मंदिर में होगा। मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल ने सभी से कार्यक्रम में भाग लेने का निवेदन किया।

# 552 घरों में डेंगू का लार्वा, युद्ध स्तर पर फॉगिंग कराने का मेयर ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डेंगू ने राजधानी में दस्तक दे दी है। एक के बाद एक नए मरीजों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ी हुई है। जिस तरह से शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रह है उससे यह साबित होता है कि इसकी संख्या और बढ़ेगी। प्रशासन ने इसके लिए अर्ल्ट भी जारी कर दिया है। उनका कहना है कि घरों के पास किसी तरह का गंदा पानी को जमा नहीं होने और न ही किसी तरह का कचरा का जमाव भी नहीं होने दें ताकि उसपर मच्छरों का प्रकोप ज्यादा हो और उससे बिमारी फैलने की संभावना प्रबल हो सके। नगर निगम क्षेत्र के कुछ वार्डों के 552 घरों में डेंगू का लार्वा मिलने के



बाद मेयर भी एक्शन मोड में है। उन्होंने कहा कि वार्ड 51, 52 व 53 के 552 घरों में डेंगू के लार्वा मिलना गंभीर है। नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कोल्ड फॉगिंग कराए। साथ ही नालियों व जलजमाव वाले क्षेत्रों में हैंड स्प्रे की व्यवस्था करें। रोस्टर तैयार

> रोस्टर तैयार कर 53 वार्डों में रेगुलर फॉगिंग व हैंड स्प्रे कराना सुनिश्चित करने की जरूरत है। जरूरत पड़ने पर स्पेशल टास्क फोर्स को कार्य में लगाएं। आयुक्त से यह भी कहा कि 53 वार्डों में लगे मिनी एचवाइडीटी के टंकी की भी जांच कराएं।

कर 53 वार्डों में रेगुलर फॉगिंग व हैंड स्प्रे कराना सुनिश्चित करने की जरूरत है। जरूरत पड़ने पर स्पेशल टास्क फोर्स को कार्य में लगाएं। इसके अलावा मेयर ने नगर आयुक्त से यह भी कहा कि 53 वार्डों में लगे मिनी एचवाइडीटी के टंकी की भी जांच कराएं। जिन जगहों पर टंकी के पानी का उपयोग नहीं हो रहा है, वहां जमा पानी में भी डेंगू के लार्वा होने की संभावना है। मेयर ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने घरों में पानी का स्टोरेज अधिक दिनों तक न करें। छोटे बर्तन व पुराने टायर में जमा बारिश के पानी को हटाएं। चूंकि डेंगू का लार्वा साफ पानी में ही पनपता है। इसलिए सावधानी बरतें और डेंगू से स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को बचाएं। फिनाइल और मच्छरों के मारने वाले लिक्विड से घर के अंदर व बाहर सफाई करें। अपने घर के आसपास व नालियों के किनारे ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें।

## शिक्षक प्रतिनिधिमंडल डीएसपीएमयू के कुलपति से मिला

**रांची।** झारखंड सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ निरंजन महतो व सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष त्रिभुवन शाही, महासचिव डॉ रामकुमार ने शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति नियमावली संशोधित करने के उपरांत ही बहाली करने का अनुरोध किया। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यूजीसी के किसी भी रेगुलेशन के अनुसार घंटी आधारित सहायक अध्यापकों की नियुक्ति करने का जिक्र नहीं है, बल्कि यूजीसी रेगुलेशन-2018 के अनुसार किसी भी विश्वविद्यालय में अनुबंध पर कार्यरत सहायक प्राध्यापकों का न्यूनतम मानदेय 57,700 रुपये से कम नहीं होना चाहिए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस प्रदर्शनी 'एफरवेसेंस' आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'वर्लड स्टूडेंट्स डे' के अवसर पर इंटर हाउस प्रदर्शनी - 'एफरवेसेंस' 2022-23 का आयोजन किया गया। हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता को विभिन्न मॉडलों द्वारा प्रदर्शित किया। यह प्रदर्शनी छात्रों के बीच कला-एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक पहल थी ताकि सीखने को जीवंत और अधिक रोचक बनाया जा सके। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों के नवीन विचारों को सुदृढ़ आकार देने और अनुभवों से सीखने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों में ई-वेस्ट सामग्री से बनाया गया। भविष्य



का मानव, गुरुत्वाकर्षण बैटरी, शेक्सपियर और थिएटर, स्मार्ट घरों में स्मार्ट कूड़ेदान, मुंशी प्रेमचंद की किताबों का प्रतिरूप, वाटरजेन का मिनी संस्करण और ऊंचाई और दूरी मापने वाले उपकरण भी प्रदर्षित किए गए। प्रदर्षनी में स्वदेशी मेला आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें छात्रों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए खादी से बने मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मूल्यांकन अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ, विशिष्ट जजों के एक पैनल द्वारा किया गया। सभी इस तरह के एक शानदार और अभिनव प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देष्य नई शिक्षा नीति-2020 के डिजाइन थिंकिंग एवं इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

## न्यूज गैलरी

### डेंगू व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए निकली जागरूकता रैली



**बेड़ो।** बेड़ो सीएचसी बेड़ो के स्वास्थ्यकर्मियों ने शनिवार को बेड़ो में डेंगू एवं चिकनगुनिया के रोकथाम के लिए बैनर के साथ एक जागरूकता रैली निकाला। साथ ही जन जागरण अभियान के दौरान नारा लगाते हुए इस बीमारी के रोकथाम के लिए अलख जगाया। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों ने रैली की शुरूआत सीएचसी बेड़ो से किया। जो लोहरदगा रोड,गुमला रोड,जिला परिषद,बाजार टांड़ व बस्ती होते हुए पुनः सीएचसी परिसर पहुंचकर समाप्त हो गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने आमलोगों से बर्तन,नाली व नारियल के खोखे में पानी जमा नहीं करने की अपील किया। जिससे डेंगू व चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारी की रोकथाम हो सके। वहीं मौके पर स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस विरेन्द्र प्रसाद, जीतवाहन गोप व बुधनाथ साहू समेत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सराहनीय योगदान दिया।

### बेड़ो प्रखंड के प्रसिद्ध दो दिवसीय हादू जतरा आज से होगा शुरू

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के प्रसिद्ध दो दिवसीय 63 वां वार्षिक हादू पड़हा जतरा का शुभारंभ रविवार को देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया जाएगा। हादू जतरा के दौरान 16 एवं 17 अक्टूबर को आदिवासियों और मूलवासियों की साझी संस्कृति, परम्परा और रीति रिवाज की झलक दिखाई देगी। हादू जतरा संचालन समिति के मुख्य संरक्षक तसुआ उरांव कमेटी के अध्यक्ष मो. सईम हुसैन, उपाध्यक्ष संदीप उरांव, सचिव तंजीर हुसैन तथा कोषाध्यक्ष चारो मुंडा सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है। हादू जतरा के पहले दिन पद्मश्री और प्रसिद्ध लोक कलाकार मुकुंद नायक, मधु मंसूरी, महावीर साहु के साथ ओड़िशा की प्रसिद्ध लोक कलाकार उर्मिला महतो की पूरी टीम सहित आरती देवी, चिंता देवी, अंजली देवी, सुनैना कुमारी, आसिम मस्ताना अपनी प्रस्तुति से जलवा बिखेरेंगे। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सीपीएम आई के नेता सुभाष मुंडा और ज्ञानी उरांव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सईम हुसैन और उपाध्यक्ष संदीप उरांव ने शनिवार को देते हुए बताया कि कार्यक्रम अपने तय समय के अनुसार शुरू किया जाएगा। जतरा में 21 पड़हा के सभी जनजातीय गांव के आदिवासी खोड़हा नृत्य दलों के साथ भाग लेंगे।

### महिला महाविद्यालय में छात्राओं का होगा सीधा नामांकन

**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ राजकुमार शर्मा ने बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में हो रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी प्रोफेसर सारोन सुरीन, प्रो रोशन खलखो बरसर प्रोफेसर नईम खान और डॉ शशि गुप्ता के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने महाविद्यालय में हो रहे नामांकन प्रक्रिया की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी छात्राएं जो महिला महाविद्यालय बरही में नामांकन कराना चाहती हैं वे हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान,कॉमर्स और इतिहास विषयों में सीधे नामांकन ले सकती हैं इसके लिए उन्हें बलदेव साहू महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी से संपर्क करना होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि बलदेव साहू महाविद्याल में पीजी में नामांकन के लिए पहली सूची प्रकाशित कर दी गई है। बैठक में उक्त लोगों के अतिरिक्त एनएसएस स्टेट कोर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार डॉ संतोष स्वरूप शांडिल्य, डॉ संजय रविदास प्रो अर्जुन लकड़ा, प्रो मनीष मिश्रा, प्रो मुकेश यादव आदि उपस्थित थे।

### दीपावली, छठ व ईन्द मेला को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बोलबा।** दीपावली, छठ एवं ईन्द मेला को लेकर बोलबा में शान्ति समिति की बैठक हुई इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने छठ पूजा को लेकर स्थानीय लोगों से जानकारी लेते हुए और बेहतर ढंग से पूजा करने की बातें कही उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अधिक से अधिक किशोरियों को फार्म भराने के लिए सहयोग करने की बातें बताई ।साथ ही कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात बताया गया ।थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे ने कहा कि दीवाली सभी लोग शान्ति पूर्ण तरीके से मनाएँ । छेत्र में आयोजित होने वाले ईन्द मेला की पूर्व सूचना देने की बाते कहा । छेत्र में किसी भी तरह की कोई समस्याएँ होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कहा गया । इस मौके पर एएसआई रामराज्य सिंह, मुखिया बिनोद बड़ाईक, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह, उप मुखिया सियाबर सिंह, चंद्रशेखर मण्डल, महेश मिस्त्री, बिरंजित प्रधान, माधव सेनापति, अश्विनी कुल्लू के अलावे अन्य लोग मौजूद थे ।

### बंता में सहजन पेड़ पर लटका युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत बंता मुखियार टोला निवासी 21 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका पाया गया । जानकारी के मुताबिक सूखे चंद्र मुखीयार के पुत्र अनिल मुखियार शुक्रवार 14 अक्टूबर को अपने घर मे बिना बताए कहीं चला गया था। शनिवार की सुबह परिजनों ने अनिल को घर के पास ही एक सहजन के पेड़ फांसी पर लटका पाया। सूचना पाकर पहुंची सिली पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि मामला हत्या या आत्महत्या की है इसकी छानबीन की जा रही है ।

### फिल्म निर्माण कार्यशाला आज

**सिल्ली।** चित्रपट झारखण्ड एवं सिल्ली पॉलिटेक्निक कालेज के तत्वावधान में सिल्ली पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में रविवार को एक दिवसीय फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि होंगे। कालेज के प्रिंसिपल समीर शर्मा ने बताया कि कार्यशाला की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यशाला में कालेज के विद्यार्थी के अलावे बाहरी छात्र भी प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं।

---

### अमित ब्रदर्स बंडामुंडा ओड़िशा की टीम ने जीता ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

# अत्याधुनिक रूप से विकसित होगा लकड़ा फाड़ा का मैदान : बिगा

नवीन मेल संवाददाता






**बेड़ो।** बेड़ो जैसे ग्रामीण क्षेत्र में ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन और देश विदेश के नामी खिलाड़ियों का यहां भाग लेना तथा प्रदर्शन करना अद्भुत है। फुटबॉल जैसे खेल की लोकप्रियता यहां देखी जा सकती है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली स्थित ग्रीन पार्क लकड़ा फाड़ा के मैदान में साउथ हॉल यूनाइटेड जरिया नहर टोली के तत्वाधान में आयोजित ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी बिगा मिंज ने कही । उन्होंने खिलाड़ी और दर्शकों के खेल के प्रति उत्साह देखकर उन्होंने ग्रीन पार्क स्टेडियम लकड़ाफाड़ा मैदान को अत्याधुनिक तौर पर विकसित करते हुए मैदान के चारों ओर दर्शकों के बैठने के लिए व्यवस्था बनाने की मांग सरकार के पास रखने की बात कही। वहीं बिहार के राज्यसभा सांसद और मुख्य वक्ता खीरू महतो ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते कहा कि मैंने बहुत सारे टूर्नामेंट देखें हैं लेकिन इतनी भीड़ कहीं और नहीं होती। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से स्थानीय युवाओं में भरपूर जोश बढ़ रहा है इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवक भी खेल के माध्यम से अपना कैरियर बना कर अपने राज्य समेत अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेगा। इसके अलावा डीएसपी रजत मणी बाखला ने कहा कि इस तरह के आयोजन और इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए आयोजन समिति के सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा है जो सराहनीय है। इसके पूर्व प्रतियोगिता का फाइनल मैच पीहू एफसी बेड़ो बनाम अमित ब्रदर्स बंडामुंडा ओड़िशा के बीच खेला गया। इसमें अमित ब्रदर्स बंडामुंडा ओड़िशा की टीम ने पीहू एफसी बेड़ो को 3-0 से हराकर फाइनल मैच का खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता के 13 वें मिनट में पहला और दर्शनीय गोल दागकर बंडामुंडा की टीम के राहुल मुखी ने टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। इसके तुरंत बाद 18 वें मिनट में एडविन ने गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद पहले हाफ के 34 वें मिनट में राहुल मुखी ने अपना दूसरा गोल दागकर अपनी टीम को 3-0 से विजय दिला दी। बेस्ट स्कोरर और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी राहुल मुखी को मिला । अनुशासित टीम के रूप में गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की टीम को सम्मानित किया गया। पहला पुरस्कार के रुप में विजेता टीम को 4 लाख का नगद और चमचमाती विनर ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम पीहू एफसी बेड़ो को 3 लाख नगद और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि डीएसपी रजत मणिक बाखला ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता मुखिया कुंवारी खलखो समेत दर्जनों समाजसेवी व शिक्षाविद आदि मौजूद थे। समारोह के दौरान कलाकार प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार राय व स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में ब्रजेश महतो, शशि अनामिश एक्का, अमर लकड़ा, विशु उरांव, अनिल गोप, रंजीत गोप, पवन बड़ाईक, पंकज बड़ाईक, मुकेश गोप, राहुल एक्का, अजित लकड़ा, संजय लकड़ा, राहुल एक्का, संतोष लकड़ा, रमेश महतो, संदीप लकड़ा व सुमित तिर्की समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया ।

---

## पीपुल्स प्रेसिडेंट को बच्चों ने किया याद हाथ धोने को लेकर हुए जागरूक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के सभागार में शनिवार को डॉक्टर अब्दुल कलामकी जयंती समारोह आयोजित की गई। सभी बच्चे एवं शिक्षक गण की उपस्थिति में डॉक्टर अब्दुल कलाम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कक्षा पांच की छात्रा स्वीटी कुमारी ने डॉ कलाम जी के बारे में अपने विचार रखी। सभी बच्चों को जानकारी देते हुए विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि छात्रों और शिक्षा के प्रति कलाम के प्रयासों को सम्मान देने के लिए विश्व छात्र दिवस हर साल भारत में राष्ट्रीय स्तर पर आज के ही दिन मनाया जाता है। कलाम को प्यार से ₹पीपुल्स प्रेसिडेंट और मिसाइल मैन₹ के रूप में याद किया जाता है। हाथ धोना क्यों जरूरी है, और इसके फायदे और महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 15 अक्टूबर को विश्वभर में 'ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे' यानि विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने आज विशेष रूप से एकत्रित होकर हैंड वॉश कर अपना भोजन ग्रहण किए। बच्चों को बताया गया की खाना खाने से पहले और बाद में, टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद, गमलों की सफाई करने के बाद, घर की सफाई करने के बाद, जानवरों को छूने के बाद हाथों को जरूर साफ करके धोना चाहिए।

---

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए डीडीसी, कहा

## गरीबों तक पहुंचेगी सरकार की योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के टेरो पंचायत में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त विशाल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार व सीओ सुमंत तिर्की ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उप विकास आयुक्त विशाल कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना इस सरकार की सबसे बड़ी पहली प्राथमिकता है। झारखंड सरकार कई कल्याणकारी योजना चला रही है। जिसमें सावित्रीबाई फुले योजना भी है। जिसमें बच्चियों के शिक्षा में आने वाले बाधा को दूर करने के लिए सरकार नौवीं क्लास एवं दसवीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चों को प्रति वर्ष ढाई हजार रुपए एवं 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाले बच्चे को प्रति वर्ष 5000 तथा 19 वर्ष पूरे होने पर एकमुश्त 20000 के साथ साथ इस तरह कुल मिलाकर 40000 दे रही है। यह योजना बच्चों की शिक्षा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड में चल रही योजनाओ की विस्तृत जानकारी दिया। वहीं कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित्रा कुमारी, सीडीपीओ नायाब जेबा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अवनि कुमार झा, प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उरांव, नवल किशोर सिंह,मुखिया पंचु उराँव व पंचायत के वार्ड सदस्य समेत दर्जनों ग्रामीण आदि मौजूद थे।

---

### सिमडेगा में धूमधाम से मनाया गया महिला किसान दिवस

**सिमडेगा।** जिला कृषि कार्यालय सिमडेगा में शनिवार को महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास द्वारा की गई।कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे बीज वितरण, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, ब्लॉकचेन निबंधन, केसीसी, मत्स्य पालन,पशुपालन, कृषि यंत्र , इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिले भर से महिला कृषकों ने भाग लिया। इसमें एफपीओ एवम जेएसएलपीएस जुड़े महिला कृषक शामिल हुए। मौके पर 5 महिलाओं को कृषि विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी के साथ कृषि निरीक्षक, पौधा संरक्षण , एग्री क्लिनिक के कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगायी न्याय की गुहार

**भवनाथपुर।** थाना से करवाई नही होने के बाद महिला ने कारवाई के लिए पुलिस अधीक्षक से लगाया गुहार। थाना क्षेत्र के बुका गांव के नेहा देवी पति जयकुमार राउत ने पुलिस अधीक्षक गढ़वा को आवेदन देकर लूट पाट एवं मारपीट के आरोपी पर भवनाथपुर पुलिस द्वारा कारवाई नही करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है नेहा देवी ने बताया कि फूली पासवान एवं तीन चार अन्य लोग ने मेरे साथ गलत नियत से छेड़छाड़ किया और मारपीट करते हुए कान का झुमका एवं गले का मंगलसूत्र लूट लिया था जिसका आवेदन हम थाने में दिए लेकिन कोई कारवाई नही किया एक अन्य आरोपी उपेन्द्र भुइयां को हमारे पति ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा था लेकिन उसे भवनाथपुर पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया।

---

## सिमडेगा में साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पुलिस प्रशासन के द्वारा साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने नगर भवन में आयोजित क्वीज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साइबर अपराध के बीच जागरूकता पैदा करने एवं साइबर अपराध से कैसे करें बचाव इसको लेकर सभी को जागरूक होना जरूरी है। जागरूकता हीं साइबर अपराध से बचने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। आज के दौर में साइबर अपराध के मामलों प्रकाश में आ रहें है। इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। सोशल साइट्स के माध्यम से साइबर क्राईम किया जा रहा है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि आज जिस तरीके से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए युवाओं को स्वंय जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। मोबाईल पर बिना जानकारी के किसी को खुद से जुड़ी जानकारियां साझा न करें। साइबर अपराधो से बचने के लिए आम जनता हीं नहीं बल्कि समाज के लोगों को भी सजग और जागरूक होने की जरूरत है। सचेत रहें. जागरूक बनें। गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाट्क के माध्यम से साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच क्वीज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

## गांधी मैदान सिमडेगा में 12 दिवसीय दीप मेला का आज होगा उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा गांधी मैदान में आज संध्या 5:00 बजे दीप मेला का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा ।यह मेला उरांव महिला विकास समिति के तत्वाधान में 12 दिनों तक चलेगी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकरी सह कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में पुष्पा कुल्लू अध्यक्ष नगर परिषद सिमडेगा, ओमप्रकाश साहू उपाध्यक्ष नगर परिषद सिमडेगा, सुनिता देवी, वार्ड पार्षद,कांग्रेस अध्यक्ष अनूप केशरी द्वारा कि जायेगी। जानकारी देते हुए दीप मेला के निदेशक ने बताया इस आयोजन में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विभाग के लगभग 75 कुशल शिल्पकार बन्धु भाग लेगें ।जो लगभग लाख पचास हजार उपभोक्ता एवं हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। आयोजन समिति की अध्यक्ष सुश्री पूजा टोप्पो जी ने बताया की इस बार दीप महोत्सव के शि कला मंच से बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से चित्रकला प्रतियोगिता, नृत्य कला प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, कलश सज्जा प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम तीन विजयी प्रतिभागियों को ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से पुरूस्कृत किया जाएगा।

---

### सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे विधायक, कहा

## सब्जी विक्रेताओं को शेड आवंटन में प्राथमिकता दें

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा शनिवार को सब्जी बिक्रेताओं की समस्यों को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। मौके पर विधायक ने सब्जी बिक्रेताओं को सब्जी बाजार में निर्मित सब्जी शेड आवंटन में पूर्व से सब्जी बिक्री करते आ रहे बिक्रेताओं को प्राथमिकता देते हुए दुकान आवंटित करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि अगर लॉटरी से शेड आवंटित कराई जाती है तो 15-20 वर्षो से सब्जी बिक्री करते आ रहे सब्जी बिक्रेताओं को दुकान आवंटित नहीं हो पायेगा। अगर ऐसे बिक्रेताओं को शेड आवंटित नहीं होता है तो इन बिक्रेताओं के समक्ष कई परेशानी उतपन्न हो जाएगी। विधायक ने कहा कि नगर परिषद द्वारा इन बिक्रेताओं को 24 घण्टे के अंदर अतिक्रमण करने का निर्देश दिया गया है। जिस पर विधायक भूषण बाड़ा ने इन बिक्रेताओं को दुकान आवंटित होने तक इन्हें पूर्व से बिक्री करते आ रहे स्थानों में ही सब्जी बिक्री करते रहने देने की बात कही। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,जिप सदस्य सदस्य समरोम पोल तोपनो,जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, प्रदीप केशरी,अजीत लकड़ा, डेविड तिर्की, जोनशन मिंज,सोनल लकड़ा सहित काफी संख्या में सब्जी विक्रेता उपस्थित थे। गौरतलब हो कि शुक्रवार की शाम सब्जी बिक्रेताओं ने विधायक को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया था। जिसके बाद मामले को गम्भीरता से लेते हुए विधायक ने शनिवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंच मामले का समाधान करने का निर्देश नगर परिषद के ईओ सह एसडीओ महेंद्र कुमार को दिया।

### विकलांग सेवा आश्रम सिमडेगा के तत्वावधान में 19 सूत्री मांगों को लेकर दिया गया धरना

**सिमडेगा।** सिमडेगा कचहरी समय शनिवार को विकलांग सेवा आश्रम सिमडेगा के तत्वधान में दिव्यांगों द्वारा 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया ।उनकी प्रमुख मांगों में से नेत्रहीन विद्यालय को चालू करवाना, दीन दयाल पुनर्वास केंद्र खुलवाने ताकि सभी प्रखंडों के दिव्यांगों को रहने की व्यवस्था हो सके । दिव्यांग सेवा आश्रम में मुख्य पथ पर पीसीसी पथ निर्माण ताकि दिव्यांगों को दिक्कत ना हो ।दिव्यांग सेवा आश्रम घेराबंदी ताकि दिव्यांगों को रहने में किसी प्रकार का परेशानी ना हो। दिव्यांग सेवा आश्रम में आवास निर्माण जिसमें वहां रहकर अच्छी तरह से अपने जीवन यापन कर सके। मुक बधिर व मानसिक दिव्यांगों का प्रमाण पत्र निर्गत करें जिससे कि उन्हें भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं सभी दिव्यांगों के लिए रोजगार युक्त प्रशिक्षण की मांग सभी दिव्यांगों को ऋण मुहैया करवाने ताकि वह अपने आजीविका का संचालन कर सके इसके अलावा स्वचालित रिक्शा एवं कुल मिलाकर कुल 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया 7 दिन उनका के घर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगे चलकर और भी आंदोलन किया जाएगा।

---

## सिम्हातु में आपके सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ भू अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह ,बीडीओ यादव बैठा ,महाबुवांग थाना प्रभारी जितेश कुमार ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। भू-अर्जन पदाधिकारी अजय कु बड़ाईक ने कहा आपके लिये उत्तम समय है अपनी समस्या गांव में निराकरण करा सकते हैं।आज प्रखंड के विभिन्न विभाग के लोग आपके गांव मे अपनी आवश्यकता के अनुसार योजना का लाभ ले सकते हैं। बीडीओ यादव बैठा ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको सरकारी योजना का लाभ देने के लिए सरकार आपके द्वार पहुची है , अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं सम्बंधित आवेदन देकर उसका लाभ उठाया जा सकता है सरकार की लाभकारी योजनाओ के लिए अधिक से अधिक आवेदन के माध्यम से लाभ उठाये ,कार्यक्रम में सामाजिक कार्यव के तत्व बृद्धा पेंशन 38 ,बिधवा 6 ,दिव्यांग 5 एकल महिला पेंशन 1 ,कम्बल बितरण 33 ,बकरी पालन 4,बतक -1, गाय 1 आदि आवेदन पड़े । इसमे कुल 526 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 333 आवेदनो का त्वरित निष्पादन किया गया एवं 193 आवेदन का निष्पादन लम्बित रहा, जिसका निष्पादन जल्दी ही किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखड स्थापन पदाधिकारी महाबीर सिंह, खुशबू कुमारी बीपीआरओ रविन्द्र कश्यप, लक्ष्मण महतो, अजय सिंह, आशुतोष कुमार, बीआरसी से बालगोविंद पटेल, घनश्याम कुमार सहित अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मी, अनिल लुगुन एवं पंचायत के मुखिया एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### गोरहर थाने में मारपीट व धमकी देने पर असिस्टेंट मैनेजर ने लिखित शिकायत दर्ज कराई




**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरहर जीटी रोड एनएच2 पर पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य के असिस्टेंट मैनेजर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कर कहा है कि मैं चंदन कुमार पांडेय, पिता दीनानाथ पांडेय, ग्राम पिथनी, थाना दिनारा, जिला रोहतास, बिहार का हूं। लगभग एक सप्ताह पूर्व पुल निर्माण वाले स्थान पर गांव के पांच, छः लोग आकर मेरे साथ मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी दी। उन लोगों ने मेरा मोबाइल तोड़ा तथा सोने का चेन भी छीन लिया। उनमें एक व्यक्ति का नाम बताया गया है जिसके साथ अन्य लोग भी थे। सभी गोरहर के स्थाई निवासी हैं। ये लोग बार-बार साइड पर आ कर गाली गलौज और धमकी देते हैं अतः मेरे जान माल की सुरक्षा को देखते हुए इन पर एफआईआर दर्ज की जाए। लिखा है कि कंपनी से बातचीत के बाद आवेदन थाने को दे रहा हूं। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने कहा कि मामले की छानबीन हेतु एएसआई रविंद्र कुमार को नियुक्त किया गया है। दोषी पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### गौतम बुद्ध कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज में शनिवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 91वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा को मॉडल के जरिये प्रदर्शित किया। मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि भारके के मिसाइल मैन को आज पूरा देश याद कर रहा है। देश के योगदान में उनकी भूमिका को देशवासी भुल नही सकते है। डॉ कलाम ने शिक्षक, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति के रूप में अपनी पूरी जिंदगी राष्ट्रहित एवं मानवता की सेवा में लगा दी। उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद ने कहा कि अब्दुल कलाम का जीवन विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी से कम नही है। बैलेस्टिक मिसाइल और टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाने के बाद उन्हें मिसाइल मैन कहा जाने लगा। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य रचनात्मकता, विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी को बढ़ावा देना बताया।

### बिना चालान के पत्थर लदे तीन हाईवा जब्त

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना भवन के समीप शनिवार की सुबह थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई अशोक कुमार व पुलिस बल के सहयोग से बिना माईनिंग चालान के तीन बोल्डर लदे हाइवा ट्रक को जब्त किया है। जानकारी अनुसार बोल्डर लदे हाइवा जेएच11एन 1508, वहीं दो बिना नंबर के अंकित हाइवा, घोरथंबा से डोमचांच की ओर जा रहा था। तभी थाना भवन के समीप पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने हाइवा को रुकवा कर चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की गयी। चालक द्वारा किसी तरह के कागजात प्रस्तुत नही करने पर हाइवा को जब्त करते हुए अग्रेषित कार्रवाई के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### चौथे दिन के कार्यक्रम में पहुंचे प्रशिक्षु आईएएस



**बरही।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे दिन के कार्यक्रम का निरीक्षण करने प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार नगर भवन पहुंचे थे। जिन्हें बीडीओ सी आर इंदीवर के द्वारा कार्यक्रम में लगे सभी स्टॉल की जानकारी दी गई। इसी दौरान बीडीओ की अगुवाई में प्रशिक्षु आईएएस, एसडीओ पूनम कुजूर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत स्वीकृत पूर्वी पंचायत अंतर्गत ग्राम बरही के दीपक कुमार रंजन पिता स्व. दिनेश राम के कुक्कुट पालन शेड का शिलान्यास किया गया। बीडीओ ने बताया कि योजना की स्वीकृति पिछले माह की गई थी। जिसका दोनो पदाधिकारियों ने शिलान्यास किया। यह कुल 2.21 लाख रुपये की योजना है। बीडीओ ने बताया कि शनिवार की सम्पन्न हुए कार्यक्रम में कुल 346 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 107 निष्पादित और 8 रद्द हुए। शेष प्रक्रिया रत है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# परियोजना पदाधिकारी एनएचएआई रांची को सड़क की मरम्मती कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र में नो एंट्री की समय सीमा को लेकर संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा करने के क्रम में उपायुक्त ने सख्ती से नो एंट्री का पालन कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र से होकर बसों के गुजरने से यातायात समस्या के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। जिस पर उपायुक्त द्वारा रामगढ़ शहरी क्षेत्र से होकर किसी भी बड़े यात्री वाहन को न गुजरने देने एवं सभी बड़े यात्री वाहनों का बस स्टैंड से पटेल चौक होकर ही शहर से बाहर निकलने की व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया।



कोठार ओवर ब्रिज के समीप सड़क की जर्जर अवस्था से आम जनों को हो रही समस्या के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना पदाधिकारी एनएचएआई रांची को सड़क की मरम्मती कराने का निर्देश दिया। रामगढ़ शहरी क्षेत्र में चट्टी बाजार व सुभाष चौक के समीप पशुओं के आवागमन से यातायात की समस्या के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने इस पर लगाम लगाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था में आ रही समस्याओं के मद्देनजर उपायुक्त ने अतिक्रमण की समस्या से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने गोला डीवीसी चौक सहित रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अगर सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को राज्य आपदा मोचन निधि के माध्यम से 1 लाख रुपये तक की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाती है। वही, हिट एंड रन के मामलों में भी मुआवजा राशि का प्रावधान है। साथ ही जो व्यक्ति दुर्घटना के समय पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है उसके लिए राज्य सरकार के द्वारा 5000 की प्रोत्साहन राशि संबंधित व्यक्ति को दी जाती है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं ऐसे मामले सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित को मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों व राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारियों, प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार को लेकर नाटक का मंचन

**मरकच्चो।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान कोडरमा के कलाकारों द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी हेतु मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत के ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। इसके तहत मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह 1 पंचायत सचिवालय के समीप भारतीय लोक कल्याण संस्थान के कलाकारों द्वारा नाटक पर जानकारी दी गयी। मौके पर मुखिया बैजन्ती देवी,समाजसेवी बसन्त साव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के कलाकार टीम लीडर प्रिंस चंद्र गुप्ता, योगेंद्र पांडे, रामप्रवेश बिंद, अखिलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, रूबी कुमारी, काजल कुमारी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे तिलेश्वर साहू सेनाध्यक्ष, जन समस्याओं से हुए रूबरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** शनिवार को पूर्वी पंचायत के द्वारा आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष तिलेश्वर साहू ने शिरकत किया। कार्यक्रम में लगी विभागीय स्टॉल का उन्होंने जानकारी ली एवं जनता की समस्याओं से अवगत हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत आम जनता



के कार्य को सुगमता पूर्वक किया जाना है। इस कार्यक्रम से एक ओर जहां जनता सीधे सरकार से संपर्क में होगी वही बिचौलियों का खात्मा होगा। इसके लिए जनता को जागरूक होना आवश्यक है। अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की जानकारी लें और हर संभव लाभ लेने का प्रयास करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि फरियादियों की समस्याओं को अधिकारियों के द्वारा निष्ठापूर्वक निश्चित रूप से निपटान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं उनकी समस्याएं हैं। इनका निदान करना उनकी पहली जिम्मेवारी है। किसी भी अधिकारी की लापरवाही से कोई भी व्यक्ति निराश होकर न जाए ये सुनिश्चित करना मेरा फर्ज.है और मैं इसे अवश्य पूरा करूंगा। कार्यक्रम में उनके साथ तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, पदमा प्रखंड उपाध्यक्ष गोविंद मेहता, प्रकाश दास, छोटी राम, सन्नी गुप्ता, दीपक गुप्ता, पप्पू चंद्रवंशी, शशि वर्णवाल आदि मौजूद थे।

## श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

# सभी को साथ लेकर समाज के लिए मैं करूंगा कार्य : मानिक चंद जैन

- मानिक चंद जैन अध्यक्ष और नागरमल गंगवाल सचिव बने

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हो गया। जिसमें मानिक चंद जैन अध्यक्ष एवं नागरमल गंगवाल सचिव चुने गये हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर मानिक चंद जैन ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी समाज द्वारा दी गई है उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। श्री जैन ने कहा कि में सभी लोगों को साथ लेकर कार्य करूंगा। साथ ही सभी के सहयोग से समाज हित का कार्य करूंगा। कहा कि जिस विश्वास से समाज के लोगों ने मुझे समर्थन



दिया है उसपर खरा उतरना मेरी जिम्मेवारी होगी।

**कई लोगों ने दी बधाई :** श्री दिगंबर जैन समाज की कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव में मानिक चंद जैन के अध्यक्ष और नागरमल गंगवाल के सचिव चुने जाने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। जिनमें रमेश सेठी, विनोद जैन, जीवन जैन, अशोक कुमार जैन, नरेंद्र जैन, महेंद्र जैन, अरविन्द सेठी, राजू सेठी, अंकित जैन, रोहित जैन, जम्बू जैन, ललित चूड़ीवाल, राजू पाटनी ,चैम्बर अध्यक्ष पंकज तिवारी, सचिव भूपेंद्र सिंह, बार एसोसिएशन के आनंद अग्रवाल, रोटरी क्लब के अनिल गर्ग, विवेक अग्रवाल, सरदार अनमोल सिंह, बलजीत सिंह बेदी,बिमल बुधिया, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अनूप सिंह बाबू साहब, मुरारी लाल अग्रवाल,प्रदीप सिंह, बसंत मित्तल, पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महेश मारवाहा, अग्रवाल समाज से नानू राम गोयल, शंकर अग्रवाल, मारवाड़ी धर्मशाला के जगदीश प्रसाद गोयल, साहू समाज से नन्द किशोर गुप्ता, विनोद गुप्ता, सिख समाज से सरदार जानू कालरा, सरदार आईपीएस छाबड़ा,अमित सिन्हा, धनंजय मानेक, ओमकार मल्होत्रा, मंजीत साहनी, अनुज मित्तल, अरुण रॉय, चैम्बर सेवा ट्रस्ट के विनय अग्रवाल, वकील सिंह, माहवीर प्रसाद जैन, अशोक सेठी, नितिन पाटनी, मारवाड़ी युवा मंच के आशीष जैन, अमित अग्रवाल, किशोर जाजू, रानी सती दादी मंदिर से बजरंग लाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, रंजन फौजी, विधयाक प्रतिनिधि मुकेश यादव, प्रकाश मिश्रा आदि शामिल हैं।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को ले बेडोकला में लगा शिविर



**बरकट्ठा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बेडोकला में शिविर लगाई गई। शिविर का शुभारंभ बीडीओ कृति बाला लकड़ा, सीओ श्री कांत लाल मांझी, मुखिया रिंकी देवी, उपमुखिया अरुणा कुमारी, पंसस यूसुफ अंसारी, रामचंद्र साव,नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, पंचायत सचिव धनेश्वर गोप, बीएफटी दिलीप दास, आरएस रघुनंदन सिंह, पीएमएवाय समन्वयक अजय कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने सार्वजनिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से मनरेगा योजनान्तर्गत उत्तरी छोटा नागपुर उच्च विद्यालय परिसर में वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का विधिवत शिलान्यास किया गया। वही कार्यक्रम में175 लाभुको को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में तुलसी पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, मुरली पांडेय, सुरेंद्र यादव, अशोक यादव, उमेस यादव, बीरेंद्र शर्मा वगैरह काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### अरुण साहू ने तूफान क्लब के खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**बरही।** शनिवार को पदमा प्रखंड के तूफान क्लब कंडादाग के खिलाड़ियों ने बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू से मुलाकात किया। केंद्रीय अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि स्थानीय खिलाड़ी किसी भी स्तर से कम नहीं है। उन्हें कभी भी कम आंकने की आवश्यकता नहीं है। केन्द्रीय अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को जर्सी देकर सम्मानित भी किया। साथ ही भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना भी किया। इस अवसर पर तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, अल्पसंख्यक अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रकाश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, पदमा प्रखंड उपाध्यक्ष गोविंद मेहता, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, सन्नी गुप्ता, दीपक गुप्ता, पप्पू चंद्रवंशी, शशि बर्नवाल, प्रेम राम आदि मौजूद थे ।

### असाध्य रोग से ग्रसित सफीरन का घर नहीं, दूसरे के घर रहने को विवश



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह ग्राम निवासी 50 वर्षीय सफीरन खातून, पति इमामन अंसारी असाध्य रोग से ग्रसित है। सफीरन कैंसर बीमारी से पीड़ित हैं जिनका इलाज रांची मेदांता हॉस्पिटल से चल रहा है।इनका मिट्टी का मकान पिछले वर्ष ही बारिश में गिर चुका है ।अब ये दूसरे के घर में रहने को विवश हैं।अभी जिस घर में रह रही हैं वह भी मिट्टी का है जिसके दिवार में दरार आ चुका है और कभी भी गिर सकता है। छः बच्चे हैं जिनमें दो की शादी हुई है बाकी चार बच्चे अभी छोटे हैं।बच्चों की परवरिश को लेकर यह दंपत्ति काफी चिंतित हैं।वहीं इमामन अंसारी ने बताया कि हम लोग पीएम आवास के लिए आवेदन दिए हैं,लेकिन अभी तक नहीं मिला है। ।पत्नी के इलाज में सारा पैसा खर्च हो चुका है और बीमारी में सुधार नहीं हो रहा है। मौके पर मौजूद पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि सफीरन खातून का घर देखा है और घर गिर चुका है ।यह परिवार दूसरे के घर में रह रहे हैं जो जर्जर स्थिति में है। कैंसर जैसे असाध्य रोग होने के कारण स्थिति दयनीय है। इन्हें पीएम आवास दिलाने का हम लोग हर संभव प्रयास करेंगे।

### झारखंड सेवा समिति की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति की बैठक शनिवार को साहू धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश के एकीकरण में बहुत बड़ा योगदान दिया था। इसलिए उनकी प्रतिमा रामगढ़ में स्थापित की जाए। बैठक में मुख्य रूप से नंदकिशोर गुप्ता, अमित सिन्हा, मनोज मंडल,छोटन सिंह, विनोद साव, राजेश प्रसाद, अजीत जायसवाल, आनंद सिन्हा, संजय दांगी, जीतू अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजेश शाह, बृजेश कुमार, नीरज प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### आईलेक्स में मनायी गयी मिसाईल मैन की जयंती




**बरही।** पंचमाधव स्थित +2 आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा देश के राष्ट्रपति रहे मिसाइल मैन डॉ डॉ ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मिसाईल मैन के चित्र पर पुष्पांजली व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपास्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक शैलेश कुमार, ने मिसाईल मैंन में जीवन संघर्ष व देश के प्रति उनके योगदानों और उनके आदर्शों को विस्तार से बताया। साथ ही उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए उसका अनुसरण करने को प्रेरित भी किया। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए पूर्व राष्ट्रपति के बचपन से लेकर राष्ट्रपति तक के सफर की कहानी सुनाई। कहा कि गरीबी, परेशानी और समस्याएं सबके जीवन में होती है, परंतु जो इससे संघर्ष करते हुए आगे बढ़ता है उसकी पहचान अलग होती है और जीवन में वही सफल होता है। कार्यक्रम में पायल, सुमन, परी, अंजलि, सौरभ, श्रवण, खुशी, सुधा, गौतम, अंश, प्रियांशु इत्यादि ने भी भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक पासवान, अंजू देवी, रविंद्र कुमार, इमरान अंसारी, नरेश कुमार, पप्पू यादव, पूजा कुमारी, अंजलि केसरी, स्वाति वर्मा, संजीव कुमार, शाहरुख खान, आकाश यादव, प्रकाश कुमार, पूनम देवी, इरम अंसारी, निधि पाठक, आयशा खातून, प्रियंका कुमारी, स्वाति राणा, पम्मी कुमारी, निम्मी कुमारी, नेहा कुमारी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम समापन भूषण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

# शिविर में लोगों को जनोपयोगी योजनाओं का मिल रहा लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्य सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से अनेकों जनोपयोगी योजनाओं का लाभ तो दे ही रही है बल्कि जिले के वृद्ध नागरिकों के बेहतर देखभाल व आगामी सर्दी के मौसम के मद्देनजर ठंड से बचाव हेतु बड़े पैमाने पर आयोजित शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। राज्य सरकार की सोच है कि राज्य का हर व्यक्ति किसी न किसी योजना से लाभान्वित हो सके एवं जिले में वृद्धजनों का बेहतर देखभाल व उनकी जरूरत को पूर्ण किया जा सके। अपने-अपने पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में क्या खास क्या आम सभी नागरिक शिविर में आकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं तथा योजनाओं की स्वीकृति पाकर गदगद भी हो रहे हैं। इचाक के हजारी, बरकट्ठा के बेडोकला, बरही के बरही पूर्वी, बड़कागांव के बड़कागांव पश्चिमी, केरेडारी के पांडू, कटकमसांडी लुपुंग, कटकमदाग के मसरातू, विष्णुगढ़ के करगालो, सदर के ओरिया, चौपारण के दादपुर, चुरचू के चुरचू, चलकुशा के सेवाटांड एवं टाटीझरिया के झरपो मे सैकड़ों की संख्या में वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके दरबार पार्ट टू को किसी ने खानापूर्ति तो किसी ने जनहितकारी बताया

**बरही।** राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार-पार्ट 2' के पहले चरण में जनता की निरसता देखी जा रही है। कार्यक्रम के संबंध ने किसी ने इसे महज खाना पूर्ति तो किसी ने जनहितकारी बताया।



**गोविंद साहू :** रसोईयाधमना पंचायत के मुखिया गोविंद प्रसाद साहू ने बताया कि शिविर के माध्यम से जनता के जटिल समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान होना चाहिए था, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। शिविर में सभी अधिकारियो व कर्मचारियों के बाबजूद भी अधिकांशतः योजनाओ के लिए सिर्फ आवेदन जमा लिए जा रहे है। इसका निष्पादन बाद में किया जाएगा।



**विष्णुधारी महतो :** आजसू नेता व त्रिस्तरीय पंचायत में बरसोत पंचायत के पूर्व मुखिया के पति विष्णुधारी महतो ने भी कुछ ऐसा ही बताया। उनके अनुसार कैम्प में सिर्फ रूरीन वर्क किए जा रहे है। कंबल वितरण, स्वास्थ्य चेकअप, राशन कार्ड सरेंडर आदि करवाने को कार्य निष्पादन की संज्ञा देकर शासन और प्रशासन दोनो वाहवाही लूट रही है। इससे प्रखंड और अंचल के कार्य पूरी तरह बाधित है। जनता किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है।



**रागिनी गुप्ता :** पिछले एक माह से जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र हेतु चक्कर लगाने वाली रागिनी गुप्ता यह सोचकर जनता दरबार में आई थी कि शायद उनके समस्या का समाधान होगा। परन्तु यहाँ भी प्रमाण पत्र नही बन रहे है। ऐसे में जनता दरबार का कोई लाभ नही है। सिर्फ आम जनता भाग दौड़ में समय और पैसा बर्बाद कर रही है।



**बसंती देवी :** आवास के लिए बेन्दगी के जनता दरबार मे आई बसंती देवी ने भी ऐसा ही कुछ कहा। इनके अनुसार सिर्फ आवेदन जमा होता है, जो बाद में कबाड़ में चला जाता है।



**मोतीलाल चौधरी :** बरसोत पंचायत के वर्तमान मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से 60% तक लाभ होते है। हालाँकि इन्होंने भी कहा कि अभी संभव कार्य का ऑन स्पॉट निष्पादन होना चाहिए।



**क्या कहती है बीडीओ :** बीडीओ सीआर इंदीवर की माने तो इस कार्यक्रम में प्रति दिन सम्भव कार्यक्रम का शिविर में ही निष्पादन हो रहा है। कुछ योजनाएं जो वरीय स्तर से होने वाले है। सिर्फ उसके लिए ही आवेदन जमा लिए जा रहे है। कोविड टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे कार्य निष्पादन के रूप मे देखे जा रहे है। सभी आवेदकों के आवेदन पंजीकृत हो रहे है, जिस पर उचित कार्यवाही होगी।

## न्यूज गैलरी

### खनन विभाग ने कार्रवाई कर बंगरु से एक अवैध बालू के साथ ट्रैक्टर किया जब्त



**सिमडेगा।** खनन विभाग द्वारा बंगरू के समीप अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर शनिवार की अहले सुबह जब्त करते हुए सिमडेगा थाना को सुपुर्द किया। खनन निरीक्षक गणेश चंद्र परीड़ा ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश अनुसार छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध बालू लोड कर शहर की ओर आ रहे एक ट्रैक्टर को बंगरु के पास जब्त करते हुए थाना को सुपुर्द किया है तथा उनके विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बार-बार अवैध खनन को लेकर खनन विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है लेकिन इसके बावजूद कई ट्रैक्टर चालक मनमाना तरीके से चोरी-छिपे अवैध बालू का कारोबार कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी ताकि सरकार का राजस्व का नुकसान ना हो। गौरतलब हो सिमडेगा के पालमाड़ा नदी सहित कई नदियों में अभी तक टेंडर नहीं हुआ है इसके बावजूद अवैध बालू के कारोबारी धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे हैं।

### नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बानो।** बानो सर्किल के महबुवांग ओपी क्षेत्र अंतर्गत वीरता पूरब टोली में बीती रात नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर हत्या कर दिया। घटना की जानकारी सुबह पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पति पत्नी दोनों नशे में धुत थे। किसी बात को लेकर दोनों में तू-तू-मैं-मैं हुआ। गुस्से में पास रखे डंडे से मार डाला। जिससे हल्यानी बडिंग की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर महाबुवांग पुलिस गांव जा कर मृत शव को कब्जे में ले ली। थाना प्रभारी जितेश कुमार ने बताया कि आरोपी हत्यारा पति गाब्रिएल तोपनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शव सौप दिया।

### विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड में एस के बागे कॉलेज में पीरामल फाउंडेशन के सौजन्य से कॉलेज में पढ़ रहे बच्चों को हाथ के सफाई के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। बताया गया कि सभी लोगों को भोजन करने एवं किसी प्रकार के कार्य करने के पूर्व हाथ अवश्य धोनी चाहिए ताकि हाथ में फैली गंदगी और हाथ में जो भी बैक्टीरिया हो वह साफ हो और साफ हाथों से रोग नहीं होते हैं। वही बच्चों के बीच क्विज कॉम्पिटिशन और गतिविधियां चलाई गई जिससे बच्चे जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक कर सके। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड दीपिका कुमारी एवं कॉलेज के बालमुकुंद प्रसाद, रीना कुमारी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### आदिवासी प्रकृति और परम्परा की पहचान है जतरा : रोहित उरांव



**कैरो/लोहरदगा।** शनिवार को कैरो प्रखंड के गजनी में जतरा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उपस्थित हुए। इस अवसर पर जतरा कमिटी के द्वारा आदिवासी परंपरा के अनुरूप मुख्य अतिथि का स्वागत ढ़ोल नागाड़े एवं आदिवासी वेश-भूषा दे कर किया गया। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा आदिवासी प्रकृति एवं परम्परा कि पहचान है जतरा, प्रकृति के साथ प्रेम का संदेश देती है जतरा। आदिवासी समाज प्रक्रितिक पूजक है प्रकतिक के प्रति प्रेम एवं सौहार्द आपसी भाईचारा एवं प्रेम है, साथ ही हम सभी को अपने आदिवासी समाज एवं प्रकृति कि रक्षा करने कि जरूरत है वर्तमान समय मे पूर्वजो का सपना को साकार करने कि जरूरत है।इस दौरान आदिवासी परंपरा और संस्कृति के अनुसार जतरा चाल्हो, महुआरी, बीयासी, कोलसीमरी और गजनी का खोड़हा ढोल नगाड़े मांदर के साथ जतरा में झूमते गाते सामिल हुए। मेला में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली दल बल के साथ उपस्थित रहे।इस दौरान आयोजकों के द्वारा माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुखिया सुमन उराव ,भूत पूर्व मुखिया करमचंद उराव, वार्ड सदस्य विनोद उरांव ,पहान बीरू उराव, समाजसेवी गुहा उराव ,वीरसिंहटाना भगत संजय नायक, गणपत उरांव,नारायन उरांव, हरिदास उरांव, सुशील उरांव आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी की एक दिवसीय बैठक



**भंडरा/लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी की एक दिवसीय बैठक शनिवार को स्थानीय जिला परिषद निरीक्षण भवन भंडरा में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से भारत जोड़ो पदयात्रा के प्रखंड प्रभारी सिकंदर अंसारी उपस्थित हुए। और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा एक तरफ नरेंद्र मोदी देश को तोड़ने पर लगे हुए हैं। और हमारे राहुल गांधी देश को जोड़ने के लिए पूरे भारत का दौरा कर रहे हैं। इससे साबित होता है की देश को कौन आगे ले जा सकते है। वंही प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने कहा की आज देश को हिंदू, मुस्लिम, मंदिर मस्जिद से चीन ,पाकिस्तान से उपर उठकर सोचने वाले व्यक्ति की जरूरत है तभी देश की विकास हो सकता है। इसके साथ कई वक्ताओं ने अपना विचार कांग्रेस पार्टी की मजबूती को लेकर रखा। बैठक में मुख्य रूप से तबरेज मीरदहा, जीवन लकड़ा, निरंजन एक्का, इम्तियाज अंसारी, जुबी उरांव, विरिया उरांव, मोबारक अंसारी, फगुआ उरांव, गन्दूरा उरांव, बिरसु उरांव, गौशूल मीरदहा, लाल गौरीशंकर, मनराज उरांव, काले उरांव, सलाउद्दीन अंसारी, प्यारी उरांव, विगा पहान, खुर्सीद अंसरी, बासुदेव उरांव, विजय उरांव, बिरसु उरांव आदि उपस्थित थे।

---

20 सूत्री कार्यक्रम व क्रियान्वयन और जिला योजना समिति की बैठक

# 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम से सभी वर्ग को हो रहा फायदा : सत्यानंद भोक्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के जिला परिषद सभागार में आयोजित 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक में सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड ने कहा कि राज्य में जैसे ही वर्तमान सरकार का गठन हुआ। देश में बहुत बड़ी आपदा आयी। कोविड-19 में हाट बाजार सब बंद था, लेकिन अब एक वर्षो से जो दिखाई दे रहा है गांव और शहर में, जब कोविड-19 से हमलोग को मुक्ति मिला। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक अभियान 'आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार' पंचायतों में चलाया। इसमें जो बहुत सारी समस्याएं थीं वो बुनियादी समस्याएं थीं। उसमें लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। उसी तर्ज पर अभी राज्य के हर जिले में के सभी पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका लाभ सभी वर्ग को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 36 लाख आवेदन का निष्पादित हुआ है। फिर दूसरा फेज चल रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभी 14 नवंबर तक चलेगा। 20 सूत्री की समीक्षा में मंत्री ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाई जा रही मनहे चंदगो सड़क, सनई हापे सड़क, की जांच 20 सूत्री उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद का स्थानीय सदस्य तथा अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी। मंत्री ने सनई हपात पथ में पुल निर्माण के ठेकेदारों को 15 दिन में कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। 15 दिन में कार्य प्रारंभ नहीं होने पर उन्हें डीबार किया जाय। कृषि पदाधिकारी को रवि फसल के बीज वितरण जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में करने का निर्देश दिया गया। भूमि सरक्षण के बड़े तालाब, छोटे तालाब, पंप सेट, ट्रैक्टर वितरण करने की समीक्षा उपायुक्त को करने का निर्देश दिया।

ऊर्जा विभाग के कार्यपालक अभियंता को जर्जर तारों को बदलने का प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले परिवारों को निशुल्क करने का निर्देश दिया गया। जिला आपूर्ति के डाकिया योजना, खाद्यान वितरण, कार्डधारी, के समीक्षा में कहा गया की धनी लोगों द्वारा राशन लिया गया है उसे बाजार मूल्य के आधार पर राशि जोड़कर नोटिस देते हुए वसूली की जाय। पथ निर्माण विभाग को पथों का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना से जुड़े लाभुको की जानकारी ली गई। जिले से पलायन रोकने हेतु प्रशिक्षण एवं स्थानीय लोगो का रोजगार देने का निर्देश दिया गया। खनन विभाग को बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया पूरा करने निर्देश दिया गया। हिंडाल्को को माईनिंग एवं परिवहन क्षेत्र में खराब सड़क की मरम्मती एवं पानी की छिड़काव करने का निर्देश दिया गया। शहर में सुरक्षा की दृष्टि से डीएमएफटी फंड से सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। सभी जिला परिषद सदस्यो द्वारा अपने अपने प्रस्ताव दिए गए। बैठक में विधायक सह मंत्री डा0 रामेश्वर उरांव, उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार, साबिर खान 20 सूत्री उपाध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि चंदशेखर प्रसाद, अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि, सदस्य जगदीप भगत, सुखैर भगत सहित सभी 20 सूत्री सदस्य एवं सभी जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।

### निकाय चुनाव का समय आते तक ओबीसी आरक्षण का मामला निपटारा कर लेगी : मंत्री



**लोहरदगा** पहुंचे सूबे के श्रम नियोजन मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्थानीय पत्रकारों से कहा कि, झारखंड में महागठबंधन की सरकार निकाय चुनाव का समय आते आते तक ओबीसी आरक्षण का मामला का निपटारा कर लेगी। निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण का लाभ मिलेगा। ओबीसी को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाएगा। कहा कि, बिहार में अभी होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। इस बात को लेकर झारखंड में चर्चा हो रही है। जबकि मामला बिहार का है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन सरकार ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर विपक्ष का मुद्दा समाप्त कर दिया है। इससे पूर्व की बहुमत की सरकार ओबीसी को हमेशा ठगा है। राज्य के महागठबंधन की सरकार ने ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर ओबीसी समाज के प्रति अपनी सोच और नजरिया स्पष्ट कर दिया है।

### अपग्रेड ईपोस मशीन राज्य सरकार क्रय करेगी : सत्यानंद भोक्ता

**झारखंड** के सभी राशन दुकानो में ई पोस मशीन से राशन सामग्री देने से गरीब लाभुकों को होने वाली परेशानी से राज्य सरकार भली प्रकार अवगत है। झारखंड में 2जी पर आधारित ई पोस मशीन को राज्य सरकार यथाशीघ्र अपग्रेड करने में लगी है। झारखंड के सभी राशन डीलरों को राज्य सरकार 4जी पर चलने वाली आधुनिक ईपोस मशीन खरीद कर उपलब्ध कराएगी। उपरोक्त बातें शनिवार को सूबे के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 4जी 5जी पर चलने वाली ई पोस मशीन की खरीदारी राज्य सरकार करेगी। इसको लेकर राज्य कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर लिया गया है। यथाशीघ्र जन वितरण प्रणाली के लाभुकों और राशन डीलरों को इसका लाभ मिलेगा।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया ग्लोबल हेंडवासिंग दिवस



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में ग्लोबल हेंडवासिंग दिवस मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने नाटक तथा क्विज प्रतियोगिता के द्वारा ग्लोबल हेंडवासिंग दिवस के माध्यम से सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक किया वहीं सही तरीके से हैंडवासिंग न करने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बहुत बारीकी से समझाया। निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरे विश्व में ग्लोबल हेंडवासिंग दिवस पर मनाया जा रहा है वहीं हेंडवासिंग केवल दिवस मात्र नहीं बल्कि आर्दश जीवन का सार्थक हिस्सा है। वहीं इस कार्य को अपने जीवन में बहुत सारी चीजों को छूने से हमारे हांथ तथा नाखून तक वेक्टेरिया से सम्पर्क में होता है जिससे हमसभी कई प्रकार के बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। जिससे बचाव के लिए हेंडवासिंग अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में नोवेल कोरोना वायरस से बचाव के लिए भी नियमित रूप से हेंडवासिंग अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य संगीता कुमारी ने भी अपने विचार रखते हुए लोगों को हेंडवासिंग अत्यंत आवश्यक है जिसे विशेष ध्यान देने को कहा। जिससे हम सभी स्वस्थ रहें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। वहीं इस मौके पर सहायक प्राचार्या प्रभा सुरीन, संस्थान के कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ट्यूवटर नूतन कीड़ो, अलविना तोपनो, कुमुदनी कुमारी, लीलावती साहू, बिनीता, रश्मि बा एवं अन्य सभी उपस्थित थे।

## टॉय पिस्टल दिखाकर ज्वेलरी दुकानदार से मांगी रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार

एसडीपीओ बीएन सिंह ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा, कहा अपराधी प्रवृत्ति का है आरोपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बीचोबीच स्थित एक ज्वेलरी दुकान में पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी को पुलिस ने महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्त में आये आरोपी की पहचान कौनेज कुरैशी पिता आजम कुरैशी, पता कुरैशी मुहल्ला लोहरदगा के रूप मे किया गया है। सदर थाना में आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 245/22 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। दर्ज मामला में हथियार दिखाकर भयभीत कर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया गया है। इस संदर्भ में शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की दोपहर लोहरदगा थाना अन्तर्गत रिहायशी एरिया मैंना बगीचा स्थित गायत्री ज्वेलर्स के मालिक निलेश खत्री को अज्ञात अपराधी द्वारा बेखौफ पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांग की गयी तथा रंगदारी नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होने पर लोहरदगा थाना द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए ज्वेलर्स दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का अवलोकन कर अपराधी की पहचान किया गया तथा 03 घंटा के अंदर घटना का उदभेदन करते हुए घटना में संलिप्त अपराधी को हिरासत में लिया गया तथा उसके पास से एक टॉय पिस्टल बरामद की गयी, जो देखने में बिल्कुल असली पिस्टल जैसा है, जिसे देख कर कोई भी व्यक्ति भयभीत हो सकते है।

एसडीपीओ बी एन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौनेज कुरैशी अपराधी प्रकृति का व्यक्ति है। एक माह पूर्व ही वह जेल से रिहा होकर बाहर आया है ।उसके विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 108 / 22 दर्ज है । पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में अनिल कुमार, पंकज कुमार शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, सुजित कुमार, सुकु सोरेन, अरविन्द कुमार शर्मा समेत अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## पाइकपारा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के पाइकपारा पंचायत में शनिवार को सरकार के निर्देश पर आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत प्रखंड प्रशासन द्वारा पंचायत में शिविर लगाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष रोश प्रतिमा सोरेंग, जिप सदस्य अजय एक्का, पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, आइटीडीए निदेशक सलन भुईयां, डीडीसी अरूण वाल्टर सांगा सीओ समीर कच्छप ने किया।मौके पर जिप सदस्य अजय एक्का ने राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष शिविर पर कहा कि यह कार्यक्रम आपकी सुविधा एवं लाभ देने की लिए लगाई गई। इसका आप सभी लाभ लें उन्होने सरकार की



कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अन्तर्गत बालिकाओं को कक्षा 8वीं, 9वीं में 2500, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 5000 एवं 18-19 वर्ष की आयु की किशोरियों को 20000 रुपए का आर्थिक मदद मिलेगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत 50 हजार तक ऋण बिना किसी गांरट की मिलेगी। डीडीसी सिमडेगा अरूण वाल्टर सांगा ने कार्यक्रम में लगाये गए स्टॉल का निरीक्षण किया। कर्मियों से कार्यों की जानकारी प्राप्त की, वहीं ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण एवं योजना से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दियें। कार्यक्रम में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के स्टॉल सहित राजस्व, शिक्षा, विद्युत, पंचायत राज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सहकारिता, कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, श्रम, कल्याण, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, बैंक, जेएसएलपीएस के स्टॉल सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गए थें। ऊसलाईंन कान्वेंट रेंगारिह विद्यालय के बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया।इसके अलावे परिसम्पति का वितरण किया। मुखिया सुशीला लकड़ा, जिप सदस्य प्रतिनिधि अमृत चिराग तिर्की, जेएमएम केंद्रीय सदस्य मोहम्मद शाहिद, अन्य उपस्थित थें।

## कांग्रेस व आजसू के तीन दर्जन कार्यकर्ताओं ने थामा जेएमएम का दामन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड के आकाशी पंचायत के कांग्रेस पार्टी एवं आजसू के तीन दर्जन कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। बता दें कि कांग्रेस पार्टी एवं आजसू के तीन दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि बिठ्ठु उरांव एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव के द्वारा सभी को माला पहनाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा में स्वागत किया गया।



इस मौके पर अपने संबोधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार के द्वारा जो तेज गति से कार्य किए जा रहे हैं इसी से प्रभावित होकर दूसरे संगठनों के लोग स्वतः झारखंड मुक्ति मोर्चा में खींचे चले आ रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा में सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है तथा सभी के बातों को सुनते हुए सभी की समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज अंसारी, शामिल उरांव, बिठ्ठू उरांव, मनसूर अंसारी, नौसद अंसारी, जमाल अंसारी, नेजाम अंसारी, आशिक अंसारी, अल्ताफ राजा, जमानत अंसारी, हैदर अंसारी, शेख काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 20 को खुंटीटोली चौक से शुरू होगी भारत जोड़ो पदयात्रा

पदयात्रा में शामिल होंगे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक परिसदन भवन में हुई। मौके पर झारखंड सरकार के सचेतक सह विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का अहम रोल होगा। सभी कार्यकर्ता अभी से ही कार्यक्रम की तैयारी में जूट जाएं। उन्होंने सभी नवनियुक्त डेलिगेट सदस्यों एवं प्रखंड अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि आपको पार्टी ने अहम जिम्मेवारी सौंपी है। इसे बखुभी निभाएं और जिले में संगठन को मजबूत करें। विधायक ने बताया कि जिले में 20 अक्तूबर को भारत जोड़ा पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा खुंटीटोली चौक से शुरू होगी। जो नीलम पेट्रोल पंप तक जाएगी। दिन के 11 बजे से निकलने वाले पदयात्रा में मुख्य रुप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रखंड का विस्तार करने पर भी चर्चा की गई। मौके पर नव नियुक्त सभी डेलीगेट सदस्यों एवं प्रखंड अध्यक्षों को विधायक सहित पार्टी जिलाध्यक्ष अनुप केसरी ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही जिले में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडी सिंह, मो समी आलम, जोनसन मिंज, रंणधीर रंजन, दिलीप तिर्की, प्रदीप केसरी, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, शांतिबाला केरकेट्टा, समरोम पौल तोपनो, नवीन बिरेन तिर्की, रजत लकड़ा, अनुप लकड़ा, नॉमिता बा, शीला देवी, फुलजेन्सिय बिलुंग, तुलसी पारंगत खलखो, बर्थलोमि तिर्की, सुशील जरिया, रजत लकड़ा, अजित लकड़ा, सिल्वेस्टर बघवार, सोनल लकड़ा, जेफ्रीन केरकेट्टा, सुषमा कुजूर, मंजू तिर्की, प्रतिमा कुजूर, श्यामलाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन, अशफाक आलम,मो करू, प्रेम दास, मो अरमान, संजय केसरी, वरदान लकड़ा, लीला नाग, खुशी राम, सोनल लकड़ा, रवेल लकड़ा, वारिस राजा, अनिल खेस, तारसिला बिलुंग सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

इस्लामपुर में जशने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# गुजरात से आये शब्बीर बरकाती ने एक से बढ़ कर एक नात-ए-पाक पेश की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मरहबा कमेटी के द्वारा शुक्रवार की रात शहर के इस्लामपुर में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आये उलेमा एक कराम व शायर ए करामों ने एक से बढकर नबी के शान में कलाम पेश किए। कार्यक्रम में गुजरात से आये शब्बीर बरकाती ने एक से बढ़ कर एक नात ए पाक पेश करके लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान-ए-पाक के तिलावत के साथ किया गया। मौके शब्बीर बरकाती द्वारा प्रस्तुत किए गए नूर वाला आया है, नूर लेकर आया है,सारे आलम में ये देखो कैसा नूर छाया है.... पर लोग झूमने के लिए मजबूर हो गए। उन्होंने ख्वाजा गरीब नवाज के शान में कुर्सी पर कोई तो बैठे राजा मेरा खाजा है... प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही मेरा बादशाह हुसैन है....मौला अली अली अली प्रस्तुत किया गया। जिस पर अकीदतमंद झूम उठे। कार्यक्रम में मौलाना रौशनुल कादरी ने कहा कि मोहम्मद साहब ने पूरी कायनात को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। उन्होंने लोगों की मदद करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब के बताए हुए बातों को अपनी जिंदगी में उतारें तब ही इसका मक्सद पूरा होगा। बीमारों-गरीबों की मदद करने की अपील की। कार्यक्रम में मौलाना ने एकता का पाठ पढ़ाते हुए समाज के विकास के लिए एकता जरूरी है। कार्यक्रम में कारी जमील अख्तर, हाफिज वशीम अकरम, कमर गयावी आदि ने एक से बढ़कर एक नातिया कलाम पेश किया। कार्यक्रम का समापन सलातो सलाम दुआओं के साथ हुआ जलसे को लेकर कार्यक्रम स्थल में खास साज सज्जा की गई थी। मौके पर लंगरख्वानी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सिमडेगा जिले के विभिन्न प्रखंडों के अलावा ओड़िशा, राउरकेला, बिरमित्रापुर, राजगांगपुर, खटकुलबहार, गुमला, लोहरदगा, रांची सहित विभिन्न जगहों से लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मरहबा कमेटी के सदर मो. जुनैद, हुजैफा हुसैन, सैफ अली, राजा कुरैशी, मोजस्सम अंसारी, वशीम कुरैशी, तनवीर अंसारी, जुनैद रजा आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए थे। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों को तैनात किया।

## न्यूज गैलरी

### मैट्रिक व इंटर के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2023 ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब परीक्षार्थी 21अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। वही शुल्क जमा करने क अंतिम तिथि 27 अक्तूबर तक तय की गई है। वही, विलंब शुल्क के साथ 22 से 28 अक्तूबर तक ऑनलाइन फॉम भरे जायेंगे और 1 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ शुल्क जमा होगा। 1 अक्तूबर तक ही बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है। जैक ने इसके लिए परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालय, महाविद्यालय के प्रधानों और पदाधिकारियों को सूचित कर दिया है। इधर,मैट्रिक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन करने की तिथि भी बढ़ाई गई है।। झारखंड मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2022 का आवेदन फॉर्म जमा करने की भी तिथि बढ़ा दी गयी है । इसके लिए अब 10 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। परीक्षा शुल्क देने की अंतिम तिथि 12 नवंबर तक है। 14 नवंबर से 17 नवंबर तक अभ्यर्थी जमा आवेदन फॉर्म में संशोधन कर पायेंगे।

### विश्रामपुर में नहीं रुक रहा अवैध महुआ शराब की बिक्री



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया निवासी अयोध्या सिंह के द्वारा अपने घर मे लगातार अवैध महुआ शराब बना कर बेचने का काम किया जा रहा है। जिसके वजह से गांव के आसपास का माहौल बिगड़ रहे हैं। यहां के स्थानीय ग्रामीण अवैध महुआ शराब पीकर बर्बाद हो रहे हैं। शराब के नशे में युवक अपने घर जाकर अपने परिवार व पत्नी के साथ मारपीट गाली गलौज कर रहे हैं। जिसके कारण घर का वातावरण भी बिगड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विश्रामपुर थाना प्रभारी से कई बार की है। इसके बावजूद कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। शनिवार को स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि अयोध्या सिह के द्वारा विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खेड़मोड़हा सप्ताहिक बाजार में भी खुल कर शराब बेचा जा रहा है। शराब के नशे में इस साप्ताहिक बाजार में भी लोग दारू पीकर झगड़ा झंझट करते नजर आ रहे थे।

### बाईसी कुटुम स्वशासन परंपरा को आधुनिक समय के अनुसार पुनर्जीवित करने के लिए विचार गोष्ठी आयोजित



**रांची।** शनिवार को अनगड़ा प्रखंड के अंतर्गत सिरका नया टोली में बाईसी कुटुम स्वशासन परंपरा को आधुनिक समय के अनुसार पुनर्जीवित करने के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आंदोलनकारी श्री जगेश्वर महतो ने किया विचार गोष्ठी को मुख्य अतिथि कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराम महतो ने कहा बाईसी कुटुम के बिना समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता है। इसलिए बाईसी कुटुम्ब को संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय संयोजक विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह ने बाउंसी कुटुम्ब के बारे सविस्तार वर्णन करते हुए रांची जिला में संगठन को बारे युवा क्रांतिकारी समाजसेवी श्री दुर्गा महतो को रांची जिला संजोक मनोनीत किया। बाईसी कुटुम के विचार गोष्ठी के पदाधिकारी के अलावे जयप्रकाश महतो, संगठन मंत्री व राष्ट्रीय सदस्य रतन महतो, केंद्रीय सदस्य संदीप महतो, सुरेश महतो नरेश, महतो घने नाथ महतो, किशुन महतो, आशाराम महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### लातेहार बुल्स ने लातेहार जांबाज को 7 विकेट से हराया

लातेहार। लातेहार प्रीमियर लीग का पहला मैच लातेहार जांबाज ताथा लातेहार बुल्स के बीच खेला गया । जहां लातेहार जांबाज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 39 रन पर ही ढेर हो गई बनाए। लातेहार बुल्स की ओर सीशुटोश सिंह 3, राकेश ताथा आनंद ने दो दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार बुल्स ने ने 14ओवर में ही 3 विकेट खोकर 40 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमें प्रताप 18 ताथा राजन ने 10 रन का योगदान दिया। लातेहार जांबाज की ओर से अंकित गौरव ने 2 विकेट लेने में सफल रहे । मेन ऑफ द मैच लातेहार बुल्स के आशुतोष सिंह को चुना गया । मैच के अंपायर आनंद सिंह ताथा न्यूटन आनंद थे जबकि स्कोरिंग समरेश बादल ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार सुपरकिंग ताथा लातेहार इंडियन के बीच खेला गया । जहां लातेहार सुपरकिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी । जिसमें अजय कुमार साहू 42 ताथा अभिजीत 11 रन का योगदान दिया । लातेहार इंडियन विकास पांडेय ने 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार इंडियन ने 19 ओवर 2 गेंद में पूरी टीम 91 रन पर ही सिमट गई ।

### भाकपा नेता सह शौंडिक जायसवाल समाज के अध्यक्ष को पितृ शोक

**चंदवा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)नेता सह शौंडिक जयसवाल समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू को पितृ शोक हो गया है । उनके पिता रामा शंकर साहु का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है श्री साहू कई दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज लातेहार सदर अस्पताल में चल रहा रहा था ।इलाज के क्रम में शुक्रवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। इधर शनिवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार देवनद में किया गया । पुत्र प्रमोद कुमार साहू के द्वारा मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया । स्व रामा शंकर साहू एक अच्छे शिक्षक के साथ-साथ पारंपरिक शस्त्र कला में निपुण माने जाते थे उन्हें सैकड़ों बार रामनवमी के अखाड़े में पुरस्कृत किया जाता रहा है। शिक्षक रामा शंकर साहू के निधन पर लातेहार जिले के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रेम शंकर भगत ,अमित कुमार गुप्ता, राजकुमार साहु,पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद सहित कई अन्य लोग शामिल है।

# आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर में आये कुल 5913 आवेदन

## ऑन स्पॉट ३३०६ का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को 11 पंचायतों,मेदिनीनगर नगर निगम के दो वार्डो व नगर पंचायत हुसैनाबाद के दो वार्डो में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 5913 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 3306 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 16 अक्टूबर को हैदरनगर के चौकड़ी, नौडीहा बाजार के नावाटार, चैनपुर के सलतुआ, पांकी के पकड़िया पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। सभी शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा। इसके अलावे नगर पंचायत छतरपुर के वार्ड संख्या 3 व 4 के लाभुकों के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाड़ा में शिविर का आयोजन कर आमजनों को लाभान्वित किया जायेगा। **नावा बाजार :** प्रखंड क्षेत्र के कुंम्भी कला पंचायत स्थित दुर्गा माईस परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपके द्वार, आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत मुखिया सब्या सिंह की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन विकास पांडे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार बीडीओ मोहम्मद अमिर हमजा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव मुखिया सब्या सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।



शिविर में दर्जनों विभागीय स्टॉल लगाकर लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ दिया गया तथा सरकार की महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत बीपीएल परिवार व आदिम जनजाति के लोगों के बीच विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, केसीसी, कंबल परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर लाभुकों द्वारा शिविर में बकरी सेट गाय सेट मुर्गी सेट सहित अन्य योजनाओं को आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त मौके पर पटेल दुबे ,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक अरविंद कुमार द्विवेदी, पंचायत सेवक शिव कुमार यादव, उदय यादव ,छोटू सिंह ,नागेंद्र सिंह, संतोष प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे। **चैनपुर: चैनपुर** प्रखंड के बॉडी पंचायत में 15 अक्टूबर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी , कमाल खान और बाल कृष्ण राव प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभुकों का मदद करते हुए योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया । इस कार्यक्रम में कंबल वितरण के साथ-साथ और भी योजनाओं के साथ अवामो को जोड़ने का काम किया गया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विश्व हाथ धुलाई पर कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले से चलकर आए यूनिसेफ के जिला समन्वयक विंध्याचल चंद्रा, यूनिसेफ से आदान सिद्दीकी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंकज सोनी ने विद्यालय के छात्राओं को हाथ धोने संबंधित कई तरह के टिप्स को बताया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को भोजन करने से पूर्व व शौच के बाद एवं सामान्य रूप से कहीं बाहर से आने के बाद एवं किसी कार्य को करने के बाद अपने हाथों को साफ पानी साबुन से धोने के लिए प्रेरित किया गया है। साथ ही बताया गयसा कि ऐसा करने से संक्रमण से होने वाली बीमारियों से 50% तक की कमी को लाया जा सकता है । विशेष रुप से हाथ




धुलाई दिवस पर छात्राओं के समक्ष जिले से चलकर आए यूनिसेफ के लोगों के द्वारा चर्चा भी की गई । इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । जहां छात्राओं ने मानव श्रृंखला मे क्रमबद होकर जी एच डी बनाया यानी कि ग्लोबल हैंडवाशिंग डे,तथा छात्राओं के द्वारा फोटो क्लिक पॉइंट को भी बनाया गया । मौके पर विद्यालय के प्रभारी वार्डन जयवंती पन्ना, सहित विद्यालय के सभी शिक्षिका एवं मौके पर छात्राएं उपस्थित थी ।

## टाटीदिरी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में आये 100 आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत टाटीदिरी के पंचायत भवन में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अरूण कुमार सिंह, मुखिया सगुनी राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में 100 आवेदन पड़े। सभी आवेदनों को ऑनलाइन कर संबंधित विभाग को निष्पादन के लिए दिया गया। कार्यक्रम में बिडियो अरूण कुमार सिंह ने कार्यक्रम में सभी स्टोल लगे पदाधिकारी के बारी बारी से धुम कर सभी को त्वरित समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनकर त्वरित समाधान करना है। सरकार सभी क्षेत्र के विकास के लिए काफी संवेदनशील है। यही कारण है कि प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी आपके पास आए हुए हैं। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी, प्रमुख शांति देवी,मुखिया शकुनी राम, पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह,पूर्व मुखिया अखिलेश यादव, के आलावे कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### मंझगावां में किसान संगठन का हुआ गठन

**मयूरहंड(चतरा)।** शनिवार को मयूरहंड प्रखंड के मंझगावां पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय किसान विकास मोर्चा के गठन हेतु बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सत्यनरायण सिंह व संचालन रामचंद्र सिंह ने किया। प्रयवेक्षक अर्जुन सिंह, मालेश्वर सिंह, अर्जुन प्रजापति, नवल किशोर सिंह के उपस्थित में सर्वसम्मति से रामचंद्र सिंह को अध्यक्ष, रामदहीन सिंह को सचिव, राजदेव यादव को उपाध्यक्ष, नरेश सिंह तिलरा को उपसचिव तथा अर्जुन पासवान मंझगावां को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ हीं 31 सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। मोर्चा के संरक्षक ने आमसभा के माध्यम से संगठन के कार्यभार व दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर हिमांशु सिंह, मुखिया मंजित सिंह, उपमुखिया उपेंद्र कुमार दांगी, नेपाल सिंह के अलावे दर्जनो किसान उपस्थित थे।

### विश्व छात्र दिवस पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपाई के निर्देशन में सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित इंटर महाविद्यालय सिमरिया में विश्व छात्र दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानूनी सहायता केंद्र के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा द्वारा छात्रों को बताया गया कि प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। साथ ही साथ उपस्थित बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह एवं साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई।

## भंडरिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों ने दिया आवेदन

## लाभुकों को मिला केसीसी ऋण की स्वीकृति पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया पंचायत कार्यालय प्रांगण में आपकी सरकार आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभाग के करीब 500 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें कई आवेदन का ऑन सपोर्ट निष्पादन कर दिया गया है। बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि सरकार द्वारा जनताओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगाया गए थे। इस में पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, जेएसएलपीएस, वृद्धावस्था पेंशन, चिकित्सा, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, केसीसी, पंप सेट, पशुधन योजना, राशन कार्ड, श्रम कार्ड आदि के लिए करीब 500 आवेदन प्राप्त हुआ



है। इस मौके पर एक दर्जन गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। कई विकलांग के बीच ट्राई साइकिल के वितरण की गई। दस लोगों को केसीसी ऋण के लिए ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अंचल पदाधिकारी मदन महली ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में जनता पहुंचकर अपने काम को आसानी से करा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी यहां मौजूद हैं। आवेदन देते के साथ उनका काम किया जा रहा है । साथ ही सभी आवेदन पत्रों को ऑनलाइन कर दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जरुरतमंद लोग राशन कार्ड ,वृद्धा पेंशन, आवास आवेदन दें।उन्होंने कहा कि अगली बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जेनेवा पंचायत में लगाई जाएगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी देवी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी, मनरेगा बीपीओ रविशंकर, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार, सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, बबलू सिन्हा, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी मोजेश किस्पोट्टा, मुशर्रफ अंसारी, विवेक तिवारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## सड़क पर जलजमाव से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत सब्जीबाजार जाने वाली सड़क में जलजमाव, नाले से बहता गंदा पानी व कचरे से आमलोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं, आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं भी खासे परेशान हैं। इससे बेखबर प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। इस मार्ग में नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्थिति नारकीय हो गई है। इससे लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है, लेकिन इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए आज तक कोई सामने नहीं आया है। सड़क के किनारे रहने वालो लोगों में प्रशासन के प्रति खासा रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन में दुश्वारियों का सामना



करना पड़ता है। यह स्थिति पिछले कई वर्ष से बनी हुई है। लोगों का यह भी कहना था कि नाले का गंदा पानी बरसात के दिनों में बहकर उनके घरों में चला जाता है। रविवार एवं बुधवार को यहां पर सब्जी बाजार भी लगता है। नाली का पानी सब्जी बेचने वालो एवं लेने वालो पर छीटा भी पड़ता है' भवनाथपुर पंचायत कि मुखिया बेबी देवी से पूछने पर कि जल्द नाली को बनवा दिया जाएगा।

## प्रतापपुर पहुंचे जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण, कहा

# समाज का कल्याण करना मेरी पहली प्राथमिकता



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/प्रतापपुर।** शनिवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी प्रतापपुर प्रखंड पहुंचे।इस दौरान श्री तिवारी का प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन कर भव्य स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिप भाग 1 की सदस्य तथा संचालन गोविंद ठाकुर ने किया। श्री तिवारी ने कहा कि रूराजनीतिक स्वार्थ और जात पात से उपर उठकर सभ्य और स्वच्छ समाज का निर्माण करना और समाज कल्याण करना मेरी पहली प्राथमिकता है। जिसमें युवाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतापपुर की जनता से मिले प्रेम और आशीर्वाद से अभिभूत हुं तथा दिल से आभार व्यक्त करता हुं। उन्होने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि मैं आपके सुख-दुख में हमेशा साथ रहुंगा। मुझे पूरे झारखंड में सबसे ज्यादा 16000 वोट मिला है। वहीं 100 से अधिक जरूरतमंदों के बीच श्री तिवारी ने कंबल का वितरण किया। इसके उपरांत प्रतापपुर बैंक ऑफ इंडिया के दिवंगत कैसियर मदन राम के 12वीं कार्यक्रम में शामिल दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर एलईडी प्रचार वाहन को किया रवाना, योजनाओं का होगा प्रचार-प्रसार

**चतरा।** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने हरी झंडी दिखाकर शनिवार को एलईडी प्रचार वाहन को किया रवाना। चलन्त एलईडी प्रचार वाहन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार चतरा जिले के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार आयोजित



कार्यक्रम स्थल पर घुम घुम कर करेगी। प्रचार वाहन किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी। जिससे कि आम लोग जागरूक होकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले सके।

## द्वितीय चरण का 2 नवम्बर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

### सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी बीडीओ गणेश महतो ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण के लिए समय निर्धारित किया है। उन्होंने पत्र जारी कर खरौंधी प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड के सुंडी राजी, करिवाडीह, चन्दनी पंचायत के मुखिया, बीडीसी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, स्वयंसेवकों को निर्देश दिए हैं । बीडीओ गणेश महतो ने बताया की सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने पर जोर दिया गया है। जिसे देखते हुए द्वितीय चरण में आगामी 2 नवम्बर से 11 नवम्बर तक प्रखंड क्षेत्र के शेष चार पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2 नवम्बर को सुंडी पंचायत में पंचायत सचिवालय के समीप में, 4 नवम्बर को करिवाडीह पंचायत के बगीचा के समीप,9 नवम्बर को राजी पंचायत के हाई स्कूल के प्रांगण में, 11 नवम्बर को चन्दनी प्रशिक्षण भवन के समीप कैम्प लगा कर आम नागरिकों को आवेदन लिया जाएगा । जिसमें आवेदक को पूरा दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा।कार्यक्रम के तहत आम लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, पेंशन स्वास्थ्य, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पेयजल सहित कई स्टालो को लगाया जाएगा। इसकी जानकारी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों को भी दिया गया है एवं उन्हें इसका व्यापक प्रचार प्रसार अपने स्तर से करने का अनुरोध किया है ताकि अधिक से अधिक आमलोग इस कार्यक्रम में आकर लाभ ले सकें।

## एक नजर इधर भी

### कागज के नोटों को बॉय-बॉय

भारतीय समाज में नोट को धन के पर्यायवाची के रूप में देखा जाता है। हिंदी फिल्मों के बहुत सारे गाने इस पर आधारित हैं। जैसे 'अपना सपना मनी-मनी', 'पैसा-पैसा करती है, तू पैसे पर क्यूं मरती है', 'सबसे बड़ा रुपैया', 'एक पैसा दे दो बाबू', 'पैसे की कहानी', 'छन-छन बाजे रुपैया', 'पैसा फेंक तमाशा देख'। काले धन पर भी आधारित बहुत खबरें छपती रहती हैं। भारत में बैंक नोट का चलन लगभग 150 वर्ष पहले शुरू हुआ। ब्रिटिश सरकार ने 1861 में 'पेपर करंसी एक्ट लागू किया और उसके बाद किसी प्राइवेट बैंक की करंसी जारी करने का चलन समाप्त हो गया। केवल सरकारी करेंसी, जो बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा छापी जाती थी, प्रचलित रह गई। इन पर इंग्लैंड की महारानी की फोटो रहती थी। भारत में नोट छापने की पहली प्रेस 1928 में नासिक में स्थापित की गई। 1935 में रिजर्व बैंक की स्थापना हुई, जिसे यह पूरी जिम्मेदारी दी गई। 1938 में आरबीआई ने सर्वप्रथम नोट छापे, जिसमें इंग्लैंड के किंग जॉर्ज ‌ड्ढ की फोटो थी। 1947 में देश के स्वतंत्र होने के बाद 1949 में भारत में पहला एक रुपये का नोट छपा, जिसमें अशोक की लाट का चित्र था। 1969 में महात्मा गांधी के चित्र के साथ पहली बार नोट छापे गये। काले धन पर अंकुश लगाने के लिए नवंबर 2016 में नोटबंदी की घोषणा हुई, जिसके कारण पुराने बड़े नोट बंद हो गये और नये डिजाइन, आकार और रंगों के नये नोट बाजार में आ गये। इनका एक मकसद देश में नकली नोटों की समस्या से निपटना भी था, जिनका इस्तेमाल आतंकवाद और असामाजिक गतिविधियों के लिए होता था। साथ ही आधुनिक डिजिटल तरीके से लेन-देन को बढ़ावा देना था। इससे बैंकों में भी डिजिटल तकनीक और लेन-देन का अधिक प्रयोग प्रारंभ हो गया। आगे जाकर इसका लाभ विशेष रूप से कोरोना महामारी के दिनों में हुआ, जब देश-विदेश में व्यापार के लिए भारत में भी व्यापक रूप से डिजिटल देन-लेन का प्रचलन चालू हो गया। **मैले-कुचैले होते नोट :** फिर भी भारत में आम जनता द्वारा, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में और अनौपचारिक/ असंगठित सेक्टर में अभी भी मुख्यतः बैंक नोट द्वारा ही लेन-देन होता है। व्यापक प्रचलन और लापरवाही में मैल, नमी और गंदगी से और मौसम के कारण भी नोट समय के साथ पुराने और मैले-कुचैले हो जाते हैं। देखा गया है कि कुछ लोग नोट के ऊपर कुछ लिख भी देते हैं, जिससे नोट और भी गंदे दिखने लगते हैं। ज्यादा गंदे नोटों को रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के माध्यम से बदल दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के आरबीआई के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में गंदे नोटों की भरमार हो गई है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार, इस तरह के नोट के निपटान की मात्रा वित वर्ष 2020 में 1,46,530 लाख से बढकर वित वर्ष 2022 के दौरान 1,87,801 लाख हो गई। **हल क्या है :** आजकल विश्वभर में कागज के नोटों की जगह पॉलिमर के नोटों का चलन तेजी से बढ़ रहा हैं। ये कागज के नोटों के मुकाबले, अधिक सुंदर, चमकदार, स्मार्ट, मजबूत, वॉटरप्रूफ और टिकाऊ होते हैं। इन्हें बार-बार बदलने की आवश्यकता नहीं होती। विश्व में 75 से अधिक देश पॉलिमर के नोटों का उपयोग कर रहे हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, इस्राइल, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिपींस आदि शामिल हैं। इसके कुछ फायदे बेहद अहम हैं। पॉलिमर नोट जाली मुद्रा की समस्या का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जो आतंकवाद के वित्तपोषण का एक प्रमुख आधार बना हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 20, 200, 500 और 2000 रुपये के जाली नोटों में क्रमशः 16.5 फीसदी, 11.7 फीसदी, 101.9 फीसदी और 54.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। जाली नोटों में यह वृद्धि एक चिंताजनक मुद्दा है।

■ धनेन्द्र कुमार

# त्योहारी मौसम में महंगाई की चिंता

इस समय जब रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों तथा ओपेक देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कमी करने की वजह से लगभग सभी देशों में महंगाई की दर रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक नरम मौद्रिक नीति से पीछे हट कर नीतिगत दरों में वृद्धि की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। इससे महंगाई पर कुछ नियंत्रण हुआ है। यकीनन त्योहार के इन दिनों में महंगाई आम आदमी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हाल ही में मौद्रिक स्थिति पर प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि महंगाई में कुछ कमी आई है, मगर अब भी इसकी दर सहन क्षमता के स्तर से ऊपर बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष में इसके 6.7 फीसद पर रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति नियंत्रण में आ जायेगी और इसका स्तर 5.2 फीसद तक रहने की उम्मीद है। देश में महंगाई की चुनौती इसलिए भी बढ़ी हुई है कि कोविड-19 के बाद गरीबी, बेरोजगारी व मानव विकास सूचकांक की चुनौतियां बड़ी हुई हैं। इन दिनों वैश्विक स्तर पर बढ़ती गरीबी पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि कोरोनाकाल में जहां भारत में गरीबी, बेरोजगारी बढ़ी, वहीं मानव विकास सूचकांक में भी गिरावट आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में करीब 5.6 करोड़ भारतीय अत्यंत गरीबी में धंस गये, जबकि दुनिया भर में 7.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में चले गये। मानव विकास सूचकांक की दृष्टि से भी नई चिंताएं खड़ी हो गई हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) 2021 में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य और शिक्षा की चुनौतियां बढ़ी हैं। इससे भी महंगाई की मुश्किलें बढ़ी हैं। गौरतलब है कि इस समय जब रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों और ओपेक देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कमी करने की वजह से लगभग सभी देशों में महंगाई की दर रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक नरम मौद्रिक नीति से पीछे हट कर नीतिगत दरों में वृद्धि की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। इससे महंगाई पर कुछ नियंत्रण हुआ है। अगस्त माह में थोक महंगाई दर 12.41 फीसद दर्ज हुई, जबकि यह दर मई में रिकार्ड 16.63 फीसद पर थी। इसी तरह अगस्त में खुदरा महंगाई दर सात फीसद दर्ज हुई, जबकि मई माह में 7.04 फीसद थी। स्पष्ट है कि त्योहारी मौसम के बावजूद खाद्य वस्तुओं की महंगाई काबू में है। पिछले माह, सितंबर में खाद्य तेल और दालों के मूल्य में गिरावट आई है। जबकि खुले बाजार में सरकारी गोदामों से अस्सी लाख टन से अधिक खाद्यान्न की बिक्री (ओएमएसएस) से गेहूं और चावल के मूल्य में गिरावट का रुख है। आमतौर पर सितंबर में आलू और प्याज की कीमतें सातवें आसमान पर पहुंच जाती थीं, जबकि इस बार सरकारी तैयारियों के तहत बफर स्टाक बनाये जाने से बाजार में इन जिंसों की पर्याप्त उपलब्धता है। अगर वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत में महंगाई के परिदृश्य को देखें तो इसके लिए चार प्रमुख रणनीतिक कदम उभरते हैं। एक, सरकार द्वारा रूस से कच्चे तेल का सस्ता आयात। दो, रिजर्व बैंक के महंगाई नियंत्रण के रणनीतिक उपाय। तीन, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार और कमजोर वर्ग के लोगों तक खाद्यान्न की निशुल्क आपूर्ति। चार, पेट्रोल में एथेनाल का अधिक उपयोग। निस्संदेह रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका और यूरोपीय संघ के दबाव के बावजूद भारत ने किसी पक्ष का समर्थन नहीं किया और भारत ने जिस तरह तटस्थ रुख अपनाया, उसका एक बड़ा फायदा भारत को रूस से सस्ते कच्चे तेल के रूप में मिलता दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तेल के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2.02 फीसद से बढ़ कर करीब 12.9 फीसद हो गई है। जबकि अमेरिका की हिस्सेदारी पिछले वर्ष की इसी अवधि के 9.2 फीसद से घट कर 5.4 फीसद रह गई है। नये आंकड़ों के मुताबिक इस समय भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक और उपभोक्ता देश है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि जब से भारत ने पर्याप्त छूट के साथ रूस से कच्चे तेल का आयात शुरू किया है, तब से इराक भी कच्चे तेल की आपूर्ति में बड़ी छूट की पेशकश कर रहा है। इसके अलावा पेट्रोल और डीजल में एथेनाल का मिश्रण बढ़ा कर ईंधन की कीमतों में कमी लाने का सफल प्रयास हुआ है। वर्ष 2014 में पेट्रोल में एथेनाल मिश्रण बमुश्किल 1.4 फीसद था, जबकि इस वर्ष 10.6 फीसद मिश्रण किया जा रहा है, जो लक्ष्य से कहीं ज्यादा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में एथेनाल मिश्रण का लक्ष्य बीस फीसद रखा गया है। आठ वर्ष पहले देश में चालीस करोड़ लीटर एथेनाल का उत्पादन होता था, अब करीब चार सौ करोड़ लीटर उत्पादन हो रहा है। एथेनाल के उपयोग में तेल विपणन कंपनियों की दिलचस्पी बढ़ रही है। जहां महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाने की रणनीति के साथ-साथ वैश्विक जिंस बाजार में भी कीमतों में आई कुछ नरमी अहम है, वहीं देश में अच्छी कृषि पैदावार, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार, गेहूं तथा चावल के निर्यात पर उपयुक्त नियंत्रण की नीति व आम आदमी तक खाद्यान्न की निशुल्क आपूर्ति भी प्रभावी रही है। केंद्रीय कृषिमंत्री के मुताबिक फसल वर्ष 2021-22 के चौथे अग्रिम अनुमान के मुताबिक में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 31.57 करोड़ टन के रिकार्ड स्तर पर रहा। साथ ही एक जुलाई, 2022 को देश के केंद्रीय भंडार में 8.33 करोड़ टन खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का बफर और आवश्यक भंडार संचित है। हालांकि पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के अस्सी करोड़ गरीबों के लिए मुफ्त राशन की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को तीन महीने और बढ़ा दिया है, लेकिन त्योहारों के इस मौसम में देश के करोड़ों लोग महंगाई से अधिक राहत की उम्मीद कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हो रही थीं। इस वर्ष जनवरी के बाद पहली बार 26 सितंबर को कच्चे तेल की कीमत पचासी डलर प्रति बैरल से नीचे आ गई, लेकिन तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के निर्णय से 10 अक्तूबर को यह निन्यानबे डालर प्रति बैरल के आसपास हो गई। फिर भी सरकार से पेट्रोल-डीजल की कुछ कीमत घटा कर राहत की अपेक्षा की जा रही है। महंगाई को छह फीसद के स्तर पर लाने के लिए कई और कारगर प्रयासों की जरूरत है। अभी रेपो रेट में कुछ और वृद्धि करके अर्थव्यवस्था में नकद प्रवाह को कम किया जाना उपयुक्त होगा। देश में महंगाई को रोकने के लिए अनावश्यक आयात को नियंत्रित करना और खाद्यान्न तथा उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाना होगा। इन उपायों के साथ-साथ अब देश में कच्चे तेल के अधिक उत्पादन और उसके विकल्पों पर ध्यान देना होगा। इलेक्ट्रानिक वाहनों के साथ-साथ अन्य अत्याधुनिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा। सरकार द्वारा ई-कारों की तरह हाइब्रिड कारों पर भी जीएसटी घटाना लाभप्रद होगा। पेट्रोल-डीजल से चलने वाली कारों को हतोत्साहित करते हुए ग्रीन ईंधन वाले वाहनों को प्रोत्साहित करना होगा। अभी रूस से कच्चे तेल के आयात में और वृद्धि करना लाभप्रद होगा।

> **विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में करीब 5.6 करोड़ भारतीय अत्यंत गरीबी में धंस गये, जबकि दुनिया भर में 7.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में चले गये। मानव विकास सूचकांक की दृष्टि से भी नई चिंताएं खड़ी हो गई हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) 2021 में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य और शिक्षा की चुनौतियां बढ़ी हैं। इससे भी महंगाई की मुश्किलें बढ़ी हैं।**

■ जयंतीलाल भंडारी

# ऐसी यात्राओं से मिलती रही है पद, प्रतिष्ठा व पहचान

भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में अनंत काल से पग यात्राएं चलती रही हैं। इंसान रोज अपने पैरों पर चलता है और उसकी यात्राएं ज्यादातर स्वार्थ तक सीमित रहती हैं। पदयात्रा का अपना इतिहास है, वह अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में अश्वेतों के अधिकारों के लिए हुई थी, जब 1960 के दशक में वह संघर्षरत थे। सन 1965 में सेल्मा अल्बामा से मोंटगोमरी तक यात्रा निकली तथा अंततः अश्वेत अमेरिकी नागरिकों के साथ न्याय हुआ। भारत में अभिनेता सुनील दत्त ने आतंकवाद के खिलाफ पदयात्रा की, तो जापान जाकर परमाणु हथियार के खिलाफ भी। चंद्रशेखर की भारत यात्रा भी एक दौर में देश की उत्सुकता का कारण बनी, जब उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक की यात्रा की। वैसे उसी समय इंदिरा गांधी की हत्या ने उनकी उस यात्रा का असर फीका कर दिया था, पर उसने उन्हें नेता के रूप में राष्ट्रीय फलक पर स्थापित कर दिया था, जिसके कारण आगे चलकर वह प्रधानमंत्री तक बने। आंध्र प्रदेश में वाई एस राजशेखर रेड्डी को पदयात्रा से सत्ता हासिल हुई, तो बाद में उनके पुत्र जगनमोहन रेड्डी को भी सत्ता में आगे बढ़ने का रास्ता मिला। सीमित मामलों में इंदिरा गांधी के काम आई ऐसी ही यात्रा 1977 के बाद, तो 2017 में दिग्विजय सिंह की नर्मदा यात्रा मध्य प्रदेश में कांग्रेस के काम आई। ऐसी तमाम पदयात्राएं होती रही हैं। अब राहुल गांधी पदयात्रा पर निकले हैं। पदयात्राओं ने हमेशा अपने यात्री को पद, प्रतिष्ठा और पहचान दी है, तो राजनीतिक पदयात्राओं ने सत्ता तक पहुंचाया है। सत्ता तो रथ यात्राओं से भी हासिल हुई है, लेकिन उनसे नफरत को भी कुछ बल मिला। ऐसी यात्राएं भी हुई हैं, जो सताये गये लोगों के पैरों के छाले देखने तथा भूखे लोगों की आवाज सुनने में नाकाम रही हैं। अपनी यात्राओं के दौरान एकल प्रवचन करते, अपने मनचाहे शोर और स्वार्थ में डूबे नेता भी बहुत हैं, जबकि पदयात्रा विचार यात्रा होती है, जो परिवर्तनकारी होती है और गौतम बुद्ध से लेकर महात्मा गांधी व विनोबा भावे तक ने अपने-अपने स्तर की पदयात्राओं से समाज के लिए बहुत कुछ अर्जित किया है। महात्मा गांधी की चंपारण से शुरू हुई यात्रा 1930 के डांडी मार्च तक आते-आते पूरे भारत को संदेश दे चुकी थी और जन-जन को गांधीजी से जोड़ चुकी थी। इन यात्राओं ने अंग्रेजों को अजेय सत्ता से ही बेदखल नहीं किया, बल्कि पूरे विश्व को अहिंसा और सत्याग्रह नामक एक नया व बहुत असरदार राजनीतिक हथियार भी दे दिया। विनोबा भावे ने अपनी सीमित यात्रा में लाखों बेघरों को घर और भूखों को उन लोगों से रोटी का साधन दिला दिया, जिनके पास ज्यादा था। इस वक्त भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की निगाह राहुल गांधी की पदयात्रा पर है। राहुल की यात्रा इतनी चर्चित नहीं होती और उत्सुकता पैदा नहीं करती, अगर उन्होंने सिरे से सारे पद नहीं लेने और सत्ता के प्रति निमोर्ही होने का मजबूत एलान न किया होता। भारत के जन-सरोकारों से जुड़े मुद्दों को धारदार तरीके से उठाते हुए हर तरह की टूटन के खिलाफ और हर तरह के जुड़ाव के लिए उन्होंने खुद को झोंक न दिया होता। अगर एक यात्रा पूरी कर राहुल गांधी भी काम पूरा किये बिना अपनी पुरानी जिंदगी में जाकर रम जाते हैं, तो हो सकता है कि इसका तत्कालिक लाभ कांग्रेस को मिल जाए और उसे सत्ता भी हासिल हो जाए, पर ये बाकी पदयात्राओं की श्रेणी में से ही एक होकर रह जायेगी और फिर बहुत दिनों के लिए पदयात्राओं का आकर्षण खत्म हो जायेगा। कई बार देखा गया है कि नेता अपनी बढ़त या चर्चा बनाये नहीं रख पाते हैं, क्योंकि उनकी सोच सीमित होती है। आगे राहुल गांधी के सामने भी यह चुनौती रहेगी। प्रत्यक्ष रूप से तो यही दिख रहा है कि राहुल गांधी सत्ता के मोह से दूर अपने बौद्धिक चिंतन के साथ एक बड़ा इरादा व मजबूत समर्पण लेकर चल रहे हैं। अगर यह यात्रा अंतिम नहीं, बल्कि बापू की तरह परिणाम हासिल करने तक निरंतर चलती रही और देश के कोने-कोने व जन-जन को उद्वेलित कर जोड़ने में कामयाब रही, तो फिर यह पदयात्रा नहीं, बल्कि 'पथयात्रा' हो जायेगी। समय इस बात का जवाब देगा कि राहुल पदयात्रा तक सीमित रहते हैं या पथयात्रा पर चल पड़ते हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

> **भारत में अभिनेता सुनील दत्त ने आतंकवाद के खिलाफ पदयात्रा की, तो जापान जाकर परमाणु हथियार के खिलाफ भी। चंद्रशेखर की भारत यात्रा भी एक दौर में देश की उत्सुकता का कारण बनी, जब उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक की यात्रा की। वैसे उसी समय इंदिरा गांधी की हत्या ने उनकी उस यात्रा का असर फीका कर दिया था, पर उसने उन्हें नेता के रूप में राष्ट्रीय फलक पर स्थापित कर दिया था, जिसके कारण आगे चलकर वह प्रधानमंत्री तक बने। आंध्र प्रदेश में वाई एस राजशेखर रेड्डी को पदयात्रा से सत्ता हासिल हुई।**

■ चंद्र प्रकाश राय

## है न विचित्र बात !

### अंतरिक्ष अनुसंधान व मंगलयान

खासकर यह सवाल कि क्या मंगल पर जीवन संभव है और क्या इंसान वहां जाकर अपनी रिहाइश के लिए बस्तियां बसा सकता है। अगर पृथ्वी से मंगल की औसत साढ़े बाईस करोड़ किलो मीटर दूरी तय करने में हमारे यान पांच-छह महीने के बजाय एक महीने का वक्त लेने लगें, तो संभव है कि इंसान पृथ्वी के बाद मंगल को अपना दूसरा ठिकाना बनाने के बारे में सोच सकता है। इसे संयोग कहा जा सकता है कि 2014 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का यान मार्स एटमास्फीयर एंड वोलाटाइन इवोल्यूशन (मावेन) और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का मार्स आर्बिटर मिशन (मंगलयान-1) लगभग साथ-साथ मंगल तक पहुंचे थे। पर उस वक्त की गई इनकी तुलना बताती है कि कई चीजें इत्तिफाक नहीं थीं। मसलन, 4026 करोड़ रुपए के खर्च से मंगल तक पहुंचे मावेन के मुकाबले करीब दस गुना कम लागत (450 करोड़ रुपए) वाले हमारे मंगलयान यानी मार्स आर्बिटर का पहले ही प्रयास में सफल होना कोई संयोग नहीं था। इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस वैज्ञानिक इरादों के अलावा व्यापार की सोची-समझी रणनीति काम कर रही थी, जो भारत जैसे एक विकासशील देश को बेहद किफायत में अंतरिक्ष मिशन चला कर अंतरिक्ष में कमाई के मौके दिला रही है। अब हमारा मंगलयान खामोशी के साथ विदा हो गया है। बहुतों को लग सकता है कि अब भारत के अंतरिक्ष मिशन का क्या होगा और आखिर मंगलयान ऐसा क्या देकर गया, जिसे याद रखा जायेगा और जिसकी बुनियाद पर हमारे अगले अंतरिक्ष मिशनों का भविष्य तय होगा। गौरतलब है कि मंगलयान की चर्चा का प्रमुख आधार इस पर हुआ खर्च था। 5 नवंबर 2013 को इसरो के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से पोलर सेटेलाइट वीकल (पीएसएलवी) सी-25 की मदद से प्रक्षेपित मंगलयान 24 सितंबर, 2014 को मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचा था। फिलहाल सूचना यह है कि महज छह महीने के लिए मंगल ग्रह की कक्षा में परिक्रमा करने के लिए भेजा गया मंगलयान निर्धारित की गई मियाद से सोलह गुना ज्यादा लंबी उम्र गुजारने के बाद आखिरकार खामोश हो गया। इसरो के यूआर राव सेटेलाइट सेंटर के निदेशक की ओर से 27 सितंबर, 2022 को जारी एक अनौपचारिक सूचना के मुताबिक अब मंगलयान से हमारा संपर्क टूट चुका है। इसकी वजह है मंगल पर लगातार लगे सूर्यग्रहण, जिनमें से एक इस साल साढ़े सात घंटे तक चला था। इन सूर्यग्रहणों के कारण मंगलयान में लगी सौर बैटरियां नाकाम हो गईं। उल्लेखनीय है कि मंगलयान की बैटरियां सूरज से रोशनी न मिलने की सूरत में एक घंटे चालीस मिनट तक ही चार्ज रह पाती थीं। हालांकि साढ़े सात घंटे लंबे ग्रहण के बावजूद बैटरियों ने मंगलयान को संचालित करने की कोशिश की, लेकिन वापस पहले वाली हालत में आना संभव नहीं हुआ। फिर भी यह उपलब्धि कोई कम बड़ी नहीं है कि इन बैटरियों से मंगलयान आठ साल तक काम करता रहा, जबकि उसका निर्माण छह महीने के संचालन के लिए किया गया था। मंगलयान-1 के बाद भारत के मंगल मिशनों का अब कोई भविष्य है या नहीं- इसे लेकर कई चर्चाएं हैं। जैसे कहा जा रहा है कि अब इसरो की प्राथमिकता इंसानों को अंतरिक्ष में ले जाने वाली परियोजना- गगनयान और चंद्रयान-3 है। इसके अलावा सूर्य के नजदीकी अध्ययन के लिए आदित्य- एल 1 भी इसरो की प्राथमिकता सूची में है। भारत और उसके अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान- इसरो के लिए किसी भी परियोजना का महत्त्व उसके आर्थिक पहलू, देश तथा जनता को उससे मिलने वाले लाभों पर आधारित होता है।

■ अभिषेक कुमार सिंह

# जब परदे पर उतरा तमिल महाकाव्य

कल्कि कृष्णमूर्ति के महाकाव्य पर आधारित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन (पीएस-1) ने दक्षिण भारतीय सूबे तमिलनाडु में हलचल मचा दी है। इसका हिंदी संस्करण भी उत्तर भारत में धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। रुझान बता रहे हैं कि बाहुबली को पछाडकर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन सकती है। बाहुबली भी एक तेलुगु फिल्म थी, जिसने कुछ साल पहले दक्षिण सिनेमा में एक नया रिकॉर्ड बनाया था। दिलचस्प यह भी है कि पीएस-1 बनाने की प्रेरणा निर्देशक मणिरत्नम को बाहुबली से ही मिली, और वह इसे खुलेआम स्वीकार भी करते हैं। पोन्नियिन सेल्वन पर फिल्म बनाने का सपना कई बड़े अभिनेताओं और निर्देशकों ने देखा, लेकिन अब तक यह साकार नहीं हो सका था, क्योंकि इस मध्यकालीन रचना को परदे पर उतारने के लिए भगीरथ प्रयास की दरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन से लेकर कमल हासन व कई अन्य छोटे-बड़े निर्देशकों ने 2,500 पन्नों के इस चलचित्र-सरीखे महाकाव्य को रुपहले परदे पर उतारने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसीलिए, कुछ निर्देशकों ने इस महाकाव्य के पात्रों को अपने फिल्म में शामिल किया, जैसे अप्रैल, 1999 में रिलीज हुई सुपरस्टार रजनीकांत अभिनीत फिल्म पद्यप्पा में मुख्य अभिनेत्री के साथ-साथ एक अमीर खलनायिका भी है, जो हीरो से बदला लेने की कोशिश करती रहती है। बहरहाल, तमिलनाडु के बाहर और तमिल साहित्य से अपरिचित लोगों के लिए पोन्नियिन सेल्वन बेशक बाहुबली या उस जैसी फिल्मों की तरह रोमांचक हो और अपने सेट, ग्राफिक्स, विजुअल इफेक्ट्स आदि के कारण सिल्वर स्क्रीन पर कब्जा कर ले, मगर तमिलों के लिए पोन्नियिन सेल्वन जाना-पहचाना नाम है। यहां का कोई भी आदमी, जो थोड़ा-बहुत भी साक्षर है, उसने इसे जरूर पढ़ा होगा। यह उन चंद रचनाओं में एक है, जिन पर खूब चर्चा होती रही है। इसे कल्कि नामक साप्ताहिक पत्रिका के संस्थापक-संपादक कल्कि कृष्णमूर्ति ने 1950 के दशक में धारावाहिक रूप में छापना शुरू किया था, जिसके बाद यह पत्रिका खासा लोकप्रिय हो गई। तब इस अद्भुत लेखन को पढ़ने के लिए पत्रिका के नये अंक का हर कोई इंतजार करता था। पोन्नियिन सेल्वन चोलों की कहानी है, जिन्होंने दक्षिण भारत के एक बड़े हिस्से पर राज किया। एक समय था, जब उन्होंने श्रीलंका जैसे समुद्र पार के पड़ोसी देश को भी जीत लिया था। उनके पास इस इलाके की सबसे बड़ी व शुरूआती नौसैनिक शक्तियां थीं और इंडोनेशिया सहित कई देशों तक उनका व्यापार फैला था। हालांकि, इस महाकाव्य के पात्र वास्तविक हैं, पर इसमें कई काल्पनिक आख्यान भी हैं। बावजूद इसके, कल्कि कृष्णमूर्ति का जादू लोगों के सिर चढकर बोला। यह वह दौर था, जब टेलीविजन जैसे दृश्य-माध्यम नहीं थे। सिर्फ हाथ से तैयार रेखाचित्र प्रभावी माने जाते थे। मगर इस धारावाहिक लेखन में शब्दों को इस तरीके से बुना गया था कि उसे हर तरफ से प्रशंसा मिली। यही वजह है कि इस अद्भुत पृष्ठभूमि वाले कथानक पर जब मणिरत्नम जैसे कुशल निर्देशक ने फिल्म बनाना शुरू किया, तो उसने स्वाभाविक तौर पर तमिलनाडु में गहरी दिलचस्पी पैदा की। मणिरत्नम वीएफएक्स की मदद से कई समकालीन दृश्य बना सकते थे, जो पूर्व में असंभव रहा है। मगर उन्होंने ऐसा ग्रामीण इलाका खोजने का व्यर्थ प्रयास किया, जिसमें बिजली के पोल या तार न हों। देखा जाए, तो यह फिल्म गुणवत्ता के मामले में पूरी तरह खरी नहीं उतरती। इसमें राजमहल की साजिशें हैं, जासूसी है व प्रेम कहानी है। बीमार राजा को सेनापति ही महल में 'कैद' रखता है। सिंहासन का उत्तराधिकारी बड़ा राजकुमार अपने पिता से दूर राज्य के गठन और प्रबंधन में व्यस्त है। उसका छोटा भाई श्रीलंका में युद्ध में लगा हुआ है और साजिश को पहचानने का काम सुंदर और चतुर राजकुमारी के जिम्मे है। फिल्म में मुख्य कहानी के आसपास कई घटनाएं चलती रहती हैं, जिसने पूरा अनुभव दिलचस्प जरूर बना दिया है, लेकिन यह सब कुछ राज्य को बचाने के लिए नहीं होता। इसमें पात्र एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं, जिससे बेवजह की अपेक्षाएं और पीड़ाएं भी जन्म लेती हैं। तमिलनाडु में दशकों से पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित नाटकों का कई थियेटर समूह मंचन करते रहे हैं, फिर भी इसकी कहानी सदाबहार रही है। शायद इसका कारण है, महल और उसमें होने वाली साजिशों के प्रति लोगों का खास आकर्षण। जाहिर है, जब इस तरह की फिल्में बनती हैं, तो वे विवादों में भी आ जाती हैं। इसकी कहानी संगम काल के बाद की लिखी गई है, जब बौद्ध और जैन धर्म का असर कम हो रहा था। उस समय शैववाद और वैष्णववाद के बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्द्धा चल रही थी। चोल राजा भगवान शिव के प्रबल भक्त थे और उन्होंने कई शिव मंदिरों का निर्माण भी कराया। इस कवायद ने स्वाभाविक तौर पर वैष्णवों को निराश किया। यह एक इतिहास है, लेकिन तमिल निर्देशक वेट्रीमारन यह कहकर विवादों को न्योता दे बैठे कि शैव हिंदू नहीं थे। उनके लिए सिर्फ एक देवता ही मायने रखता था, जो थे भगवान शिव। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तमिलनाडु की स्थानीय पहचान को हथियाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि पहले भी भाजपा महान तमिल कवि व दार्शनिक तिरुवल्लुवर के कपड़े को भगवा रंग देकर ऐसा करने की कोशिश कर चुकी है, जबकि तिरुवल्लुवर हमेशा सफेद पहना करते थे। उन्होंने कहा कि चोलों को हिंदू योद्धाओं के रूप में चित्रित करना गलत था। भाजपा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में यह साबित करने की कोशिश की है कि कैसे हिंदुओं की एकता को तोड़ने का लगातार प्रयास हो रहा है और भारत किस तरह से एक बहुआयामी संस्कृति वाला देश है। जाहिर है, फिल्म देखने वाले एक साधारण दर्शक या आम मतदाता को यह सब कुछ भ्रमित करेगा, लेकिन सच्चाई यही है कि लोग आंतरिक शांति के लिए अपने देवी-देवताओं की आराधना करते हैं और इतिहास के राजा-रानियों ने कई पूजा-स्थलों का निर्माण करके इस प्रवृत्ति को बढ़ाने का काम किया है।

> **तमिलनाडु में दशकों से पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित नाटकों का कई थियेटर समूह मंचन करते रहे हैं, फिर भी इसकी कहानी सदाबहार रही है। शायद इसका कारण है, महल और उसमें होने वाली साजिशों के प्रति लोगों का खास आकर्षण। जाहिर है, जब इस तरह की फिल्में बनती हैं, तो वे विवादों में भी आ जाती हैं। इसकी कहानी संगम काल के बाद की लिखी गई है, जब बौद्ध और जैन धर्म का असर कम हो रहा था। उस समय शैववाद और वैष्णववाद के बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्द्धा चल रही थी। चोल राजा भगवान शिव के प्रबल भक्त थे और उन्होंने कई शिव मंदिरों का निर्माण भी कराया। इस कवायद ने स्वाभाविक तौर पर वैष्णवों को निराश किया।**

■ एस श्रीनिवासन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### पश्चिम बंगाल में एंबुलेंस की टक्कर के बाद भीड़ ने जाम किया राष्ट्रीय राजमार्ग

**हावड़ा (एजेंसी)।** हावड़ा जिले के उलुबेरिया में एम्बुलेंस ने एक महिला और उसकी 10 वर्षीय पुत्री को कुचलने के बाद सैंकड़ों लोगों ने शनिवार को पश्चिम बंगाल को तमिलनाडु से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अपर्णा कोले (35) और उनकी पुत्री पुशु शुक्रवार को जब बगनान जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं। उसी दौरान एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने मां-पुत्री को कुचल दिया। पीड़ित पुशु को छात्रवृत्ति परीक्षा देने के लिए जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना के बाद गुस्से में आकर स्थानीय निवासी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमा हो गए और उन्होंने कार में आग लगा दी। मौका पाकर कार चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में एक अंडरपास की मांग की।

### गंडक नदी में नाव पलटने से एक महिला की मौत, पांच घायल

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के मलाही थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह गंडक नदी में एक नाव पलटने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नाव पर छह लोग सवार थे। जिसमे एक महिला की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य सवार घायल जिनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक हादसा मलाही थाना के हाईस्कूल के पास गंडक नदी में हुआ है। जहां सभी लोग नाव पर सवार होकर अपने पशुचारा के लिए चटिया दियारा मे गए थे। इसी दौरान नाव पलट गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान सुदामा कुंवर पति स्व. सुखदेव पासवान गांव ममरखा के रूप में की गई है। वह गांव के वार्ड सदस्य की मां बताई गई है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को निकाला गया। जिसमे एक की मौत हो गई।

### पश्चिम चंपारण में पैक्स गोदाम का ताला तोड़ 131 बोरी हुई खाद्यान्न की चोरी

**बेतिया (एजेंसी)।** जगदीशपुर जमुनिया पैक्स गोदाम का ताला तोड़ पीडीएस की 131 बोरी खाद्यान्न की चोरी कर ली गई है। बेतिया-अरेराज रोड मे जमुनिया पैक्स मे जन वितरण दुकान की रखी 110 बोरी चावल और 21 बोरी गेंहू की चोरी चोरों ने कर ली है। पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि लोगों द्वारा सूचना मिली की पैक्स गोदाम की ताला टूटा हुआ है। सूचना पर जब पैक्स पहुंचे तो देखा गया कि गोदाम से वितरण को रखी गई 131 बोरी चावल और गेंहू नहीं है। थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्र ने बताया कि इस संदर्भ में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।सूचना मिलने पर जांच कर कारवाई की जायेगी। सूत्रो के माने तो पैक्स जगदीशपुर थाना से तीन किमी दूरी पर बेतिया-अरेराज रोड किनारे स्थित है। जहा से रोज पुलिस गश्त वाहन का आना जाना लगा रहता है। ऐसे मे 131 बोरी चावल और गेंहू चोरी कर लेने की बात सवाल उत्पन्न करता है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि पैक्स अध्यक्ष द्वारा राशन का वितरण घर पर भी किया जाता है। पैक्स का चाहरदीवारी भी नहीं है। ऐसे मे घटना पर सवाल उठना जायज माना जाता है।

### जदयू की प्रदेश प्रवक्ता बनीं अनुप्रिया

**पटना (एजेंसी)।** प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आज अनुप्रिया को प्रदेश जदयू का प्रवक्ता नियुक्त किया है। अनुप्रिया को पार्टी प्रवक्ता बनाए जाने पर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, लोक प्रकाश सिंह, सचिव मनीष कुमार, वासुदेव कुशवाहा एवं रणविजय कुमार सिंह ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे पार्टी का पक्ष मीडिया में मजबूती से रखेंगी।

### भाजपा का अतिपिछड़ा विरोधी मानसिकता रूप निकाय चुनाव में हुआ उजागर : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना (एजेंसी)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा नेताओं द्वारा याचिका दायर कर अतिपिछड़ा वर्ग को नगर निकाय में दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध करने पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस कृत्य से उनकी आरक्षण विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है। कुशवाहा ने कहा कि न्यायालय द्वारा चुनाव प्रक्रिया को रोके जाने के कारण चुनाव में विलंब जरूर हुआ है लेकिन अतिपिछड़ा वर्ग के लोगों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि, नीतीश कुमार अतिपिछड़ा वर्ग को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के इस कुटिल प्रयास का कोई प्रभाव अतिपिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति या महिलाओं को नगर निकायों के चुनाव में मिलने वाले आरक्षण पर नहीं पड़ने वाला है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार पूरी तैयारी के साथ शीघ्र ही सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत वर्णित स्पेशल लीव पिटिशन के तहत याचिका दायर करेगी। इस मामले में निश्चित ही हमारी जीत होगी ओर भाजपा की साजिश को तार-तार किया जाएगा।

### दो साल से फरार निलंबित आईपीएस मणिलाल पाटीदार ने कोर्ट में किया आत्मसमपर्ण



**लखनऊ (एजेंसी)।** फरार चल रहे जनपद महोबा के पूर्व पुलिस अधीक्षक (निलंबित) मणिलाल पाटीदार ने शनिवार को लखनऊ में एडीजे-9 की कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया। उनकी तलाश में पुलिस के अलावा एसटीएफ की टीमें लगी थीं, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने में पूरी तरह से नाकाम रही थी। 2014 बैच के आईपीएस मणिलाल पाटीदार जिस समय महोबा में पुलिस अधीक्षक थे तो उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। इस संबंध में वहां के क्रशर व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी का सात सितम्बर 2020 को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने एसपी पाटीदार पर गंभीर आरोप लगाए थे। नौ सितम्बर 2020 को इंद्रकात की लाश कार में संदिग्ध हालात में मिली थी। मामले की जांच कर रही एसआईटी दल ने पाटीदार को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया था। उन पर मुकदमा दर्ज हुआ तो वे फरार हो गए। कोर्ट ने पाटीदार को भगोड़ा घोषित कर दिया। जिसके बाद उन पर एक लाख रुपये का इनाम रखा गया था। उसकी सम्पत्ति को भी कुर्क करने के आदेश दिए थे। कोर्ट में हाजिर न होने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। इस मामले में आज उन्होंने लखनऊ में एडीजे-9 की कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया।

---

ललितकला अकादमी अलीगंज में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी

# डाक क्षेत्र के लिए बहुत समृद्ध है यूपी : योगी




■ डाक टिकट प्रदर्शनी में 300 प्रकार से अधिक टिकटों का किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डाक विभाग उप्र परिमण्डल की ओर से शनिवार को यहां ललितकला अकादमी अलीगंज में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'यूपीएचआइएलईएक्स-2022' में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डाक टिकटों के संग्रह के लिए एक समय डाक विभाग ने रुचि वाला विषय बना दिया था। शनिवार को यहां 300 प्रकार से अधिक डाक टिकटों का प्रदर्शन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के वनवास के समय के कलेक्शन को भी यहां दिखाया जा रहा है। यहां जो कलेक्शन हैं वो पुराने समय के पैसों की क्या स्थिति थी, वह भी बताता है। उत्तर प्रदेश डाक क्षेत्र के लिए बहुत समृद्ध है, क्योंकि डाक टिकट के लिए यहां इतिहास का काफी लंबा चित्रण है। जब भगवान की बात करें तो राम वनगमन के 14 वर्ष में 12 वर्ष इसी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में ही बीते। 17 अक्टूबर को यहां भगवान बुद्ध के कृत्यों का विशेष परिशिष्ट जारी किए जाएंगे। भगवान बुद्ध से जुड़े छह केंद्र उत्तर प्रदेश में ही हैं। यहां के कलेक्शन अतीत को समेटे हुए हैं। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आत्मा उत्तर प्रदेश में ही वास करती है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कुंभ का आयोजन प्रयागराज की ओर आकर्षित करता है। आजादी की लड़ाई की बात पर 1857 के मेरठ की बात आती है। मंगल पांडेय, धनसिंह कोतवाल की बात आती है। झांसी में रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे की बिठूर से बात होती है। कहा कि यह कलेक्शन तो है ही, साथ में ज्ञानवर्धन भी है। उत्तर प्रदेश देश की सबसे उर्वरा भूमि है। इस समय धूप है लेकिन 17 जिलों में बाढ़ की भी स्थिति है। यह डाक टिकट आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ज्ञानवर्धन करने वाला है। यह गागर में सागर भरने वाला कार्यक्रम है।

### बदायूं, आजमगढ़ और मऊ में भी मंत्री करेंगे कैम्प

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रदेश की जनता को बाढ़ से राहत दिलाने के लिए खुद तो धरती से आसमान तक यात्रा कर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं। साथ ही मंत्रियों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैदी से जुट कर कार्य करने को कहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद और अलीगढ़ के दौरे पर निकलने से पहले बदायूं, आजमगढ़ और मऊ में भी मंत्री समूहों को जाकर कैम्प करने के निर्देश दिए हैं। जिले की स्थिति की गहन समीक्षा करने और अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर आम जन के लिए कार्य करने को कहा है। योगी ने बाढ़ पीड़ितों के राहत कार्य को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी लगातार एक सप्ताह से खुद बाढ़ प्रभावित जिलों में जाकर पीड़ितों से मिल रहे हैं। हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं। शनिवार को दोपहर में वह मुरादाबाद और अलीगढ़ जिले के दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री पहले मुरादाबाद और फिर अलीगढ़ जाएंगे। वह अलीगढ़ में ही रात्रि विश्राम भी करेंगे।

## बेगूसराय में फोरलेन पर सड़क हादसे में तीन की मौत



**बेगूसराय (एजेंसी)।** राष्ट्रीय उच्च पथ-31 फोरलेन पर बलिया थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम दो सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में पोखरिया ढाला के समीप कटिहार से नालंदा लौट रही एक स्विफ्ट डिजायर दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल का इलाज स्थानीय सीएससी में करवा कर बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि नालंदा के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया बीघा निवासी देव शरण यादव का पुत्र सुनील यादव अपने निजी काम से दो मित्र इस्लामपुर थाना क्षेत्र निवासी राम नगीना पासवान के पुत्र मुकेश पासवान एवं कल्याणपुर निवासी सुधीर यादव के साथ कटिहार से लौट रहा था। इसी दौरान पोखरिया ढाला के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराकर विपरीत दिशा की सड़क के पार गड्ढे में एक घर से जा टकराई। जिसमें मुकेश पासवान एवं सुधीर यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची बलिया थाना की पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के बाद स्विफ्ट डिजायर में फंसे चालक सहित दोनों शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना एनएच-31 स्थित जानीपुर ढाला के समीप की है। जहां एक टैंकर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दिव्यांग युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक बलिया नगर परिषद क्षेत्र के जानीपुर निवासी सुकन यादव के पुत्र किशोर कुमार यादव है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि किशोर एनएच के बगल में किराना दुकान चलाता है। शनिवार को वह दुकान का सामान लेने बाजार जा रहा था। इसी दौरान बेगूसराय की ओर से आ रहे टैंकर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ महापर्व के पूर्व गंगा घाटों का किया निरीक्षण




**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर शनिवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा दानापुर के नासरीगंज से पटना सिटी के गायघाट तक स्थित गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें। छठ व्रतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छठ घाटों का निर्माण करें ताकि अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुए छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन के लिए बैरिकेडिंग करायें। यह भी सुनिश्चित करें कि छठ व्रतियों को सुरक्षा के साथ उनको हर प्रकार की सहूलियत मिले। छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान सीएम नीतीश का स्टीमर जयप्रकाश नारायण सेतु के एक पिलर से टकरा गया। अधिकारियों ने बताया कि स्टीमर में कुछ तकनीकी समस्या आ गई थी, जिसकी वजह से उसे बदलना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक सीएम का स्टीमर जयप्रकाश नारायण सेतु से टकरा गया था, जिसकी वजह से उन्हें हल्की चोटें आई है। इसके बाद स्टीमर को बदला गया। सड़क मार्ग से आवास लौटने के दौरान भी मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर रूककर गंगा घाटों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग आनंद किशोर, सचिव, जल संसाधन विभाग संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना के प्रमण्डलीय आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, विशेष सचिव गृह विकास वैभव, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेश परासर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## कोर्ट तक जायेंगे निलंबित मेडिकल सुपरिटेंडेंट आईएमए, बुलायी आपात बैठक




**पटना (एजेंसी)।** पटना के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर से एनएमसीएच में कुव्यवस्था को लेकर शुक्रवार को मेडिकल सुपरिटेंडेंट को सस्पेंड कर दिया। अब अपने निलंबन के विरोध में एनएमसीएच के निलंबित मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ विनोद कुमार सिंह ने कोर्ट जाने की बात कही है। वहीं तेजस्वी के इस कार्रवाई से आईएमए ने भी नाराजगी जतायी है।

**मेरे ऊपर कार्रवाई निराधार :** मेडिकल सुप्रीटेंडेंट का कहना है कि तेजस्वी यादव ने बिना कारण बताओ नोटिस के ये एक्शन लिया है जो कहीं से सही नहीं है। उनका कहना है कि मेरे ऊपर की गई कार्रवाई निराधार और गलत है। डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा है कि अगर बिहार सरकार मेरी बात नहीं सुनेगी तो मैं कोर्ट का सहारा लूंगा।डॉ विनोद कुमार सिंह ने बिहार सरकार को पत्र लिखने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने अन्यायपूर्ण फैसला लिया है।

**आईएमए ने बुलायी है आपात बैठक :** डॉ विनोद कुमार सिंह को सस्पेंड करने पर आईएमए ने आपात बैठक बुलाई है। आईएम ने कहा है कि अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा जाएगा। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहजानंद सिंह का कहना है कि पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाता तो उसका हम जवाब देते लेकिन ये एक्शन बिलकुल गलत है। डॉक्टर बिनोद कुमार सिंह जैसे कर्तव्य निष्ठ डॉक्टर का सस्पेंशन बिल्कुल गलत है। इस पूरे मामले को लेकर शनिवार की शाम बिहार आईएमए और राष्ट्रीय आईएमए इमरजेंसी मीटिंग करने जा रहा है। यही नहीं आईएमए इसको लेकर नाराजगी जताते हुए सीएम नीतीश कुमार को खत लिखने की तैयारी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राज्य के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। गुरुवार को तेजस्वी यादव एनएमसीएच यानि नालंदा मेडिकल कॉलेज के औचक निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने वहां का हाल जाना और मरीजों से बात की। इसके बाद तेजस्वी यादव वहां से लौट गए। लेकिन शुक्रवार शाम को उन्होंने एनएमसीएच के अधीक्षक विनोद कुमार राय को निलंबित करने की कार्रवाई की। वहां मौजूद मरीजों ने तेजस्वी यादव के सामने कई शिकायतें रख दी। इसके बाद वे तुरंत एक्शन में आ गए और मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ विनोद कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया।

## प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल से कुम्हारों के चेहरे में फिर से आई खुशी



**भागलपुर (एजेंसी)।** इस दीपावली पर घरों में कुछ अलग तरह की रोशनी होती नजर आएगी। दीपावली के त्यौहार पर इस बार घर-घर चाइनीज झालरों को छोड़ मिट्टी के दीपों से रोशनी की जाएगी। इसके लिए हुनरमंदों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इससे लोकल को वोकल बनाने की राह आसान होगी। इसके लिए अब मिट्टी के दीपकों की बिक्री के लिए कुम्हार अपने अपने घरों में पूरे परिवार के साथ दीपक, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, जाता, बर्तन, सिपाही, हाथी और घोड़ा जैसे कई सामानों को बनाने लगे हैं। कुम्हारों ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल के माध्यम से हम लोग इस बार अच्छे से दीपावली मना पाएंगे। इससे पहले हम लोग दूसरे के घरों को तो रोशन करते थे। लेकिन हमारे घर अंधेरे में रहता था। इस बार उम्मीद है मिट्टी के दीपक और सामानों की बिक्री अच्छी होगी और आमदनी भी अच्छी होगी।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला : छह स्थानों पर ईडी का छापा




**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कथित रूप से शिक्षक और गैर शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कम से कम छह अलग अलग स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन छापों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक माणिक भट्टाचार्य के करीबी सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। ईडी की टीम ने उत्तरी 24 परगना जिले के बारासात, कईखली और सेक्टर पांच के महिसबथान, एपीसी रोड, डॉ.कार्तिक बोस स्ट्रीट और गोपाल मलिक लेन में आज सुबह छापे मारे। इस दौरान तृणमूल विधायक के निकट सहयोगी के कोचिंग सेंटर पर भी छापा मारा गया। इससे पहले ईडी ने श्री भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया और 11 अक्टूबर को उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 25 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। गौरतलब है कि एजेंसी ने इससे पहले राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी निकट सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को 23 जुलाई को हिरासत में लिया था। श्री भट्टाचार्य नादिया के पलासीपाड़ा से विधायक थे जिन्हें पिछले जून में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें पद से हटाया गया था। ईडी ने पहले ही पार्थ चटर्जी, अर्पिता मुखर्जी सहित आठ प्रमुख आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत कर संज्ञान लेते हुए 19 सितंबर को माना था कि आठ आरोपियों खिलाफ प्रथम दृष्टया केस दर्ज किया गया।

## दंतेवाड़ा बालसुधार गृह से चार बच्चे फरार

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के बालसुधार गृह से 4 बच्चे फरार हो गये, जिनमें से एक बच्चे को कुछ ही देर बाद पकड़ लिया गया है। शेष बच्चों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार बच्चों ने कल रात बड़े ही शातिराना तरीके से पहले खिड़की की ग्रिल को तोड़ा और फिर लगभग 12 फीट लंबी दीवार फांदकर जंगल की तरफ भाग निकले। इसके पहले जुलाई माह में 9 बच्चे फरार हुए थे। 4 महीने के अंदर यह दूसरी घटना है। सूत्रों ने कहा कि जुलाई में बाल सुधारगृह से 9 बच्चे चौकीदार को बंधक बनाकर भागने में सफल रहे थे। इनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। वहीं अब एक और मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। सिटी कोतवाली दंतेवाड़ा में मामला दर्ज किया गया है।

## घाघरा नदी ने दिखाया रौद्र रूप, 65 गांव में बाढ़ की तबाही



**आजमगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में घाघरा नदी का कहर बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटों में घाघरा नदी के पानी से रिंग बांध कटने के कारण लगभग 65 गांवों के सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं। आजमगढ़ जिला प्रशासन के अनुसार जिले की सगड़ी तहसील क्षेत्र के देवरांचल में बहने वाली घाघरा नदी के जलस्तर ने पिछले 24 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। घाघारा नदी खतरा बिन्दु से 1.91 मीटर उपर बह रही है। महुला से हैदराबाद तक बांध में कई स्थानो पर रिसाव शुरू होने की जानकारी मिल रही है। वहीं छितौनी गांव के पास नदी का पानी बांधे के बराबर बहने से ग्रामीणों डरे सहमे है। महुला गढ़वल के पास तेज बहाव के चलते रिंग बांध का काफी हिस्सा कट गया है। रिसवा को रोकने के लिए पूरी प्रशासनिक मशीनरी को उतार दिया गया, वहीं ग्रामीण भी अपना सहयोग कर रहे है। आजमगढ़ के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने शनिवार को बताया कि बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बाढ़ प्रभावित गांवों के प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में ले पहुंचाया गया है। मौके पर पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के क्षेत्रीय विधायक नफीस अहमद ने प्रशासन द्वारा दी जा रही राहत को नाकाफी बताया है। अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह ने बाढ़ क्षेत्र सगड़ी का निरीक्षण करते हुए बताया कि तहसील सगड़ी अंतर्गत बाढ़ से कुल 65 गांव प्रभावित हैं। इन गांवों की जनसंख्या 65 हजार है। इनमें से 12 गांव की आबादी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुई है। इन गांव के 1500 लोगों को राहत शिविरों में लाया गया है। उन्होने कहा कि क्षेत्र में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि लोगों को राहत कैंपों में पहुंचाने एवं भोजन इत्यादि की व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होने बताया कि बाढ़ से हुए नुकसान के आकलन का कार्य प्रगति पर है, नुकसान का आकलन शीघ्र कराकर नियमानुसार सहायता वितरण की कार्यवाही की जाएगी। सगड़ी के उपजिलाधिकारी राजीव रत्न सिंह भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाढ़ से प्रभावित 60 गांव में करीब 300 नावें लगाई लगाई है। उन्होंने शनिवार को नदी का पानी कम होने की उम्मीद जतायी है। उन्होने कहा कि रिसाव को सही करने के लिए अधिकारी व कर्मचारी लगे है। कोई परेशानी की बात नही है। वहीं गोपालपुर विधानसभा के सपा विधायक नफीस अहमद ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया, कहा कि सबको पता है कि देवरांचल में हर बार नेपाल जब पानी छोड़ता है तो बाढ़ की स्थिति बन जाती है, ऐसे में सरकार व प्रशासन को सभी तैयारियों को पहले ही पूर्ण कर लेनी चाहिए थी।

## कोलकाता एसटीएफ ने अवैध बंदूक कारखाने का किया भंडाफोड़



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राज्य की सीमा के बाहर झारखंड के जामताड़ा में एक अवैध बंदूक कारखाने का भंडाफोड़ किया है। यह कारखाना जमीन के नीचे अंडर ग्राउंड चेंबर बनाकर चलाया जा रहा था। इस बारे में एसटीएफ के उपायुक्त वी. सोलेमन नेशाकुमार ने शनिवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद इम्तियाज नाम के एक हथियार तस्कर को पहले ही कोलकाता पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया था। उससे गहन पूछताछ चल रही थी। उसी की निशानदेही पर झारखंड के जामताड़ा इलाके के शाहजहां खान नाम के एक व्यक्ति के घर छापेमारी की। वहां उसने जमीन के अंदर एक गुप्त तहखाना बना रखा था, जिसके अंदर हथियार बनाने का काम होता था। वहां से सात अर्ध निर्मित पिस्टल, इंप्रोवाइज्ड बंदूकें जैसे कार्बाइन की मैगजीन, पिस्टल का बट आदि बरामद किया गया है। इसके अलावा बंदूक बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली लेथ मशीन, मिलिंग मशीन, ग्राइंडिंग मशीन और कई कच्चा माल भी मिला है। इन्हें झारखंड पुलिस की मदद से बरामद कर घर को सीज कर दिया गया है। मकान मालिक से फिलहाल झारखंड पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

## न्यूज गैलरी

### क्रिकेट सलामी बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजी से पाकिस्तान मजबूत दावेदार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की दमदार सलामी जोड़ी और शानदार तेज गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया में खेले जानेवाले टी-20 विश्व कप जीतने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक है। टीम 2007 में उपविजेता रहने के बाद 2009 में इस टूर्नामेंट के दूसरे सत्र की चैम्पियन बनी। पाकिस्तान इसके बाद तीन बार खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा, जिसमें यूएई में खेला गया पिछला टूर्नामेंट भी शामिल है। पाकिस्तान को टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में भारत, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और दो क्वालीफायर टीमों से भिड़ना है। किसी भी प्रारूप के विश्व कप में भारत से हार का सिलसिला टीम ने बीते टी-20 विश्व कप में खत्म किया। इस मैच में बाबर और रिजवान की जोड़ी ने पाकिस्तान को 10 विकेट से जीत दिलाई थी। इस विश्व कप में पाकिस्तान अपने ग्रुप के सभी पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया लेकिन यहां ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

### रोहित ने सेलिब्रेट किया बाबर आजम का बर्थडे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शनिवार को 28 साल के हो गये। उन्होंने अपना जन्मदिन ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जुटे दुनिया के 15 कप्तानों के साथ सेलिब्रेट किया। रोहित इससे पहले बाबर आजम के साथ बात करते हुए भी नजर आये। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसका वीडियो और फोटो शेयर किया है। इस दौरान केन विलियमसन, एरोन फिंच, शाकिब अल हसन और जोस बटलर भी मौजूद थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शनिवार को वर्ल्ड कप में भाग लेनेवाली सभी टीमों के कप्तानों ने प्रेस कांफ्रेंस में भाग लिया। इसके बाद बाबर आजम के लिए पिच और स्टंप्स वाला विशेष केक लाया गया। टी-20 वर्ल्ड कप 16 अक्टूबर से शुरू होना है। सभी टीमें ऑस्ट्रेलिया पहुंच गयी हैं। पहले क्वालिफाइंग राउंड खेले जायेंगे। जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी।

### गंभीर से पंगा लेकर अफरीदी ने की थी बड़ी गलती

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गौतम गंभीर के लिए 14 अक्टूबर का दिन बेहद खास है। दरअसल, गंभीर 14 अक्टूबर को 41 साल के हो गये। सन 1981 को दिल्ली में जन्मे गंभीर ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में खूब ऐसी पारियां खेलीं, जो जीत दिलाने में अहम साबित हुईं। 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप में मिली खिताबी जीत में भी गंभीर ने अहम भूमिका निभाई। हालांकि, खेल के अलावा गंभीर अपने गुस्सैल रवैये से भी खूब चर्चा में रहे। मैदान पर उनका विरोधी टीमों के खिलाड़ियों के साथ कई बार झगड़ा हुआ। लेकिन पाकिस्तान टीम के खिलाफ उनका गुस्सा अलग लेवल का ही रहा। यहां तक कि शाहिद अफरीदी भी उनसे बच नहीं पाए थे। फैंस को 2007 वर्ल्ड कप भारत की खिताबी जीत और युवराज सिंह के एक ओवर में लगातार 6 छक्कों के लिए ज्यादातर याद होगा। लेकिन इसके अलावा कुछ और भी घटा था, जो कई फैंस भूल नहीं पाए होंगे। दरअसल, फाइनल में पाकिस्तान से सामना हुआ था। भारत जब बल्लेबाजी करने उतरा तो उनके बड़े बल्लेबाज आउट हो गए थे, लेकिन पाक गेंदबाजी के सामने गौतम गंभीर टिक गए और उन्होंने 54 गेंदों पर 75 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 157 तक पहुंचाया।

# खिलाड़ियों के जज्बे से खुश लेकिन नतीजों से नहीं : कोच

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 ग्रुप ए टाई में मोरक्को के खिलाफ 3-0 से मिली हार के एक दिन बाद भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों के समग्र प्रदर्शन से काफी संतुष्ट हैं, लेकिन निश्चित तौर पर टीम के परिणामों से निराश भी हैं। कोच डेनरबी ने कहा कि मुझे कल के प्रदर्शन पर अपनी लड़कियों पर गर्व है लेकिन अंत में परिणाम से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं, मुझे पता है कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं, लेकिन फिर भी लड़कियों ने अंत तक जिस तरह से संघर्ष किया, उससे मैं खुश हूं। समस्या हमारे फिटनेस स्तर में नहीं थी, लेकिन हम तकनीकी तौर पर सही नहीं हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें और मेहनत करने की जरूरत है। हाफ टाइम तक मोरक्को को गोल से दूर रखने के बाद भारत शुक्रवार को कलिंग स्टेडियम, भुवनेश्वर में अपने दूसरे विश्व कप मुकाबले में 3-0 से हार गया। स्वीडन के 64 वर्षीय कोच ने कहा कि मैं इतने लंबे समय से अपनी टीम के खेल को व्यवस्थित करने का भरसक प्रयास कर रहा था और सटीकता के साथ महत्वपूर्ण पास देकर खेलने का अभ्यास करा रहा था। हमें एक लक्ष्य बनाना चाहिए था जब अनीता दूसरे हाफ में प्रतिद्वंद्वी कीपर के आमने-सामने की स्थिति में थीं। फुटबॉल मुख्य रूप से कौशल का खेल है और हमें इस क्षेत्र में और अधिक सुधार करना चाहिए। यही कड़वी सच्चाई है।

**टी-20 विश्व कप : आठवीं बार विश्व कप खेल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बोले -**

# टी-20 क्रिकेट पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ





**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 से पहले शनिवार को कहा कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप पिछले कुछ सालों में बहुत विकसित हुआ है। रोहित ने 20 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका में 2007 के विश्व कप में खेला था। इस मैच में वह अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। रोहित ने टूर्नामेंट के मेजबान के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में अर्द्धशतक ठोक कर अपनी छाप छोड़ी थी। रोहित ने जोहान्सबर्ग में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे और 30 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित ने टूर्नामेंट से पहले यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब मुझे उस विश्व कप के लिए चुना गया था, तो मैं अपने लिए मैदान में किसी उम्मीद के साथ नहीं उतरा था। मैं केवल टूर्नामेंट को आंनद लेने लिए उतरा और मैंने अपनी पूरी क्षमता के साथ टूर्नामेंट खेला, क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप था। मुझे इस बात की कोई समझ नहीं थी कि विश्व कप का हिस्सा बनना कैसा होता है और जब तक हम वास्तव में विश्व कप नहीं जीत गये, तब तक मैं नहीं समझ सका कि यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। रोहित ने कहा कि यह एक लंबा अनुभव रहा और खेल काफी बदल गया है। आप सचमुच देख सकते हैं कि यह 2007 की तुलना में अब कैसे खेला जाता है। उस समय 140 या 150 एक अच्छा स्कोर माना जाता था, लेकिन अब लोग 14 या 15 ओवर में ही यह स्कोर आसानी से हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चार सप्ताह का टूर्नामेंट टी-20 विश्व कप का आठवां आयोजन है और रोहित भी आठवीं बार ही इस टूर्नामेंट में शामिल होंगे। रोहित के अलावा जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सीन विलियम्स, बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन और भारत के साथी दिनेश कार्तिक ऐसे खिलाड़ी हैं जो टी-20 विश्व कप के पहले आयोजन में भी थे और यहां भी खेल रहे हैं। रोहित ने कहा कि टीमों ने परिणाम की चिंता किये बिना बहुत अधिक जोखिम लेना शुरू कर दिया है, जो मुझे लगता है कि इस तरह के प्रारूप को खेलने का एक अच्छा तरीका है। यह कुछ ऐसा है जो हमारी टीम भी करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि यह उस तरह का प्रारूप है जहां जोखिम के साथ उच्च पुरस्कार भी है।

**विश्व कप के लिए भारतीय टीम**

**रोहित** शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद शमी।

# भारत ने 7वीं बार जीता विमेंस एशिया कप

## फाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से रौंदा, मंधाना ने बनाये नाबाद 51 रन




**सिलहट (एजेंसी)।** भारत ने सातवीं बार विमेंस एशिया कप का खिताब जीत लिया है। शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के आगे श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 65 रन ही बना पायी। इनोका रनवेरा ने सबसे ज्यादा 18 रन बनाये। भारत के लिए रेणुका सिंह ठाकुर ने तीन विकेट लिये। राजेश्वरी गायवाड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिये। जवाब में भारत ने 8.3 ओवर में दो विकेट खोकर 71 रन बनाते हुए टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने छक्का जमाकर टीम इंडिया को खिताबी जीत दिलायी। मंधाना 25 गेंद पर 51 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने छह चौके और तीन छक्के जमाये। उनका स्ट्राइक रेट 204 का रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर 11 रन बनाकर मंधाना के साथ नाबाद रहीं।

**श्रीलंका से 5वां फाइनल जीता :** टीम इंडिया ने एशिया कप के इतिहास में श्रीलंका से 5वां फाइनल मैच जीता है। दोनों टीमों के बीच अब तक पांच फाइनल खेले गये हैं। इन सभी में टीम इंडिया ही जीती है। भारतीय टीम लगातार आठवीं बार फाइनल में पहुंची थी। भारत ने 14 साल बाद एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को हराया है। इससे पहले 2008 में दोनों का आमना-सामना हुआ था।

## रेणुका सिंह ठाकुर ने रखी भारत की जीत की नींव, चटकाये तीन विकेट

**भारत** की जीत की नींव रखने के लिए रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट श्रीलंका को 65 रन पर रोक दिया। भारत को 66 रन के लक्ष्य तक पहुंचाने के प्रयास में शेफाली वर्मा (05) और जेमिमाह रॉड्रिगेज (02) आउट हो गयीं, लेकिन स्मृति ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी करके भारत को आसान जीत दिलायी। स्मृति ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ नाबाद 51 रन बनाये जबकि हरमनप्रीत ने 14 गेंदों पर एक चौके के साथ नाबाद 11 रन का योगदान दिया।

## मीडिया ओलंपिक : टीटी में शरददीप, कैरम में संजीवनी ने जीता खिताब

**लखनऊ (एजेंसी)।** नवाब नगरी लखनऊ में पहली बार खेले जा रहे मीडिया ओलंपिक के पहले दिन शनिवार को टेबल टेनिस में शरददीप अग्रवाल और कैरम में संजीवनी ने बालिका अंडर-16 का खिताब अपने नाम कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पहले दिन कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और फुटबाल शूटआउट को मुकाबले हुए। शरददीप ने गुलशन द्विवेदी को 11-8, 5-21, 11-5, 8-11, 11-4 से हराया जबकि तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से राजीव तिवारी बाबा और आदित्य श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ. सहगल ने कहा कि मुझे मीडिया ओलंपिक को देखकर पहले एथेंस ओलंपिक की याद आ रही है जहां कुछ ही लोग इकट्ठा हुए थे।

# शमी ने रिकवरी के दिये थे संकेत, बुमराह को लेकर जोखिम नहीं ले सकते थे : रोहित




**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि टीम टी-20 विश्व कप में चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उतारने का जोखिम नहीं ले सकती थी जबकि उनके विकल्प मोहम्मद शमी कोरोना संक्रमण से पूरी तरह उबर रहे हैं। टी-20 विश्व कप से पहले कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने शमी की फिटनेस को लेकर जानकारी दी। जुलाई से क्रिकेट नहीं खेले शमी को टीम में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि शमी को दो तीन सप्ताह पहले कोरोना हुआ था। उस समय उसे एनसीए बुलाया गया। उसने पिछले दस दिन में काफी मेहनत की है और अब वह ब्रिसबेन में है। वह हमारे साथ प्रैक्टिस करेंगे। उन्होंने कहा कि उसकी रिकवरी के बारे में जो कुछ सुना है, वह सकारात्मक है। उसने तीन-चार गेंदबाजी सत्र में भाग लिये। हमने पिछले 12 महीने में खिलाड़ियों के प्रबंधन के लिए पूरे उपाय किये लेकिन चोट लग जाती है। टीम में जो भी हैं, उन्हें मैच अभ्यास मिला है। बुमराह कमर की चोट के कारण टीम से बाहर है जिससे भारतीय गेंदबाजी कमजोर लग रही है। रोहित ने कहा कि बुमराह शानदार गेंदबाज है। हमने उसकी चोट के बारे में कई विशेषज्ञों से बात की, लेकिन जवाब सकारात्मक नहीं मिला। विश्व कप अहम है, लेकिन उसका कैरियर उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह 27-28 साल का ही है। उन्होंने कहा कि उसे यहां खिलाकर जोखिम नहीं लिया जा सकता था। हमें उसकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा कि चोट लगना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह चलता रहता है। यही वजह है कि हमने पिछले एक साल में खिलाड़ियों का बड़ा पूल बनाया है। इतने मैच खेलने पर चोटें तो लगेंगी ही। पिछले एक साल में हमारा फोकस बेंच स्ट्रेंथ पर रहा है।

# टी-20 विश्व कप से पहले तकनीकी बदलाव कर रहा हूं : आरोन फिंच



**मेलबर्न (एजेंसी)।** खराब फॉर्म से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि वह टी-20 विश्व कप से पहले अपने खेल में कुछ तकनीकी बदलाव कर रहे हैं । हाल ही में आस्ट्रेलिया की वनडे कप्तानी छोड़नेवाले फिंच इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों में 25 रन ही बना सके। फिंच ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि टी-20 क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के लिए जोखिम भी है और पुरस्कार भी। आक्रामक खेलकर आप टीम को अच्छी शुरुआत दिला सकते हैं, लेकिन यह हमेशा रणनीति के अनुरूप नहीं रहता। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं। लंबे समय तक टी-20 क्रिकेट खेलने पर पता चल जाता है कि उतार-चढ़ाव तो आयेंगे ही। फिंच ने कहा मैंने कुछ तकनीकी बदलाव किये हैं और विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।

ऑस्ट्रेलिया का सामना 22 अक्टूबर को सिडनी में न्यूजीलैंड से होगा। फिंच ने कहा कि उनके पास काफी संतुलित टीम है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 11 खिलाड़ी ही विश्व कप नहीं जीतते, सभी 15 खिलाड़ियों का योगदान होता है। हमारे पास काफी संतुलित टीम है। टीम में कई मैच विनर हैं। बल्लेबाजी में भी और गेंदबाजी में भी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली तीन में से दो टी-20 श्रृंखलायें गंवाई हैं, लेकिन फिंच ने कहा कि महत्वपूर्ण बात सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना है । उन्होंने कहा कि सही समय पर अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले प्रदर्शन पर विश्लेषण करने का कोई फायदा नहीं। टीम में सभी को अपनी भूमिका पता होनी चाहिए और उसके अनुरूप प्रदर्शन करना जरूरी है।

## दिल्ली सीनियर लीग का 18 अक्टूबर से आयोजन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की 11 फुटबॉल टीमें दिल्ली सॉकर एसोसिएशन उर्फ फुटबॉल दिल्ली (एफडी) के प्रीमियर डिवीजन में जगह बनाने के लिए दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग 2022-23 में 18 अक्टूबर से आमने-सामने होंगी। एफडी के चेयरमैन जगदीश मल्होत्रा ने शनिवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली दिल्ली प्रीमियर लीग और महिला प्रीमियर लीग के सफल आयोजन से उत्साहित पदाधिकारियों को उम्मीद है कि पिछले आयोजनों की तरह सीनियर डिवीजन लीग भी सफल साबित होगी। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाली टीमों में नेशनल यूनाइटेड, जगुआर एफसी, सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स, यूनाइटेड भारत, गढ़वाल डायमंड एफसी, यंगमेन एससी, अहबाब एफसी, शास्त्री एफसी, दिल्ली टाइगर्स एफसी, सिटी एफसी और दिल्ली यूनाइटेड एफसी शामिल हैं।

# सोशल मीडिया पर उठी कोहली को गिरफ्तार करने की मांग, मर्डर से जुड़ा है मामला




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के चाहनेवालों की संख्या दुनियाभर से करोड़ों में है, लेकिन फिलहाल सोशल मीडिया पर उन्हें गिरफ्तार किये जाने की मांग उठ रही है। ऐसा पहली बार देखने को मिला, जब कोहली के खिलाफ ट्विटर पर यूजर्स द्वारा खूब भड़ास निकली हो। दरअसल, मामला एक मर्डर से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर पूर्व कप्तान कोहली का नाम के रूप में ट्विटर पर रविवार को ट्रेंड कर रहा था। हुआ ऐसा कि मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित के एक फैन की विराट कोहली के फैन ने हत्या कर दी। दोनों युवा लड़कों के बीच कोहली और रोहित को लेकर आपसी बहस हो गई। रिपोर्ट के अनुसार हत्या करनेवाले लड़के ने शराब पी हुई थी। गुस्से में आकर उसने रोहित के फैन को मौत के घाट उतार दिया। जब खबर सामने आयी तो सोशल मीडिया पर कोहली को गिरफ्तार करने की मांग उठ गयी। हालांकि, कई फैंस कोहली की सपोर्ट में आते दिखे।

**पुलिस की गिरफ्त में कोहली का फैन :** यह घटना तमिलनाडु के अरियालुर जिले के पोयूर गांव में हुई। मृतक की पहचान पी विग्नेश नाम के 24 वर्षीय शर्मा प्रशंसक के रूप में हुई, जबकि गिरफ्तार कोहली समर्थक की पहचान धर्मराज के रूप में हुई, जिसकी उम्र 21 साल है। कीलापालुर पुलिस ने बयान जारी करते हुए कहा कि दोनों ने शराब का सेवन किया था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, विग्नेश मुंबई इंडियंस का समर्थन कर रहा था, जबकि धर्मराज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के समर्थक थे। पुलिस ने कहा कि बहस के दौरान, विग्नेश ने कथित तौर पर आरसीबी और विराट कोहली का मजाक उड़ाया था। विग्नेश को हकलाने वाले धर्मराज को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। इससे धर्मराज नाराज हो गया, जिसने विग्नेश पर बोतल से हमला किया और बाद में उसके सिर पर क्रिकेट के बल्ले से प्रहार किया। धर्मराज जल्द ही मौके से फरार हो गया।

# प्रो कबड्डी लीग : पुनेरी पल्टन को हराकर गुजरात जाएंट्स ने खोला जीत का खाता



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गुजरात जाएंट्स ने श्री कांतिरवा इंडोर स्टेडियम में जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 18वें मुकाबले में शुक्रवार को पुनेरी पल्टन को 47-37 के अंतर से हराकर अपनी जीत का खाता खोल लिया है। तीन मैचों में गुजरात की पहली जीत है जबकि ईरानी दिग्गज फजल अतराचली की वापसी के बावजूद पल्टन का खाता नहीं खुल सका है। दोनों टीमों का यह तीसरा मुकाबला था। इससे पहले दोनों को एक-एक मैच में जीत मिली थी जबकि एक-एक मैच टाई रहा था। अब गुजरात ने इस जीत के साथ अंक तालिका में पांच स्थान की छलांग लगायी है। गुजरात की जीत के हीरो एचएच राकेश (15 अंक) रहे, जिन्होंने लगातार तीसरे मुकाबले में सुपर-10 पूरा किया। सौरव गुलिया ने हाई-5 लगाकर उनका साथ दिया। सीजन में पहली बार ईरानी सुपरस्टार डिफेंडर फजल अतराचली की देखरेख में खेल रही पल्टन के लिए असलम इनामदार (19 अंक) ने एक बार फिर चमक दिखाते हुए लगातार दूसरा सुपर-10 पूरा किया लेकिन डिफेंस की कमजोरी के कारण वह तीन बार टीम को ऑल आउट होने से नहीं बचा सके, जो कि हार का मुख्य कारण बना। फजल की वापसी के बावजूद गुजरात ने शुरुआत 4-0 की लीड के साथ की थी, लेकिन पल्टन ने लगातार चार अंकों के साथ पांच मिनट की समाप्ति तक स्कोर 4-4 कर लिया। बराबरी का अंक मोहित ने डू ओर डाई रेड पर लिया। गुजरात ने जल्द ही एक लेकर स्कोर 5-4 किया और फिर एचएस राकेश ने दो अंकों की रेड के साथ लीड तीन की कर दी। फजल के आने से असलम पर से कप्तानी का दबाव कम हुआ 10वें मिनट में पहला रेड अंक लेने के बाद वह खुलकर सामने आए। इस बीच, राकेश ने एक बार फिर दो अंकों के साथ पल्टन को ऑल आउट की ओर धकेल दिया। पल्टन के लिए सुपर टैकल आन था। राकेश की रेड के दौरान बालासाहेब जाधव सेल्फ आउट हो गए। पल्टन असलम की जगह बादल को लेकर आए लेकिन वह पल्टन का ऑल आउट नहीं टाल सके। गुजरात ने 16-11 की लीड ले ली। ऑलआउट के बाद मोहित और असलम ने पल्टन को लगातार पांच अंक दिलाए।

## जीत की हैट्रिक नहीं लगा सके स्टीलर्स, जयपुर ने हराया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हरियाणा स्टीलर्स श्री कांतिरवा इंडोर स्टेडियम में जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन में जीत की हैट्रिक नहीं लगा सके। शुक्रवार को खेले गये सीजन के 17वें मुकाबले में स्टीलर्स को पहले सीजन के चैम्पियन जयपुर पिंक पैंथर्स के हाथों 31-44 के अंतर से हार मिली। दोनों टीमों का यह तीसरा मुकाबला था। हरियाणा को लगातार दो जीत के बाद पहली हार मिली और इसके लिये वे खुद जिम्मेदार हैं, क्योंकि इस सीजन की अपनी दूसरी जीत हासिल करनेवाली जयपुर की टीम ने उसे तीन बार (पहले हाफ में एक बार और दूसरे हाफ में दो बार) आलआउट किया। जयपुर को एक मैच में हार भी मिली है।



## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं




नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर गिरना शुरू हो गयी है लेकिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इसका शनिवार को भी कोई प्रभाव नहीं दिखा। कच्चे तेल की कीमत करीब 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गयी हैं।
अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 91.63 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 4.00 प्रतिशत घटकर 88.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ।
दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### रिलायंस जियो नेटवर्क औसत 4जी डाउनलोड रफ्तार में पहुंचा पहले नंबर पर

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकारण (ट्राई) की ताजा रिपोर्ट के अुनसार रिलायंस जियो सितंबर में 4जी नेटवर्क पर औसतन 19.1 एमबीपीएस डाउनलोड रफ्तार के साथ सबसे ऊपर रहा। ट्राई द्वारा जारी सितंबर माह के आंकड़ों के मुताबिक जियो के 4जी नेटवर्क पर औसत डाउनलोड स्पीड 19.1 एमबीपीएस मापी गई जो अगस्त में 17.4 एमबीपीएस थी। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार वीआई (वोडाफोन-आइडिया) की 4जी डाउलनोड रफ्तार सितंबर में गिर कर 12.7 एमबीपीएस रह गयी, वीआई की 4जी रफ्तार फरवरी-2022 में 18.4 एमबीपीएस थी। सितंबर में एयरटेल की डाउनलोड रफ्तार मामूली सुधार के साथ 14एमबीपीएस दर्ज की गई और वह तीसरे नंबर से खिसककर दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। आलोच्य माह में जियो की औसत 4जी अपलोड रफ्तार 6.4 एमबीपीएस तो वीआई की रफ्तार 5.9 एमबीपीएस रही। एयरटेल और बीएसएनएल औसत 4जी अपलोड रफ्तार में एक दूसरे के बराबर 3.4 एमबीपीएस रही। हाल में प्राइवेट फर्म ओकला ने राजधानी सहित चार शहरों की औसत 5जी स्पीड के आंकड़े जारी किए थे। जिसमें रिलायंस जियो 5जी की औसत डाउनलोड स्पीड में 600 एमबीपीएस के साथ अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी एयरटेल से ऊपर थी।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का दिल्ली में विस्तार

नयी दिल्ली। आभूषणों के स्टोरों का नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज राजधानी दिल्ली में अपना विस्तार करते हुये धनतेरस से पहले आज अपना सिंग्चेनर आर्टिस्टी स्टोर लॉंच करने की घोषणा की। इस मौके पर मलाबार समूह के अध्यक्ष एम पी अहमद ने कहा कि आर्टिस्टी स्टोर का उद्देश्य हर अवसर के लिए आभूषणों का एक अद्वितीय चयन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि साउथ एक्स में खुले इस स्टोर से दिल्ली के लोग शानदार अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्टोर कंपनी के खुदरा उपस्थिति को बढ़ाता है और इस वित्तीय वर्ष में समूह की तेजी से राष्ट्रव्यापी विस्तार रणनीति का अनुरूप है। कंपनी अभी 285 स्टोर के साथ दुनिया भर के 10 देशों में मौजूद है। श्री अहमद ने कहा कि समूह की सीएसआर पहल के तौर पर उनकी कंपनी दिल्ली एनसीआर में विभिन्न धर्मार्थ और परोपकारी गतिविधियों के लिए आर्टिस्टी स्टोर द्वारा अर्जित लाभ का पांच प्रतिशत आवंटिक करेगी। सीएसआर गतिविधियों में मुख्य फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला अधिकारिता, आवास और पर्यावरण जैसे क्षेत्र होंगे।

# आईएमएफ का अनुमान- 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जायेगा भारत



दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुके भारत को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने नया दावा किया है। आईएमएफ के अनुसार मौजूदा विकास दर के आधार पर भारत 2027 में जर्मनी और 2029 में जापान से आगे निकलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार इस साल पहली तिमाही में विकास दर 13.5 प्रतिशत रही है। इस दर से भारत के इस वित्त वर्ष में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था रहने की संभावना है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ अरविंद विरमानी का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का सफर आगे भी जारी रहेगा और भारत आने वाले कुछ साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आर्थिक रूप विकसित दुनिया के बड़े देशों की अर्थव्यस्थाओं पर रूस यूक्रेन युद्ध, महंगाई में इजाफे के कारण संकट के बादल छाये हुए हैं। इन देशों पर मंदी आने का खतरा मंडरा रहा है। पर भारत को दुनिया का चमकता सितारा बताया जा रहा है। आईएमएफ ने जब दुनिया के कई देशों के विकास दर के अनुमान को घटा दिया है पर उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था इन सभी चुनौतियों के बावजूद 6.8 प्रतिशत की दर से मौजूदा वित्त वर्ष में विकास करेगी जो अमेरिका-चीन के मुकाबले कहीं ज्यादा है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2028-30 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अथज्व्यवस्था बन जाएगा। 2014 में भारतीय अथज्व्यवस्था दुनिया में 10वीं सबसे बड़ी थी, इस लिहाज से 7 स्थान का बदलाव दिख सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत अपनी अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से अब ज्यादा पीछे नहीं है। आईएमएफ के अनुसार 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी के बराबर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का साइज बढ़कर 4।94 ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। और उसके बाद के वर्ष 2027-28 में भारतीय अर्थव्यवस्था जापान के 5.17 ट्रिलियन डॉलर के मुकाबले बढ़कर 5.36 ट्रिलियन डॉलर की होगी।

## सब्सिडी को एकआयामी नजरिये से न देखे विश्व बैंक : सीतारमण



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत सरकार की तरफ से दी जाने वाली सब्सिडी को एकआयामी दृष्टिकोण से नहीं देखने का विश्व बैंक से अनुरोध करते हुए कहा है कि ह्यनुकसानदायक सब्सिडी और संवदेनशील परिवारों को दिए जाने वाले लक्षित समर्थन में अंतर करना जरूरी है। सीतारमण ने यहां विश्व बैंक विकास समिति की बैठक में शुक्रवार को कहा कि सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के कई अहम मानकों पर भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सब्सिडी का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा, हमारा (विश्व बैंक से) अनुरोध है कि सब्सिडी को एकआयामी नजरिए से देखना बंद किया जाए। नुकसानदायक सब्सिडी और संवेदनशील परिवारों को लक्षित करके दिए जाने वाले समर्थन के बीच अंतर करना जरूरी है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत बीते छह वर्षों में दिए गए निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि भारत में भोजन पकाने की स्वच्छ प्रक्रिया तक सभी महिलाओं की पहुंच हो। इसने एसडीजी के अनेक अहम मानकों पर भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में बड़ा योगदान दिया है। सीतारमण ने अपने संबोधन में विश्व बैंक समूह को कई सुझाव भी दिए। इनमें व्यवहार संबंधी बदलाव लाने का सुझाव भी शामिल है जिससे ऊर्जा प्रभावशीलता बढ़े और भोजन का नुकसान कम हो।

## ऑडी ने लखनऊ में खोला प्री-ओन्ड कार का शोरूम




लखनऊ (एजेंसी)। भारत में प्री-ओन्ड कार बाजार में प्रचुर संभावनाओं के मद्देनजर जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने यहां देश में अपने 19वें आडी अप्रूव्ड:प्लस फैसिलिटी का उदघाटन किया। इस मौके पर ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, जनवरी से सितंबर के बीच ऑडी अप्रूव्ड:प्लस बिजनेस में 73 फीसदी की की वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 में हमने सात आडी अप्रूव्ड : प्लस फैसिलिटी के साथ प्री -ओन्ड कार के व्यवसाय को देश में शुरू किया था। वर्ष 2021 मे यह संख्या 14 हो गयी जबकि इस साल के अंत तक हमे भरोसा है कि अन्य शहरों में हमारे विस्तार से इस वृद्धि में और भी तेजी आएगी और भारत में हमारी 22 ऑडी अप्रूव्ड:प्लस फैसिलिटीज होंगी। उन्होंने कहा कि यूं तो आडी की कार की रेंज 45 लाख के आसपास से शुरू होती है मगर ग्राहकों को प्री ओन्ड कार आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध होंगी और गुणवत्ता और सर्विसिंग का पूरा ख्याल रखा जायेगा। आडी अप्रुव्ड :प्लस शोरूम्स में दिखने और बिकने वाला हर प्री-ओन्ड व्हीकल मेकैनिकल बॉडीवर्क, 300 से ज्यादा मल्टी-पॉइंट चेक्स पर इंटीरियर और इलेक्ट्रिकल परीक्षणों, कई स्तरों की गुणवत्ता जांचों और सड़क पर पूरे परीक्षण से गुजरता है, ताकि कार खरीदते समय ग्राहक निश्चिंत रहे। ऑडी इंडिया 24 गुणे 7 रोडसाइड असिस्टेन्स और खरीदी से पहले वाहन की पूरी हिस्ट्री की पेशकश करती है। इसके अलावा, ग्राहकों को इस प्रोग्राम से आसान फाइनेंसिंग और बीमा के फायदे भी मिल सकते हैं। ऑडी लखनऊ के डीलर प्रिंसिपल श्री गौतम गर्ग ने कहा, लखनऊ और आस-पास के इलाकों में प्री-ओन्ड कारों की मांग काफी बढ़ी है और हमें विश्वास है कि यह नई फैसिलिटी इस क्षेत्र में प्री-ओन्ड कारों को हमारे ग्राहकों के लिये ज्यादा सुलभ बनाएगी। हम अपने ग्राहकों का बेसब्री से स्वागत करने का इंतजार कर रहे हैं।

### सितंबर में मोबाइल फोन निर्यात पहली बार 8,000 करोड़ पार, 200 प्रतिशत हुई ग्रोथ

नई दिल्ली। देश से मोबाइल फोन का निर्यात सितंबर में पहली बार 1 अरब डॉलर (करीब 8,200 करोड़ रुपए) से ऊपर निकल गया। इससे पहले मोबाइल फोन का सबसे ज्यादा निर्यात दिसंबर 2021 में हुआ था। तब 6,314 करोड़ रुपए मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात किए गए थे। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के मुताबिक बीते माह मोबाइल फोन निर्यात सालाना 200% बढ़ा। इसमें घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने लिए शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) स्कीम का बड़ा योगदान रहा। यह स्कीम शुरू होने के बाद एपल, सैमसंग जैसी दिग्गज टेक कंपनियां उत्पादन बढ़ा रही हैं। वे स्थानीय और विदेशी बाजारों में 'मेड इन इंडिया' मोबाइल फोन बेच रही हैं।

## निर्यात सितंबर में 4.82 प्रतिशत बढ़ा व्यापार घाटा बढ़कर 25.71 अरब डॉलर



नयी दिल्ली (एजेंसी)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत का वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात सितंबर 2022 माह में सालाना आधार पर 4.82 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.45 अरब डॉलर और आयात 8.66 प्रतिशत बढ़कर 61.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह के दौरान व्यापार घाटा भी बढ़कर 25.71 अरब डॉलर हो गया। सितंबर 2022 में भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं सहित) 61.10 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10.24 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है, जबकि सितंबर 2022 में कुल आयात (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर ) अरब 76.26 बिलियन होने का अनुमान है, जो सितंबर 2021 की तुलना में 10.73 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दशार्ता है। आंकड़ों के अरनुसार अप्रैल-सितंबर 2022 के बीच देश से वस्तु निर्यात 231.88 अरब डॉलर रहा, जो 2021 में इसी अवधि के दौरान हुए 198.25 अरब डॉलर के निर्यात से 16.96 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दशार्ता है। इसी दौरान वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात 380.34 रहा, जो एक वर्ष पहले की इसी अवधि में 274.50 अरब डॉलर के आयात के मुकाबले 38.55 फीसदी अधिक है। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ( ईईपीसी इंडिया ) के अध्यक्ष श्री अरुण गरोडिया ने निर्यात-आयात के इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा, नवीनतम व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि इंजीनियरिंग सामान निर्यात सितंबर 2022 में सालाना आधार पर लगभग 11 प्रतिशत घटकर 8.39 अरब डॉलर रहा।

### एचडीएफसी बैंक का समेकित लाभ 22.30 प्रतिशत बढ़कर 11,125 करोड़ रुपये पर

मुंबई। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 22.30 प्रतिशत बढ़कर 11,125.21 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 9,096.19 करोड़ रुपये रहा था। देश के सबसे बड़े निजी बैंक ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत से अधिक होकर 10,605.78 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,834.31 करोड़ रुपये रहा था जबकि अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में यह 9,196 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आय एक साल पहले के 38,754 करोड़ रुपये से बढ़कर 46,182 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान उसका व्यय भी 22,947 करोड़ रुपये से बढ़कर 28,790 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) कुल खाते का 1.23 प्रतिशत रहीं जबकि एक साल पहले की दूसरी तिमाही में यह 1.35 प्रतिशत रही थी। अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में सकल एनपीए 1.28 प्रतिशत पर था।

## दिवाली, धनतेरस से पहले सोना खरीदने का अच्छा मौका, एक हफ्ते में 1500 रुपये गिरे गोल्ड के दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिवाली और धनतेरस से पहले सोने के शौकीन लोगों के लिए एक सुनहरा मौका है, क्योंकि गोल्ड की कीमत में 1500 रुपये की गिरावट हुई है। डॉलर इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी और एफओएमसी की आगामी बैठक में यूएस फेड रेट में बढ़ोतरी के आशंका के बीच, पिछले सप्ताह से ही सोने की कीमत पर दबाव बना हुआ है और इसके दाम में लगातार गिरावट हो रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की दरें 50,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थीं, जिसमें 600 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक का इंट्रा डे गिरावट हुई, जबकि हफ्ते के आधार पर एमसीएक्स सोने की कीमत में 1,719 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.30 रुपये का नुकसान दर्ज किया गया। हाजिर बाजार में विगत शुक्रवार को सोने का दाम 1.33 फीसदी की गिरावट के साथ 1,643 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर बंद हुआ। कमोडिटी बाजार के एक्सपर्ट के अनुसार, सोने की कीमत में गिरावट का प्रमुख का कारण डॉलर इंडेक्स अस्थिर होना है। हालांकि यूएस सीपीआई के आंकड़ों के बढ़ोतरी के कारण सोने की कीमत में गिरावट पर ब्रेक लगाई है, लेकिन यह लंबे समय के लिए नहीं है। एक्सपर्ट का कहना है कि अमेरिकी डॉलर के संबंध में हड़बड़ी में लोग सोने से डॉलर में अपने अदला-बदली कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर की वजह से सोने की कीमते में कम रहने की उम्मीद है और यह 1,640 डॉलर से 1,700 डॉलर प्रति औंस के दायरे में कारोबार कर सकती है।

## इन शेयर में बिल्कुल भी न लगाएं पैसा उठाना पड़ सकता है भारी नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में निवेश करना कोई बड़ी बात नहीं है। हालांकि शेयर बाजार में किन शेयरों में निवेश किया जा रहा है, यह काफी समझदारी वाली बात होती है। अक्सर देखने को मिलता है कि लोग शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश नहीं करते हैं और किसी भी शेयर को चुन लेते हैं, जो कि निवेश का सही तरीका नहीं है। शेयर मार्केट में निवेश करते वक्त जिन शेयरों को चुना जा रहा है, उन पर काफी ध्यान रखना चाहिए। किन शेयरों में पैसा नहीं लगाना चाहिए, इसको लेकर एसएमसी ग्रुप के डायरेक्टर आयुष अग्रवाल ने विस्तार से बताया है। आयुष अग्रवाल के मुताबिक शेयर मार्केट में पैसा लगाते वक्त जिन कंपनियों के शेयर चुने जा रहे हैं, उनको लेकर कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए। आयुश अग्रवाल ने बताया कि किसी भी कंपनी के शेयर चुनते वक्त ये ध्यान देना चाहिए कि उस कंपनी पर कर्ज कितना है। कर्ज कम होना चाहिए। आयुष अग्रवाल का कहना है कि कर्ज के अलावा प्रोमोटर की स्थिति भी देखनी चाहिए। साथ ही इसकी भी जांच करनी चाहिए कि प्रोमोटर का नाम कभी किसी स्कैम में ना जुड़ा हो और कंपनी में प्रोमोटर की होल्डिंग भी अच्छी हो। साथ ही इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि कंपनी के शेयर गिरवी रखे गए हैं या नहीं। आयुष अग्रवाल ने बताया कि किसी भी शेयर को खरीदते वक्त कंपनी के क्रेडिट रेटिंग और एनुअल रिपोर्ट को भी देखनी चाहिए। अगर कंपनी का क्रेडिट स्कोर खराब है और एनुअल रिपोर्ट में भी कुछ गलत सामने आता है तो उस कंपनी के शेयर खरीदने से बचना चाहिए।

# आम आदमी को लगा महंगाई का झटकाः अमूल ने फिर बढ़ाए दूध के दाम




दिल्ली (एजेंसी)। अमूल ने एक बार फिर दिल्ली क्षेत्र में दूध की कीमतों में 2 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में अब एक लीटर फुल क्रीम दूध की कीमत बढ़कर 63 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इससे पहले अगस्त में भी दूध की कीमतों में बढ़त की गई थी। आंकड़ों के अनुसार पशुओं के चारे की महंगाई दर 25 प्रतिशत से ऊपर 9 साल के रिकॉर्ड स्तर के करीब बनी हुई है। इससे दूध उत्पादन करने वाले किसानों की लागत में तेज उछाल आया है। अमूल बढ़ती लागत का हवाला देकर ही कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है। आज सुबह लोगों को बढ़ी हुई दरों पर दूध मिला है। हालांकि गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। फिलहाल बाजार में फुल क्रीम दूध 2 रुपये महंगा हो गया है और नई दरें 61 रुपये से बढ़कर 63 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं। इससे पहले अगस्त में अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमत 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई थीं। वहीं मार्च में भी दूध के दाम बढ़ा दिए गए थे। पिछले दोनों बार फेडरेशन ने कहा था कि किसानों की दूध उत्पादन की लागत लगातार बढ़ रही है, जिससे उनकी आय घटी है। किसानों को राहत देने के लिए ही दूध के दामों में बढ़त की गई है। दूध के महंगे होने की मुख्य वजह पशुओं का चारा महंगा होना है। कल जारी हुए आंकड़ों के अनुसार सितंबर के महीने में चारे की महंगाई दर 25.23 प्रतिशत रही है। जो कि पिछले साल के इसी महीने में 20.57 प्रतिशत पर थी। अगस्त के महीने में चारे की महंगाई दर 25.54 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई थी जो कि 9 साल का उच्चतम स्तर था। सितंबर में इसमें बेहद मामली राहत दिखी है, लेकिन कीमतें अभी भी चिंताजनक स्तर पर ही हैं। स्थिति ये है कि चारे की महंगाई दर थोक महंगाई दर से दोगुनी से भी अधिक के स्तर पर कायम है। कल आए आंकड़ों के अनुसार सितंबर के महीने में थोक महंगाई दर घटकर 10.7 प्रतिशत पर आ गई है जो कि इससे पिछले महीने 12.41 प्रतिशत पर थी। वहीं थोक कीमतों पर आधारित खाद्य महंगाई 9.93 प्रतिशत से घटकर 8.08 प्रतिशत पर आ गई है।

## पेज एक के शेष

### मेदिनीनगर सेंट्रल जेल...

है। कोयलांचल का यह डॉन जेल के अंदर से भी अपने गैंग को चला रहा है। अमन साहू पर लगाम लगाने के लिए लगातार एक जेल से दूसरे जेल में शिफ्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। पिछले चार महीने के दौरान अमन साहू को तीन जेलों में शिफ्ट किया गया है। 23 जुलाई 2022 को गिरिडीह जेल से अपराधी अमन को सिमडेगा जेल भेजा गया। सुरक्षा कारणों से उसे गत 17 सितम्बर को पलामू में मेदिनीनगर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया। अमन साहू ने पलामू के मोहम्दगंज में पिछले साल रेलवे का थर्ड लाइन बना रही कंपनी अशोका बिल्डकॉन के कैंप कार्यालय पर गोलीबारी कर अमन साहू चर्चा में आया था।

### राजा-महाराजा का...

का है। उन्होंने कहा कि अबकी बार देश में रिवाज बदलता जा रहा है। हिमाचल में भी रिवाज बदलनेवाला है। हिमाचल में भाजपा सरकार रिपीट करेगी। सतौन में भाजपा की रैली के लिए पहुंचने पर गृह मंत्री अमित शाह ने हाटी समुदाय प्रधान रजनीश के घर लंच किया। जहां मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने उनका स्वागत किया।

### भारतीय सेना पर...

की महत्वकांक्षी परियोजना का काम चल रहा है। जिस दिन यह परियोजना पूरी होगी, पूरे नार्थ-ईस्ट का कायाकल्प हो जायेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में व्यापार सुगमता को बढ़ाया जा रहा है और इससे रोजगार के अवसर बढेंगे। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में भी सुधार किया जा रहा है और असम में 15 नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। गुवाहाटी में भी एम्स खोला गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का प्रत्येक राज्य सैन्य दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और यहां के लोगों ने सभी भारतवासियों को यह दिखाया है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वे देश की एकता और अखंडता के लिए पूरी तत्परता से काम करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, सेना और सामान्य जन में ऐसा सौहार्द और सहयोग देखकर मुझे पूरा भरोसा है कि भारत की सेनाओं पर कोई आंख उठाकर देखने का प्रयास करेगा तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास बदल जायेगा। सेना और सामान्य जन का ऐसा बढ़िया तालमेल वह भी बेहद विषम परिस्थितियों में सिर्फ इन्हीं नार्थ-ईस्ट राज्यों में ही मिल सकता है।

### उड़ान योजना की...

देश में ही एक राज्य से दूसरे राज्य जाना विदेश जाने के किराये से लगभग दोगुना दाम चुकाना पड़ रहा है। देश की राजधानी नयी दिल्ली से उत्तरी बिहार के शहर दरभंगा जाने के लिए यात्रियों को दुबई जाने के किराये से लगभग दोगुना दाम चुकाने पड़ रहे हैं। मंत्री संजय कुमार झा ने एयरलाइंस की उड़ान से संबंधित ट्वीट पर किराये की कॉपी शेयर करते हुए लिखा है कि दीवाली से पहले दिल्ली से दरभंगा की नॉन स्टॉप फ्लाइट का टिकट 21,420 रुपये में, जबकि दिल्ली से दुबई की नॉन स्टॉप फ्लाइट का टिकट सिर्फ 11,690 रुपये में मिल रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि उड़ान स्कीम की यह कैसी उड़ान है?





## न्यूज गैलरी

### पक्षी से टकराया विमान बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई (एजेंसी)।** अकासा एयर की फ्लाइट क्यूपी-1103 बेंगलुरू जाते समय एक पक्षी से टकरा गयी जिसके बाद प्लेन मुंबई एयरपोर्ट पर वापिस लौटा। आकाशा एयरलाइंस की फ्लाइट के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही वापस एयरपोर्ट लौटना पड़ा। दरअसल, विमान के केबिन में कुछ जलने की गंध आ रही थी, जिसके बाद पायलट द्वारा वापस लौटने का फैसला लिया गया। बता दें कि आकाशा एयरलाइंस की बोइंग मैक्स वीटी-वीईएई जब अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी तो विमान का इंजन सामान्य रूप से काम कर रहा था। लेकिन कुछ देर बाद केबिन से कुछ जलने की गंध आने लगी। जिसके बाद विमान को पौरन वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटना पड़ा। विमान मुंबई से बेंगलुरु जा रहा था। मुंबई में जांच के दौरान पता चला कि विमान से कोई पक्षी टकरा गया था। इंजन में पक्षी के अवशेष पाये गये हैं। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित बताये जा रहे हैं।

### माओवादी लिंक मामला : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा और अन्य को बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को शनिवार को निलंबित कर दिया। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को साईबाबा तथा अन्य को बरी किया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने साईबाबा के इस अनुरोध को भी खारिज कर दिया कि उनकी शारीरिक अक्षमता और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें घर में नजरबंद किया जाये। पीठ ने गैर-कामकाजी दिन भी इस मामले की सुनवाई की। पीठ ने मामले में साईबाबा समेत सभी आरोपियों की जेल से रिहाई पर रोक लगा दी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने साईबाबा, अन्य से उन्हें बरी करने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की अपील पर जवाब मांगा है। बंबई उच्च न्यायालय ने माओवादियों से कथित जुड़ाव के मामले में डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को गिरफ्तारी के करीब आठ साल बाद शुक्रवार को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत मामले में आरोपी के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी देने का आदेश कानून की दृष्टि से गलत एवं अवैध था। साईबाबा (52) शारीरिक अक्षमता के कारण व्हीलचेयर की मदद लेते हैं। वह अभी नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद है।

# एक हजार किमी की हुई भारत जोड़ो यात्रा, 38 दिनों से चल रहे पदयात्री

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा का शनिवार को 38वां दिन था। भारत जोड़ो यात्रा के एक हजार किलोमीटर का पड़ाव पूरा करने के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को कर्नाटक के बेल्लारी में एक जनसभा को संबोधित किया। शुक्रवार को हलकुंडी मठ में रात्रि विश्राम के बाद गांधी ने शनिवार को जिला मुख्यालय शहर बेल्लारी के कम्मा भवन पहुंचने के लिए फिर से पदयात्रा शुरू की। बेल्लारी के नगर निगम मैदान में उनकी जनसभा हुई। जनसभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अलावा सिद्धारमैया, कमलनाथ, रणदीप सिंह सुरजेवाला और दिग्विजय सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लगभग छह महीने का समय बचा होने के मद्देनजर कांग्रेस इस यात्रा से राज्य में बड़ी उम्मीद लगाये हुए है। बेल्लारी में



गांधी की जनसभा को पार्टी के व्यापक शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। बेल्लारी में कांग्रेस के दिग्गज नेता सिद्धारमैया ने 2010 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के तहत रेड्डी बंधुओं द्वारा कथित अवैध खनन के खिलाफ 320 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की थी। जी जनार्दन रेड्डी, करुणाकर रेड्डी और सोमशेखर रेड्डी के खिलाफ यह पदयात्रा निकाली गयी थी। भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व करते हुए गांधी अब तक चार राज्यों-तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से गुजर चुके हैं। शनिवार सुबह बेल्लारी में राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग कतारों में खड़े थे। इस दौरान उनका कारवां ढोल-नगाड़ों और नारों की गूंज के बीच आगे बढ़ा। यात्रा मार्ग पोस्टर, बैनर और कांग्रेस पार्टी के झंडों से पटा हुआ था। इस दौरान कई लोग गांधी से हाथ मिलाते, उनके गले लगते और उनसे बातचीत करते नजर आये। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने 30 सितम्बर को कर्नाटक में प्रवेश किया था।

## कोयला खदान में विस्फोट में 25 लोगों की मौत, 28 घायल



**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की की एक कोयला खदान में विस्फोट होने से 25 लोगों की मौत हो गयी। धमाके में 28 लोगों के घायल होने की खबर है। खदान में अभी भी 50 लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। होम मिनिस्टर सुलेमान सोयलू के मुताबिक घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और खदान में फंसे लोगों को जल्द निकाल लिया जायेगा। यह विस्फोट बार्टिन के अमासरा शहर में हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक खदानों में पायी जानेवाली ज्वलनशील गैसों के कारण यह धमाका हुआ होगा। जानकारी के मुताबिक जिस समय खदान में विस्फोट हुआ, उस समय खदान के अंदर 110 लोग मौजूद थे। हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गये।

# बाइडेन ने पाकिस्तान को दुनिया का सबसे खतरनाक देश बताया

❍ यूएस प्रेसिडेंट बोले- पाकिस्तान के पास बिना किसी निगरानी के हैं परमाणु हथियार

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पाकिस्तान को दुनिया का सबसे खतरनाक देश बताया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि मुझे लगता है कि शायद दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है पाकिस्तान। उनके पास बिना किसी निगरानी के परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के पास 160 परमाणु बम होने का अनुमान है। बाइडेन चीन और रूस के संबंध में अमेरिकी विदेश नीति के बारे में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिनपिंग एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिसे लगता है कि उनके पास बहुत सारी समस्याएं हैं। हम (अमेरिका) इसे कैसे संभालते हैं। रूस में जो हो रहा है उससे हम कैसे निपटेंगे...मुझे लगता है कि शायद दुनिया के सबसे खतरनाक



देशों में से एक पाकिस्तान है।

**पाकिस्तान को मदद देता है अमेरिका :** अमेरिका ने आठ सितम्बर को पाकिस्तान को एफ-16 फाइटर जेट के रख-रखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर, यानी 3,581 करोड़ देने की मंजूरी दी थी। ये पिछले चार साल में इस्लामाबाद को दी जानेवाली सबसे बड़ी सुरक्षा सहायता थी। बावजूद इसके बाइडेन का पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश बताने वाला बयान सामने आया है।

**परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर क्या है पाक की नीति :** पाकिस्तान की 'नो फर्स्ट यूज' परमाणु नीति नहीं है। यह केवल पाकिस्तान के हाई कमान पर निर्भर करता है कि उन्हें कब और किस स्थिति में परमाणु हमला करना है। 1999 में पाक विदेश मंत्री ने 'नो फर्स्ट यूज' वाली परमाणु पॉलिसी को नकारते हुए कहा था, 'हम अपने देश की सुरक्षा की दिशा में हर जरूरी हथियार का इस्तेमाल कभी भी कर सकते हैं।'

### भारत ने यूएस-पाकिस्तान संबंध पर उठाये थे सवाल

**भारतीय** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका और पाकिस्तान रिलेशन्स पर सवाल उठाये थे। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और पाकिस्तान के जो रिश्ते हैं, उनसे न ही कभी पाकिस्तान को फायदा हुआ है और न ही अमेरिका को। अब यूएस को इस बात पर चिंतन करना चाहिए कि यूएस को पाकिस्तान के साथ संबंध बरकरार रखने से क्या फायदा मिल रहा है। दोनों देशों के रिश्ते आनेवाले समय में कितने मजबूत और फायदेमंद हो सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए। स्वीडन के थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने (सिपरी रिपोर्ट 2020) की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन और पाकिस्तान के पास भारत से ज्यादा परमाणु हथियार हैं। मौजूदा वक्त में चीन के पास 320 और पाकिस्तान के पास 160 परमाणु हथियार हैं। भारत के पास 150 परमाणु हथियार हैं।

## केरल के राज्यपाल का फेसबुक अकाउंट हैक



**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का फेसबुक अकाउंट हैक कर लिया गया है। इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई है। बता दें, आरिफ मोहम्मद खान और पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली वाम सरकार के बीच संबंध कुछ खास नहीं हैं। दोनों के बीच विवाद अक्सर सुर्खियां बटोरता रहता है। कुछ माकपा नेताओं ने तो यहां तक कह दिया कि राज्यों में राज्यपाल के पदों की जरूरत नहीं है। विजयन सरकार का एक बड़ा समर्थन आधार है, खासकर साइबर दुनिया में। जो कोई भी सोशल मीडिया में सरकार की आलोचना करता है, उसे विजयन समर्थकों की तथाकथित साइबर विंग द्वारा निशाने पर लिया जाता है।

## गोवा : अचानक आया पानी का सैलाब और पुल को बहा ले गया



■ मौत के मुंह में फंसे थे 40 लोग, राज्य सरकार द्वारा तैनात जीवनरक्षकों ने बचाया

**पणजी (एजेंसी)।** दक्षिण गोवा में भारी बारिश से मंडोवी नदी का जलस्तर बढ़ने और उसके ऊपर बने एक पुल के बह जाने से दूधसागर झरने के पास फंसे कम से कम 40 पर्यटकों को राज्य सरकार द्वारा तैनात जीवनरक्षकों ने बचा लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। उक्त घटना शुक्रवार शाम की है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बचाव अभियान के लिए जीवनरक्षकों की सराहना की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंडोवी नदी का जलस्तर बढ़ने से उसके ऊपर बना पुल तेज बहाव में बह गया, जिस कारण कम से कम 40 पर्यटक दूधसागर झरने के पास फंस गये थे। उन्होंने कहा कि नदी के ऊपर पुल नहीं होने के कारण पर्यटक अपने आप नदी पार करने में सक्षम नहीं थे, लिहाजा राज्य सरकार द्वारा भेजे गये जीवनरक्षकों ने उन्हें वहां से सुरक्षित निकाला। मुख्यमंत्री सावंत ने एक ट्वीट में कहा कि भारी बारिश से जलस्तर बढ़ने के बाद पुल टूटने के कारण दूधसागर झरने के पास फंसे लगभग 40 पर्यटकों को जीवनरक्षकों ने बचा लिया।

## मछली बेचने वाले की खुली किस्मत, 70 लाख रुपये की लगी लॉटरी

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** अपने घर के संबंध में कर्ज अदायगी में चूक के लिए एक बैंक से कुर्की नोटिस मिलने के कुछ ही घंटों बाद केरल के एक मछली विक्रेता ने राज्य सरकार की 70 लाख रुपये की अक्षय लॉटरी जीतने पर राहत की सांस ली। पुकुंजू ने 12 अक्टूबर को अपने



दिन की शुरुआत हमेशा की तरह की और दिन में बेची जानेवाली मछली को इकट्ठा करने के लिए जाते समय उन्होंने अक्षय लॉटरी का टिकट खरीदा, जिसमें 70 लाख रुपये का पहला पुरस्कार था। पुकुंजू ने एक टेलीविजन चैनल को बताया कि जब वह दोपहर में घर लौटे तो उन्हें पता चला कि बैंक ने उनके घर के संबंध में कुर्की का नोटिस भेजा है, क्योंकि वह लगभग नौ लाख रुपये का ऋण चुका पाने में अक्षम थे। उनकी पत्नी ने चैनल को बताया कि बैंक से नोटिस मिलने के बाद हम निराशा में थे। हमें नहीं पता था कि क्या करना है। अपनी संपत्ति बेचनी है या नहीं। हमारे दो बच्चे हैं, एक लड़का और एक लड़की, जो पढ़ रहे हैं। पुकुंजू ने कहा कि बैंक ऋण के अलावा, मेरे पिता ने लॉटरी टिकट खरीदकर लगभग पांच लाख रुपये का कर्ज लिया था। जीत के साथ अपनी योजनाओं पर पुकुंजू की पत्नी ने कहा कि वे पहले अपने सभी कर्ज चुकायेंगे और फिर सुनिश्चित करेंगे कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें ताकि वे जीवन में एक अच्छे स्तर तक पहुंच सकें।






# बच्चे के जन्म के दो महीने बाद तक अवसादग्रस्त रहती है मां, तो देर से बोलेगा बच्चा

❍ देर से होगा उसका विकास, ध्यान रखें बच्चों के सामने क्या बोल रहे हैं, तब भी जब वे बोलना नहीं जानते हों

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन कॉग्निटिव एंड ब्रेन साइंसेज में हुए शोध में परिणाम में आया कि बच्चा शुरू से ही आवाजों में फर्क करने लगता है। यदि मां प्रसव के बाद अवसाद से ग्रस्त है तो इसका असर बच्चे के संपूर्ण विकास पर पड़ता है। इन हालात में पिता की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उसे बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना और उससे बात करना बहुत जरूरी हो जाता है। क्योंकि, उदास व अवसादग्रस्त मां की आवाज की टोन एक जैसी रहती है। ऐसे में बच्चा आवाजों में फर्क करना नहीं सीख पाता। आवाजों में फर्क करना बच्चों का वह प्रकृति प्रदत्त नैसर्गिक गुण है, जिसे मां का मूड ही विकसित कर पाता है। इन आवाजों के अंतर को समझते-समझते बच्चा शब्दों को समझने लगता है।

यदि मां खुश रहे और बच्चे से बात करे, तो बच्चा जल्दी भाषा सीखता है। एफयू बर्लिन में डेवलपमेंट इन चाइल्डहुड एंड एडोलेसेंस की प्रोफेसर गीजा सैद का इस बारे में कहना है कि जब मां खुश रहती है, तो आवाज में अलग-अलग टोन होती है। इस अंतर को बच्चा आसानी से समझ लेता है। यदि आवाजों में अंतर की प्रक्रिया में ज्यादा



देरी हो जाये, तो बच्चा बोलने के व्यतिक्रम या बीमारी से ग्रसित हो जाता है। प्रोफेसर गीजा सैद का कहना है, बच्चों के सामने क्या बोल रहे हैं ध्यान रखें। तब भी जब वे बोलना नहीं जानते हों। वे आवाजों को समझते हैं, और आपकी आवाज लंबे समय तक उनके जेहन में रह सकती है। तब भी जब उस आवाज के लिए उनके पास शब्द न हों। ये आवाजें ही बच्चे के लिए आगे चलकर भाषा बन जाती है। जैसी आवाजें सुनी होती हैं, वैसी ही भाषा होती जाती है।